राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



झारखंड के दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार की पत्नी से बातचीत करते विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी

• बोकारो, मंगलवार 8 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 114 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

# सीएम हेमंत सोरेन आज शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार सोनू के निधन के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आज 8 सितंबर को प्रस्तावित पश्चिमी सिंहभूम जिला के गुवा शहीद दिवस कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री अब गुवा बाजार स्थित शहीद स्थल पहुंचकर गुवा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वहीं गुवा मैदान में प्रस्तावित श्रद्धांजलि सभा, परिसंपत्तियों का वितरण समेत अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। चाईबासा के उपायुक्त की ओर से जारी संयुक्त आदेश के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोपहर 12:30 बजे रांची स्थित स्टेट हैंगर से हेलीकॉप्टर से गुवा के लिए रवाना होंगे। दोपहर 1 बजे वे गुवा सेल हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके बाद 1 बजकर 5 मिनट पर सड़क मार्ग से शहीद स्थल के लिए रवाना होंगे और 1:10 बजे गुवा बाजार स्थित शहीद स्थल पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री 1:20 बजे शहीद स्थल से रवाना होंगे। 1:25 बजे बिरसा चौक पहुंचकर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद 1:30 बजे सड़क मार्ग से सेल हेलीपैड के लिए रवाना होंगे। हेलीपैड पर निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इसके बाद 1:40 बजे मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से रांची के लिए रवाना होंगे। सुदिव्य कुमार सोनू के निधन के बाद मुख्यमंत्री का गुवा दौरा अब बड़े सार्वजनिक आयोजन के बजाय शहीदों को श्रद्धांजलि देने तक सीमित रहेगा। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गुवा सेल हेलीपैड से शहीद स्थल और बिरसा चौक तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है। प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। शहीद स्थल तथा मुख्यमंत्री के आवागमन वाले मार्ग पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

# साहिबगंज में लोगों के घरों में घुसा पानी, तीन पंचायतों में बिजली आपूर्ति ठप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** गंगा नदी का जलस्तर लगातार तेजी से बढ़ रहा है। दियारा क्षेत्र में बाढ़ का असर पूरी तरह से दिखने लगा है जिससे हजारों लोग पलायन करने को मजबूर हैं। ग्रामीण इलाकों में कई घर बाढ़ के पानी में डूब गए। वहीं दियारा क्षेत्र में बाढ़ के पानी में सड़क डूबने से संपर्क टूटने लगा है। इस बीच बिजली विभाग ने सुरक्षा के मद्देनजर सदर प्रखंड के तीन पंचायतों में बिजली आपूर्ति बंद कर दी है। जेई नील गगन ने बताया कि बाढ़ का पानी ट्रांसफार्मर तक पहुंच चुका है जिसके चलते किसन पंचायत, लालबथानी उत्तर व लालबथानी दक्षिण पंचायत में बिजली सेवा बंद कर दी गई है। बाढ़ का पानी घटने तक बिजली बाधित रहेगी। सोमवार की सुबह 28.32 मीटर तक जलस्तर मापा गया। केंद्रीय जल आयोग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार की सुबह तक 28.58 मीटर तक पहुंचने की संभावना है। पिछले साल 2025 में गंगा नदी का अधिकतम जलस्तर 28.70 मीटर पहुंचा था। बक्सर से लेकर फरक्का तक जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कुछ स्थानों पर जलस्तर में बढ़ोतरी है तो कहीं पानी घटने का संकेत है। बाढ़ का पानी अब शहरी क्षेत्र में भी घुसने लगा है। सबसे अधिक प्रभावित भरतिया कॉलोनी के लोग हुए हैं। बाढ़ में हर साल यह कॉलोनी डूब जाता है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए रैन बसेरा पर लोग पहुंचने लगे हैं। वहीं पशुपालक भी अपने मवेशी को लेकर शकुंतला सहाय घाट और मालगोदाम पहुंच रहे हैं। इस बीच, जिला प्रशासन ने कारगिल दियारा समेत बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया और लोगों के बीच राहत सामग्री बांटी। वहीं सदर एसडीओ अमर जॉन आईद ने बताया कि लगातार बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने की अपील की जा रही है।



## सुनसान घर से 41 लाख का डोडा बरामद



**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। लावालौंग थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लाखों रुपये का डोडा बरामद किया है। यह डोडा एक सुनसान घर में छिपाकर रखा गया था। इसकी कीमत 41 लाख रुपये बताई जा रही है और इसका वजन 272 किलो है। पुलिस के अनुसार इसे आगे सप्लाई करने की तैयारी थी। सदर एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने बताया कि चतरा के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के मुताबिक ग्राम सतीटांड़ से मरगड्डा की ओर जाने वाली सड़क के किनारे एक सुनसान मिट्टी के घर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ छिपाया गया था। एसपी के निर्देश पर लावालौंग थाना प्रभारी चंदन कुमार और सब इंस्पेक्टर विधायक प्रसाद यादव के नेतृत्व में सशस्त्र बल ने उस जगह छापेमारी की।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली तार की चपेट में आने से जंगली हाथी की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोमर गांव में रविवार देर रात एक जंगली हाथी की मौत हो गयी। बताया जाता है कि हाथी बिजली की तार के चपेट में आ गया था जिससे उसकी मौत हुई है। इस दौरान कुछ अन्य हाथियों को भी करंट से घायल होने की सूचना है। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अधेड़ का पत्थर बंधा शव मिला

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर प्रखंड के टोटो गांव में एक कुएं से 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। शव की पीठ पर पत्थर बंधा हुआ था। पुलिस ने सोमवार को सूचना मिलने पर शव को बरामद किया। टोटो थाना प्रभारी कुंदन कुमार और एसआई गफ्फार अंसारी ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा। मृतक की पहचान अर्जुन महली के रूप में हुई है।

### मुर्गी का दाना लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में रांची-पटना मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर एक ट्रक पलट गया। यह दुर्घटना एनएच 20 पर कोडरमा घाटी के जमसोती नाला के पास हुई। ट्रक में लदा मुर्गी का दाना सड़क पर बिखर गया। इस घटना में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। ट्रक चालक मोमिनुल इस्लाम ने बताया कि वह असम से मुर्गी का दाना लेकर बिहार जा रहा था। कोडरमा घाटी में जमसोती नाला के पास एक तीखे मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रक ने उसे चकमा दे दिया जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया।

### नवविवाहित युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांचों गांव में 22 वर्षीय नवविवाहित युवक रघुनाथ मछुआ की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। रघुनाथ की शादी करीब डेढ़ महीने पहले ही हुई थी। रविवार को घर में उसकी तबीयत बिगड़ गई। उस समय घर पर कोई नहीं था। जब तक घरवालों को पता चला तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे तत्काल चाईबासा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# जेएसएससी-सीजीएल नियुक्ति रद्द करने के सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर जेएसएससी-सीजीएल (विज्ञापन संख्या 10 /2023) से नियुक्त कर्मियों को हटाए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली निरोज एवं अन्य (245 कर्मियों) की याचिका पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा से जुड़ी नियुक्ति रद्द करने के सरकार के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही मामले में सरकार और जेएसएससी से 15 सितंबर तक जवाब मांगा है। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता दीपांकर एवं अधिवक्ता श्रेय मिश्रा ने पक्ष रखा। प्रार्थियों ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा नियुक्ति को रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश को चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि सीआईडी जांच में मिले तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने 18 अगस्त की देर रात उन सभी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी जिसमें टीडीपीएल शामिल रहा है। इसके अलावा वर्ष 2014 से हुई सभी नियुक्ति परीक्षाओं में संभावित अनियमितता के मद्देनजर जांच कराने की घोषणा भी की गयी थी। इन घोषणाओं के मद्देनजर कार्मिक प्रशासनिक विभाग ने परीक्षा रद्द करने, परीक्षा प्रक्रिया स्थगित करने और जांच कराने से संबंधित अधिसूचना जारी की है। इसमें 22 परीक्षाओं को रद्द करने, 6 की प्रक्रिया को स्थगित करने और 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में शामिल करने का उल्लेख किया गया है।

# 500 करोड़ का कारोबार करने के बाद 74 व्यापारी लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में निबंधित (रजिस्टर्ड) 74 व्यापारी 500 करोड़ रुपये का व्यापार कर अपने ठिकानों से लापता हो गये हैं। वाणिज्यकर की निगरानी शाखा द्वारा की गयी जांच के दौरान यह व्यापारी अपने पते पर नहीं पाये गये। कारोबार करने के बाद लापता होने वाले व्यापारियों की सबसे अधिक संख्या हजारीबाग वाणिज्यकर प्रमंडल से है। राज्य में व्यापारिक गतिविधियों के सहारे टैक्स की चोरी या गड़बड़ी पर नजर रखने के लिए मुख्यालय से प्रमंडल स्तर तक इंटेलीजेंस एंड रेवन्यू एनालायसिस यूनिट (आइआरएयू) बना हुआ है। आइआरएयू द्वारा व्यापारिक आंकड़ों का विश्लेषण के दौरान पांच करोड़ रुपये से अधिक का टर्नओवर वाले व्यापारियों के खिलाफ जांच का आदेश जारी किया जाता है। आइआरएयू द्वारा आंकड़ों के विश्लेषण के बाद प्रति सप्ताह दो के हिसाब से जांच के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया जाता है लेकिन अधिकारियों की कमी की वजह से इसमें से 50% व्यापारियों की ही जांच हो पाती है। आइआरएयू के विश्लेषण के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 624 व्यापारियों को संदेह के दायरे में शामिल करते हुए जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। हालांकि इसमें से 310 की जांच हुई। जांच के दौरान 41 व्यापारिक प्रतिष्ठान अपने पते पर नहीं मिले। यानी इन व्यापारियों ने फर्जी पता पर रजिस्ट्रेशन लेने के बाद व्यापार किया और फरार हो गये। इसी तरह चालू वित्तीय वर्ष (2026-27) के दौरान अब तक 276 व्यापारियों को संदेह के दायरे में शामिल किया गया। हालांकि इसमें से 142 की ही जांच हो सकी। जांच के दौरान इसमें से 33 व्यापारी अपने ठिकानों पर नहीं मिले। इस तरह पिछले वित्तीय वर्ष से लेकर अब तक कुल 77 व्यापारी कारोबार करने के बाद अपने-अपने ठिकानों से लापता हो गये। फरार होने वाले अधिकांश व्यापारी कोयला और छड़ स्क्रैप के कारोबार से संबंधित हैं। इन व्यापारियों द्वारा फर्जी दस्तावेज के सहारे रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर 500 करोड़ रुपये का कारोबार करने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार हजारीबाग वाणिज्यकर प्रमंडल से सबसे ज्यादा व्यापारी फरार हुए हैं। इस प्रमंडल से फरार होने वाले व्यापारियों की संख्या 27 है। इस मामले में दूसरा नंबर वाणिज्यकर के धनबाद प्रमंडल और तीसरे नंबर जमशेदपुर प्रमंडल का है। धनबाद वाणिज्यकर प्रमंडल से 21 और जमशेदपुर वाणिज्यकर प्रमंडल से 20 व्यापारी फरार हुए हैं। वर्ष 2025-26 से अब तक हुई जांच के दौरान वाणिज्यकर विभाग की निगरानी शाखा ने कुल 378 व्यापारिक प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान हर व्यापारिक प्रतिष्ठान में गड़बड़ी पायी गयी। टैक्स चुकाने में हुई गड़बड़ी की जांच पड़ताल के बाद इन व्यापारियों ने टैक्स के रूप में 130.06 करोड़ रुपये जमा कराये।

## रिटायर शिक्षक पर चलाई गोली, गिरफ्तार

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पदमा ओपी क्षेत्र में सेवानिवृत्त शिक्षक रामजय कुमार महथा पर गोली चलाने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से लोडेड इटालियन पिस्टल समेत हथियार, गोलियां और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरजपुर गली नंबर-01 निवासी कृष्णा महतो उर्फ महेश महतो के रूप में हुई है।

# सुदिव्य सोनू की अस्थियां बराकर में विसर्जित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन के बाद सोमवार को उनके पुत्र श्रेयश ने बराकर नदी में अपने पिता की अस्थियों का विसर्जन किया। परिवार के सदस्यों और करीबी लोगों की मौजूदगी में पूरे विधि-विधान के साथ अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गयी। इस दौरान माहौल भावुक रहा। अस्थियों को बराकर नदी में प्रवाहित करते समय श्रेयश भावुक नजर आये। परिवार के करीबी सदस्य और शुभचिंतक भी इस दौरान मौजूद रहे। धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गयी। नदी में अस्थियां प्रवाहित करने के साथ ही अंतिम संस्कार से जुड़ा एक महत्वपूर्ण धार्मिक संस्कार पूरा हुआ। बता दें कि सुदिव्य कुमार सोनू का आकस्मिक निधन रविवार को हुआ था। इसके बाद गिरिडीह स्थित उनके गृह क्षेत्र में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा और अंतिम दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक, पार्टी कार्यकर्ता और आम लोग मौजूद रहे। लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। सुदिव्य कुमार सोनू गिरिडीह से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक और राज्य सरकार में मंत्री थे। उनके निधन के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्रद्धांजलि दी गयी। सोमवार को बराकर नदी में अस्थि विसर्जन के साथ उनके अंतिम संस्कार की धार्मिक प्रक्रिया का एक और चरण पूरा हुआ।



# ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** जिले के पालोजोरी थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए असना मोड़ स्थित एक कपड़ा दुकान में छापेमारी कर 89 पुड़िया अवैध ब्राउन शुगर के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कपड़ा दुकान की आड़ में कथित रूप से नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री का कारोबार चलाया जा रहा था। कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। मजिस्ट्रेट सह बीडीओ-सह-सीओ पार्थ नंदन की मौजूदगी में पुलिस ने तीनों आरोपियों की तलाशी ली। इस दौरान कुल 89 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस के अनुसार महुआडाबर निवासी मुजफ्फर अंसारी के पास से 30 पुड़िया, बरदड्डा निवासी सफाउल अंसारी के पास से 29 पुड़िया और महुआडाबर निवासी सफरुल अंसारी के पास से 30 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई। देवघर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पालोजोरी पुलिस को क्षेत्र में मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने असना मोड़ स्थित सफाउल अंसारी की कपड़ा दुकान पर अचानक छापेमारी की। पुलिस को देखते ही दुकान के अंदर मौजूद तीनों आरोपियों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस बल ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में बीडीओ-सह-सीओ पार्थ नंदन, थाना प्रभारी संजय कुमार, एएसआई भागीरथ महतो तथा सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल रहे।



# झारखंड के शहरों में स्थापित होंगे एयर मॉनिटरिंग सिस्टम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के शहरी इलाकों में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने और हवा की गुणवत्ता जांचने के लिए 45 एयर मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित होंगे। इससे आम लोगों को अपने शहर की आबोहवा की सटीक जानकारी मिलेगी जिससे खराब हवा से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इसके जरिए शहर के अलग-अलग हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक और हवा में मौजूद हानिकारक तत्वों की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। इससे न केवल आम लोगों को अपने आसपास के पर्यावरण की सही स्थिति का पता चलेगा बल्कि प्रशासन को भी अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों (हॉटस्पॉट) की तुरंत पहचान करने में मदद मिलेगी। इन एयर मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए मुख्य रूप से पर्टिकुलेट मैटर, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे खतरनाक प्रदूषकों की निगरानी की जाएगी। पीएम 2.5 और पीएम 10 धूल और धुएं के वे सूक्ष्म कण होते हैं जो सांस के जरिए सीधे फेफड़ों और रक्तप्रवाह तक पहुंच जाते हैं। इनकी अधिकता से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और हृदय संबंधी गंभीर बीमारियां होती हैं। शहरों के तेजी से हो रहे विकास और वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण हवा में धूल और धुएं का स्तर कई बार खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। ऐसे में यह एयर मॉनिटरिंग सिस्टम एक चेतावनी प्रणाली के रूप में काम करेगा। सटीक डेटा मिलने से प्रशासन धूल और धुएं पर नियंत्रण पाने के लिए तुरंत कदम उठा सकेगा। यह कदम शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में लगातार बढ़ते प्रदूषण का सीधा असर आम जनता के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है जिसे देखते हुए इन मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना को प्राथमिकता दी जा रही है।



Reg No. JHENG/25/A4874
Another Launching from
NAVBIHAR TIMES GROUP
THE EASTERN VOICE
'English Daily Newspaper
Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand
Email Id-theeasternv@gmail.com
Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (Bihar Jharkhand)
Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)
Contact:- 6206165107, 7295863300

# सांसद खेल महोत्सव के तहत बरही में आज से शुरू होगा नॉकआउट फुटबॉल मुकाबला

## नमो फुटबॉल 2026 में छह दिनों तक भिड़ेंगी टीमें, सांसद मनीष जायसवाल व विधायक मनोज कुमार यादव होंगे मुख्य अतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल 2026 प्रतियोगिता के नॉकआउट मुकाबलों का आयोजन कल, 8 सितंबर से 13 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। बरही प्रखण्ड मैदान में आयोजित होने वाले इस फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों की फुटबॉल टीमें नॉकआउट मुकाबलों में अपना दमखम दिखाएंगी। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक मनोज कुमार यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए खेल समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं। 8 सितंबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक अम्बेडकर क्लब बाराटांड़ बनाम एफसी बुल इलेवन छोटकी केवाल तथा 3 से 4 बजे तक आर्मी क्लब करगंयी बनाम शिव शक्ति क्लब पुरहरा के बीच मुकाबला होगा। 9 सितंबर को चार मैच होंगे। 1 से 2 बजे तक जवाहर क्लब जरहिया बनाम बिरसा क्लब रामुबेड़ा, 2 से 3 बजे तक बरहीडीह बनाम करियातपुर, 3 से 4 बजे तक राओ मो विटू बुंडू बनाम प्रिन्स क्लब केवाल तथा 4 से 5 बजे तक शेर क्लब खेरौन बनाम गाड़ीडीह कोल्हाकला आमने-सामने होंगे। 10 सितंबर को 1 से 2 बजे तक जेएचजी कोल्हाकला बनाम लायन्स क्लब डुमरडीह, 2 से 3 बजे तक एबीसीएन स्टील अलखडीहा बनाम लायन्स क्लब पंचमाधव, 3 से 4 बजे तक धोबीघाटांड बनाम नवयुवक क्लब खुर्दजवार तथा 4 से 5 बजे तक नवयुवक क्लब बड़ियाजाड़ बनाम युवा क्लब अमरुतवा के बीच मुकाबला होगा। 11 सितंबर को 1 से 2 बजे तक वाईवीसी देवचंदा बनाम झारखण्ड फुटबॉल पंचमाधव, 2 से 3 बजे तक चलंगा बनाम धनवार, 3 से 4 बजे तक कृष्णा क्लब केदारस्त बनाम नवयुवक क्लब करसो तथा 4 से 5 बजे तक राजपुताना क्लब कटिऔन बनाम बुधीडीह की टीमें भिड़ेंगी। 12 सितंबर को 1 से 2 बजे तक औरपरता बनाम जागृति क्लब कजरा, 2 से 3 बजे तक प्रिन्स क्लब छोटकी केवाल बनाम युवा शान क्लब पोड़ैया, 3 से 4 बजे तक कोनरा बनाम बाराडीह कोल्हाकला तथा 4 से 5 बजे तक कुटमा बनाम बेलहारा के बीच मुकाबला होगा। वहीं 13 सितंबर को प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण के मुकाबलों में 1 से 2 बजे तक डपोक बनाम युवा क्लब बेहराबाद, 2 से 3 बजे तक हरला बनाम चाँद क्लब लकरी, 3 से 4 बजे तक आईवाईसी भण्डारी बनाम युवा क्लब बुंडू तथा 4 से 5 बजे तक तूफान क्लब धोबिया डीह बनाम गौरिया करमा के बीच मैच खेला जाएगा। सांसद खेल महोत्सव के इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष बलराम केसरी, उपाध्यक्ष विजय यादव, नागेश्वर रजक, मुन्ना यादव, सचिव रोशन राणा, संयुक्त सचिव पिंटू ठाकुर, कोषाध्यक्ष शुभांशु कुमार दुबे, सह कोषाध्यक्ष सचिन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इसके अलावा संरक्षक जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी, गुरुदेव गुप्ता, मोतीलाल चौधरी, आकाश जायसवाल समेत आयोजन से जुड़े अन्य लोग तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। आयोजन में प्रवेशकर्ता रौशन राणा, संजय कुमार, रंजीत सिंह, मुन्ना यादव एवं सचिन कुमार भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबलों के साथ स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा। आयोजकों ने बरहीवासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक लोग नमो नॉक आउट फुटबॉल मैच में भाग लें।

## सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर वार्ड पार्षद नीलम झा ने जताया गहरा शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री सह गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन से पूरे गिरिडीह में शोक की लहर है। उनके निधन को लेकर वार्ड पार्षद नीलम झा, वार्ड संख्या 14, गिरिडीह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। नीलम झा ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असमय निधन झारखंड और गिरिडीह के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके जाने से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसकी भरपाई आसान नहीं होगी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि परमात्मा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। गौरतलब है कि सुदिव्य कुमार सोनू के निधन के बाद गिरिडीह में लगातार राजनीतिक, सामाजिक एवं विभिन्न संगठनों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

## 24 घंटे में रिटायर शिक्षक पर गोली चलाने के मामले का उद्भेदन, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** पदमा ओपी क्षेत्र में रिटायर शिक्षक रामजय कुमार महथा पर गोली चलाने के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 6 सितंबर की सुबह करीब 8:30 बजे रामजय कुमार महथा शेविंग कराने के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार अपराधकर्मियों ने उन पर दो राउंड फायरिंग कर दी। गोली लगने से रामजय कुमार महथा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में भर्ती कराया गया। घटना के बाद बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम जिहु में छापेमारी की। पुलिस ने कृष्णा महतो उर्फ महेश महतो, पिता जगदीश महतो, ग्राम सुरजपुरा गली नंबर-01, थाना पदमा ओपी को उसकी बहन यशोदा देवी के घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के पास से फायर किया हुआ लोडेड इटालियन पिस्टल, आठ जिंदा गोलियां, दो मिस फायर गोलियां, दो खोखे, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि रिटायर शिक्षक रामजय कुमार महथा के साथ उसका पूर्व से आपसी विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण बदला लेने की नीयत से उसने 6 सितंबर को घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार कृष्णा महतो उर्फ महेश महतो का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ



पदमा, सरायकेला आरआईटी सहित अन्य थाना क्षेत्रों में चोरी, हत्या के प्रयास, रंगदारी समेत विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं। इस त्वरित कार्रवाई में बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर, पुलिस निरीक्षक बरही अंचल अनिल कुमार, पदमा ओपी प्रभारी पु०अ०नि० श्रवण कुमार, पु०अ०नि० आलोक कुमार सोरेन, पु०अ०नि० संदीप कुमार, पदमा ओपी के सशस्त्र बल तथा तकनीकी शाखा और संगठित अपराध शाखा के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने कहा कि घटना के 24 घंटे के भीतर मामले का उद्भेदन कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड संख्या चार और पांच साहेब नगर गांव के दो हजार परिवार बाढ़ से प्रभावित

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कारीकोसी बांध के अंदर बसे साहेबनगर पंचायत के वार्ड संख्या चार और पांच साहेबनगर गांव में विगत दस दिनों से बाढ़ का पानी घर में प्रवेश कर गया हैं। बाढ़ का पानी आने से दो हजार परिवार बाढ़ के पानी से प्रभावित हो गए हैं। इस मौके पर मुखिया मरजीना खातून,प्रतिनिधि मोहम्मद तज्जमुल हक ने बताया कि कारी कोसी नदी का पानी बांध के अंदर बसे दो हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इनका खेत का सभी फसल डूब गया हैं,जबकि गांव के चारों ओर से सभी के घर आंगन में पानी प्रवेश कर गया हैं,लोग मचान पर जिंदगी काट रहे हैं,कई लोग अपना घर छोड़कर ऊंचे स्थल में आ गए हैं। पीड़ित नाव पर सवार होकर अपना घर देखने आते हैं। बाढ़ पीड़ित के लिए एक सरकारी नाव चल रहा हैं जबकि और तीन नाव चाहिए । बाढ़ पीड़ित के बीच सामुदायिक किचन चलना चाहिए, सुखा राशन चाहिए,साथ-साथ सभी के खाते में जीआर की राशि भी जाना चाहिए। वहीं सरपंच तजकेरा खातून,प्रतिनिधि अफजल हुसैन ने कहा कि बाढ़ से लोगों का जीवन यापन पर काफी परेशानी हुआ हैं,लोग घर बार को छोड़कर बांध पर शरण लिए हैं । अंचल के द्वारा मात्र एक ही नाव दिया गया हैं। एक नाव से बांध आने में काफी परेशानी हो रही हैं,और तीन नाव गांव में दिया जाए, साथ-साथ सामुदायिक किचन चलाया जाए। बाढ़ पीड़ित के घरों में चूल्हा नहीं चल रहा हैं लोग चूड़ा मुड़ी खाकर जी रहे हैं। इस अवसर पर वार्ड सदस्य मोहम्मद मन्नान,डबलू सहनी आदि उपस्थित थे।

### बलरामपुर में संसदीय क्षेत्र विकास समिति की बैठक

**बलरामपुर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संसदीय क्षेत्र विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कटिहार सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने की। बैठक में कांग्रेस पार्टी से जुड़े बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के स्थानीय बुद्धिजीवी शामिल हुए। बैठक के दौरान क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की जमीनी स्थिति और आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अब्दुल कादिर को बलरामपुर विधानसभा का संयोजक मनोनीत किया गया। कार्यकताओं एवं समिति के सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक को संबोधित करते हुए कटिहार सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि कटिहार सांसद तारिक अनवर द्वारा संसदीय क्षेत्र विकास समिति का गठन किया गया है। मौके पर नगीना प्रसाद यादव,शाहनवाज, हसनैन, मोहम्मद शकलेन, मोहम्मद असगर, हबीबुर रहमान, कैशरे हिन्द, मोहम्मद यासुब, आफताब ताज, फैजान अहमद, राजकुमार दास, नैयर आलम, मोहम्मद जावेद नज्जू, मोहम्मद हसनैन करणपुर पंचायत, नसीउल हक, मोहम्मद कासीम, आसीफ इकबाल, उनवर नदवी, मोहम्मद नसरुल सहित कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मटका फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के विजयधारी हनुमान मंदिर मरंगी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीसीसी क्लब के द्वारा श्री कृष्ण अष्टमी के शुभ अवसर पर विजयधारी हनुमान मंदिर मरंगी परिसर में राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ किया गया। वहीं रविवार की दोपहर को मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां पर आसपास के इलाकों के युवाओं ने मटका फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया एवं मटका को फोड़ कर प्रतियोगिता अपने नाम किया। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी कटिहार अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान भी पूजा के साथ मटका फोड़ प्रतियोगिता में उपस्थित रहकर बीसीसी क्लब के टीम का हौसला अफजाई किया। वहीं पूर्व के जिला परिषद प्रत्याशी कंचनमाला देवी ने भी पूजा अर्चना की। वहीं राधा कृष्ण की प्रतिमा का विसर्जन देर संध्या प्रखंड मुख्यालय मनसाही अवस्थित कजरा कुंडी धार में किया गया। इस अवसर पर बीसीसी क्लब विजयधारी हनुमान मंदिर मरंगी के सदस्य योगेश पासवान,बिमल पासवान, किशन पासवान, राहुल पासवान, मनीष पासवान, सूरज पासवान,बंटी पासवान, सुजीत पासवान, करण पासवान, मोनू पासवान, अमित पासवान, अमरनाथ पासवान, राज पासवान, सहदेव पासवान, कन्हैया पासवान, रणजीत यादव, भोला पासवान, नंदू पासवान, राम कुमार साह, पप्पू स्वर्णकार, मदन पासवान, आनंद कुमार पासवान,सूरज कुमार पासवान आदि उपस्थित रहे।

# मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की धर्मपत्नी से मिले भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, जताई गहरी संवेदना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** झारखंड सरकार के दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन से शोकाकुल परिवार से मिलने सोमवार को भावनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव गिरिडीह पहुंचे। उन्होंने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की धर्मपत्नी से मुलाकात कर अपनी गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू बहुत ही



अच्छे विचारों वाले व्यक्ति थे। उनका असमय निधन अत्यंत दुःखद है। उनके निधन से झारखंड और गिरिडीह को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस कठिन और दुःख की घड़ी में वे शोकाकुल परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# बराकर नदी में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की अस्थियां विधि-विधान से विसर्जित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू की अस्थियों का सोमवार को बराकर नदी में पूरे विधि विधान और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जन किया गया। मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच संपन्न हुई इस प्रक्रिया के दौरान परिजन, करीबी रिश्तेदार एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। बराकर नदी का तट इस दौरान बेहद गमगीन नजर आया। अपने प्रिय नेता की अंतिम धार्मिक विदाई के मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम थीं। परिजनों और शुभचिंतकों ने सुदिव्य कुमार सोनू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सुदिव्य सोनू के असामयिक निधन से गिरिडीह ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में शोक की लहर है। अंतिम संस्कार के बाद अस्थि विसर्जन के साथ उन्हें धार्मिक परंपराओं के अनुसार अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर लोगों ने उनके जनसेवा, संघर्ष, सरल व्यक्तित्व और गिरिडीह के विकास में योगदान को याद किया। बराकर नदी का तट उस भावुक पल का साक्षी बना, जब परिजनों और अपनों ने नम आंखों से अपने प्रिय जननेता को अंतिम विदाई दी। श्रद्धा से झुके सिर, नम आंखें और दिल में अपार सम्मान—गिरिडीह ने अपने लोकप्रिय जननेता सुदिव्य कुमार सोनू को एक बार फिर भावपूर्ण विदाई दी।

# खंडोली डैम में बोट पलटी, पांच सैलानी बाल-बाल बचे

## लाइफ जैकेट ने बचाई जान, पुलिस ने बोट संचालन पर लगाई रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** खंडोली डैम में रविवार की शाम बड़ा हादसा टल गया। पश्चिम बंगाल से घूमने आए पांच सैलानियों को लेकर लौट रही एक बोट घाट पर लगने के दौरान अचानक पलट गई। बोट में सवार तीन महिलाएं और दो पुरुष पानी में गिर गए। हालांकि सभी सैलानियों ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी, जिससे उनकी जान बच गई। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बताया जाता है कि पश्चिम बंगाल से पांच सैलानी रविवार को खंडोली घूमने पहुंचे थे। शाम करीब तीन बजे सभी सैलानी खंडोली डैम के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए मो. फहीम द्वारा संचालित आठ सीटर बोट पर सवार हुए। डैम में भ्रमण कराने के बाद जब बोट वापस घाट पर पहुंची और उसे किनारे लगाया जा रहा था, तभी अचानक बोट पलट गई। बोट पर सवार सभी पांच सैलानी पानी में गिर पड़े। घटना के बाद घाट पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि सभी ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी, इसलिए स्थिति गंभीर नहीं हुई। बोट कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए पानी में गिरे सभी सैलानियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पानी में गिरने के कारण सभी के कपड़े भीग गए, लेकिन किसी को चोट नहीं लगी। बोट संचालक मो. फहीम ने बताया कि आठ सीटर बोट में पांच सैलानी सवार थे। डैम का भ्रमण कराने के बाद बोट को घाट पर लगाया जा रहा था और सैलानी उतरने ही वाले थे, इसी दौरान बोट अचानक पलट गई। उन्होंने बताया कि सभी सैलानी सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं लगी है। पुलिस ने बोट संचालन पर लगाई रोक घटना की सूचना मिलते ही बेंगाबाद पुलिस खंडोली डैम पहुंची और मामले की जानकारी ली। एहतियात के तौर पर पुलिस ने मो. फहीम के बोट संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि खंडोली डैम में बोट पलटने की यह पहली घटना है। घटना के बाद बोट संचालन की सुरक्षा व्यवस्था और मानकों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।



# सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सह गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन से गिरिडीह सहित पूरे जिले में शोक की लहर है। उनके निधन पर सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गिरिडीह में शोकसभा आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्थान परिसर में आयोजित शोकसभा में सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक विजय सिंह ने कहा कि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का आकस्मिक निधन झारखंड, विशेषकर गिरिडीह जिले के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू एक कुशल प्रशासक होने के साथ शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शी सोच रखने वाले जनप्रतिनिधि थे। विजय सिंह ने कहा कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री के रूप में तकनीकी शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जोड़ने की दिशा में उनके प्रयास सदैव याद किए जाएंगे।



# मंत्री के आकस्मिक निधन पर डीएवी सीसीएल में शोकसभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के नगर विकास, पर्यटन, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी मंत्री तथा गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार ह्यसोनूह्न के आकस्मिक निधन पर डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह में सोमवार को शोकसभा आयोजित की गई। विद्यालय परिसर में गमगीन माहौल के बीच पूरे विद्यालय परिवार ने नम आंखों से दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की क शोकसभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने कहा कि सुदीव्य कुमार ह्यसोनूह्न के असामयिक निधन से गिरिडीह ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड ने एक निष्ठावान, समर्पित और विकास के प्रति प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि को खो दिया है। उनका निधन समाज और प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके व्यक्तित्व, कार्यशैली और जनसेवा को सदैव स्मरण किया जाता रहेगा। प्राचार्य ने कहा कि इस दुखद अवसर पर देश के अन्य हिस्सों से सामने आई हृदयविदारक घटनाओं ने भी सभी को व्यथित किया। राजधानी में एक पीजी भवन गिरने से बच्चों समेत कई लोगों की मृत्यु की सूचना पर भी विद्यालय परिवार ने गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जन्माष्टमी पर अमर सीएसआइ फॉउडेशन में गूंजी बच्चों की मुस्कान, प्रतिभा और आत्मविश्वास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अमर सीएसआइ फॉउडेशन द्वारा ऑटिज्म एवं स्पेशल नीड्स वाले बच्चों के लिए विशेष जन्माष्टमी समूह चिकित्सा एवं उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन बच्चों के लिए केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता और समग्र विकास को बढ़ावा देने का एक सुंदर प्रयास रहा। यह विशेष कार्यक्रम अमर सीएसआइ फॉउडेशन जो खाजपुरा, बेली रोड, मौर्या पथ, पटना में स्थित है, के निदेशक डॉ. विभास कुमार एवं डॉ. नीसा कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रार्थना एवं आरती, रैंप वॉक, नृत्य, फ्रीज गतिविधि, वेशभूषा प्रदर्शन, मुकुट सजावट, मटकी फोड़, ग्लास पिरामिड प्रतियोगिता सहित कई रचनात्मक एवं



चिकित्सीय गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों की मेहनत और सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें पुरस्कार एवं प्रशंसा से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुछ बच्चों के अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि नियमित चिकित्सा, सही मार्गदर्शन, परिवार का सहयोग और निरंतर प्रयास बच्चों के विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रगति और सफलता की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा कीं। डॉ. विभास कुमार एवं डॉ. नीसा कुमारी ने कहा कि स्पेशल नीड्स वाले बच्चों के लिए इस प्रकार के सामूहिक कार्यक्रम सामाजिक मेल-जोल, संवाद क्षमता, आत्मविश्वास, शारीरिक कौशल, रचनात्मकता और भावनात्मक विकास को बढ़ावा देते हैं। हर बच्चे में प्रतिभा होती है, जरूरत केवल उन्हें पहचानने, सही दिशा देने और निरंतर प्रोत्साहित करने की है। उन्होंने बताया कि अमर सीएसआइ फॉउडेशन ऑटिज्म एवं स्पेशल नीड्स वाले बच्चों के लिए उनकी जरूरत और क्षमता के अनुसार समग्र विकास पर कार्य करने का प्रयास करता है। यहां ऑक्यूपेशनल थेरेपी, सेंसरी इंटीग्रेशन थेरेपी, स्पीच थेरेपी, स्पेशल एजुकेशन, बिहेवियर थेरेपी एवं फिजियोथेरेपी जैसी सेवाओं के माध्यम से बच्चों की विभिन्न डेवलपमेंटल नीड्स पर काम किया जाता है।

# सुदिव्य कुमार सोनू को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** झारखंड के नगर विकास एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सह गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के असामयिक निधन से पूरा गिरिडीह शोक में डूबा है। उनके निधन पर सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंत्री के सम्मान में विद्यालय में पठन-पाठन पूरी तरह बंद रखा गया। विद्यालय परिसर में आयोजित शोकसभा में आचार्य बंधुओं, दीदी जी एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बताया गया कि शनिवार देर रात हृदय गति रुकने से 56 वर्षीय सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह के मर्सी हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। उनके निधन से राजनीतिक, सामाजिक और शिक्षा जगत में शोक की लहर है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का निधन झारखंड की राजनीति और शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वे मिलनसार स्वभाव के साथ विकास के प्रति समर्पित जननेता थे। उनके योगदान और व्यक्तित्व को लंबे समय तक याद किया जाएगा। विद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. ब्रजेश बर्णवाल ने बताया कि शोकसभा में सभी ने दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# अखंड भारत संकल्प दिवस पर सैकड़ों लोगों ने लिया राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** हिंदू जागरण मंच, गिरिडीह जिला के तत्वावधान में रविवार को देवरी प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित हनुमान मंदिर परिसर में अखंड भारत संकल्प दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों राष्ट्रप्रेमी नागरिकों, कार्यकताओं, मातृशक्ति एवं गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवरी के जिला परिषद सदस्य विनय कुमार शर्मा ने किया। मंच संचालन संतोष राय ने किया। उन्होंने अखंड भारत की संकल्पना, राष्ट्र की एकता अखंडता और सामाजिक जागरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम शर्मा ने अपने संबोधन में सामाजिक जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकता जैसे विषयों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में कपिलदेव राय, अधिवक्ता रंजन कुमार सिंह, अमित तिवारी, कृष्ण मुरारी तिवारी, रंजीत कुमार, सच्चिदानंद, सतनारायण, अजय, दिवाकर, अमित, बबलू राणा, राजेंद्र राम, प्रवीण राय, शिवलाल, चंद्रशेखर, उदय सिंह, अजय सिंह, दीपक, विकास कुमार, संतोष, संजय कुमार सिंह, दिलीप पंडित एवं मधुसूदन चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मंडल भाजपा सांसद प्रतिनिधि अविनाश राय एवं विनय राय सहित विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यकताओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को मजबूत करने तथा समाज में जागरूकता एवं संगठन की भावना को बढ़ाने का संकल्प लिया। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी से पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन ह्लवंदे मातरम्ह्व और ह्लभारत माता की जयह्व के उद्घोष के साथ हुआ। हिंदू जागरण मंच के जिला पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी कार्यकताओं एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### रामगढ़ कोर्ट का बड़ा फैसला, मुआवजा नहीं चुकाने पर इंश्योरेंस कंपनी का कार्यालय अटैच

**रामगढ़।** जिला मेन रोड स्थित न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कार्यालय में सोमवार को न्यायालय के आदेश पर अटैचमेंट की कार्रवाई शुरू की गई। न्यायालय के कर्मचारी और संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्यालय में मौजूद चल संपत्तियों को चिह्नित कर अटैच करने की प्रक्रिया शुरू की। अचानक हुई कार्रवाई से कार्यालय में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। रामगढ़ सिविल कोर्ट ने कंपनी की रामगढ़ शाखा की चल संपत्तियों की अटैचमेंट के लिए वारंट जारी किया है।
यह मामला सुगिया देवी एवं अन्य बनाम न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से संबंधित है। मामला निष्पादन मामला संख्या. 04 ऑफ 2026 के तहत दर्ज है। रामगढ़ के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने 22 अगस्त 2026 को अटैचमेंट का वारंट जारी किया था। इसके तहत सोमवार को न्यायालय की ओर से कार्रवाई की गई। मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किए जाने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कंपनी की शाखा की संपत्तियों को अटैच करने की प्रक्रिया शुरू हुई।

### छात्रों के मुद्दे पर 8 से 11 सितंबर तक भाजपा का राज्यव्यापी आंदोलन

**रांची।** छात्रों के आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने और जेपीएससी-जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में अनियमितता की सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा 8 से 11 सितंबर तक राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। इस दौरान 24 जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर डीसी एवं एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। आंदोलन की शुरुआत 8 सितंबर को रांची, दुमका, हजारीबाग, जमशेदपुर और गढ़वा से होगी। रांची समाहरणालय के समक्ष होने वाले प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू शामिल होंगे। दुमका में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, हजारीबाग में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और गढ़वा में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ नेतृत्व करेंगे। प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने बताया कि विभिन्न जिलों के लिए प्रमुख नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। आदित्य साहू 8 सितंबर को रांची, 9 को सरायकेला और 11 को खूंटी में रहेंगे। बाबूलाल मरांडी दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा में क्रमशः 8, 9, 10 और 11 सितंबर को शामिल होंगे। रघुवर दास 8 को हजारीबाग, 10 को धनबाद और 11 को लोहरदगा, जबकि मधु कोड़ा 8 को जमशेदपुर, 9 को बोकारो और 11 को रामगढ़ में शामिल होंगे। समीर उरांव 9 को सिमडेगा, 10 को गुमला-चाईबासा और 11 को गिरिडीह में रहेंगे। संजय सेठ 8 सितंबर को गढ़वा, रवींद्र राय 10 को चतरा और 11 को जामताड़ा, दीपक प्रकाश 9 को पलामू और 10 को लातेहार, नवीन जायसवाल 9 को कोडरमा और नीरा यादव 11 सितंबर को देवघर के कार्यक्रम में शामिल होंगी।

### अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को कुचला, मौत

**बिक्रम।** पटना जिले के रानीतालाब थाना क्षेत्र में एनएच-139 पर लखार गांव के समीप रविवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान चिहुंटा गांव निवासी टूटू कुमार उर्फ टून्नू मांझी (24) के रूप में हुई है। वह राजेश्वर मांझी का पुत्र था। बताया जाता है कि रविवार देर रात वह साइकिल से लखार गांव के पास एनएच-139 से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन युवक को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। हादसे में युवक का शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रानीतालाब थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

# हाथियों के आतंक के बीच बाघ की दस्तक गढ़वा में दहशत, कई मवेशियों का शिकार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में हाथियों के बाद अब बाघ की भी दस्तक से दहशत बढ़ गई है। जिले के जंगली इलाकों में बाघ ने आधा दर्जन से अधिक पशुओं को अपना शिकार बना लिया है। वहीं, पिछले चार दिनों में जंगली हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। रंका, भंडरिया, चिनिया, बरगढ़ और रमकंडा के जंगलों में बाघ और हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन विभाग ने बाघ की मौजूदगी की पुष्टि करते हुए लोगों को सतर्क रहने और सुबह-शाम जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की है। रंका के ढेगुरा जंगल में बाघ ने तीन बकरियों और एक बछड़े को मार डाला। इससे पहले भंडरिया इलाके में भी पशुओं के शिकार की सूचना मिली थी। जंगल में बाघ के पगमार्क मिलने के बाद वन विभाग अलर्ट मोड पर है। ग्रामीणों का दावा है कि मिले निशान सामान्य जंगली जानवरों के पदचिह्न से अलग हैं। इसके बाद इलाके में बाघ की मौजूदगी को लेकर आशंका और बढ़ गई। मामले को लेकर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी एबीन बेनी अब्राहम ने बताया कि भंडरिया और बलीगढ़ क्षेत्र से भी बाघ की मौजूदगी की सूचना मिली है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में सर्च अभियान चला रही है। डीएफओ ने बाघ की मौजूदगी की पुष्टि करते हुए कहा कि मिले पगमार्क बाघ के ही हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे सुबह और शाम के समय जंगल की ओर न जाएं और विशेष सतर्कता बरतें। फिलहाल वन विभाग की टीम पूरे इलाके की निगरानी कर रही है। एक तरफ जंगल में बाघ की दस्तक से ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है, तो दूसरी तरफ जंगली हाथियों के झुंड ने भी लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। पिछले चार दिनों में रंका और चिनिया इलाके में जंगली हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो चुकी है। हाथियों ने दोनों लोगों को पैरों तले कुचलकर मार डाला। घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश देखने को मिला और लोगों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर कब तक वे जंगली जानवरों के हमले का शिकार होते रहेंगे। वहीं, डीएफओ ने बताया कि दोनों मौतों की जानकारी वन विभाग को मिली और दोनों मामलों में पीड़ित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने एक बार फिर लोगों से अपील की कि शाम के बाद और अहले सुबह जंगल की ओर न जाएं। वन विभाग का कहना है कि जंगल का अपना प्राकृतिक स्वरूप और पारिस्थितिकी तंत्र होता है। जहां जंगल होगा, वहां पशु-पक्षियों की मौजूदगी भी होगी। बाघ राष्ट्रीय पशु है, वहीं हाथी भी जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे में वन विभाग का जोर लोगों को जागरूक करने और इंसान तथा वन्यजीवों के बीच संघर्ष को कम करने पर है। विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और वन क्षेत्र में अनावश्यक रूप से नहीं जाने की अपील की है।

# हेल्थ चेकअप कराने रिम्स पहुंचें वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग में अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। अपनी धर्मपत्नी के साथ रिम्स में स्वास्थ्य जांच कराने के बाद राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि कल की घटना की वजह से नहीं बल्कि उनका संदेश है कि जो भी लोग 50 वर्ष से अधिक उम्र के हैं, उन्हें वर्ष में एक बार कंप्लीट चेकअप जरूर कराना चाहिए। रिम्स के कार्डियो विभाग के डॉ. प्रशांत कुमार ने मंत्री राधाकृष्ण किशोर के स्वास्थ्य की जांच की। अस्पताल पहुंचने के बाद मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मैं प्रयास करता हूं कि नियमित मेरी हेल्थ जांच होती रहे ताकि मैं दुरुस्त रहूं। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी भी और पत्नी की भी स्वास्थ्य जांच कराई है। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सुझाव देते हुए कहा कि जिस व्यक्ति की उम्र 50 या उससे अधिक हो गई हो, उन्हें अपना रेगुलर मेडिकल चेकअप जरूर कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि कल सहयोगी मंत्री के साथ घटी घटना के बाद वह हेल्थ चेकअप कराने पहुंचे हैं। बल्कि मैं रेगुलर चेकअप करवाता हूं। वित्त मंत्री के स्वास्थ्य की जांच करने वाले करने डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि मंत्री जी का इसीजी और इसीओ किया गया वह बिलकुल नॉर्मल है।

# बोकारो में मिड डे मील पर बड़ा सवाल, स्कूल में 11 अगस्त से भोजन बंद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन यानी मिड डे मील को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। चास नगर निगम क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कमलडीह में स्कूल प्रबंधन की ओर से 11 अगस्त से मिड डे मील बंद होने की सूचना दी गई है। सूचना बोर्ड पर बकायदा इसकी जानकारी लिखी गई है। भोजन बंद होने के बाद बच्चों को स्कूल से घर जाकर खाना खाने की परेशानी उठानी पड़ रही है।
मामला सामने आने के बाद जब इसकी पड़ताल की गई तो विद्यालय में मिड डे मील बंद होने की जानकारी मिली। वहीं, इस पूरे मामले को लेकर जिला शिक्षा विभाग का दावा इससे बिल्कुल अलग है। बोकारो के जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे ने मिड डे मील बंद होने की बात से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि जिले के सभी विद्यालयों को मध्याह्न भोजन के लिए राशि उपलब्ध करा दी गई है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर स्कूलों को राशि उपलब्ध करा दी गई है, तो कमलडीह स्कूल में बच्चों को मध्याह्न भोजन क्यों नहीं मिल रहा? आखिर स्कूल के सूचना बोर्ड पर 11 अगस्त से मिड डे मील बंद होने की सूचना किस आधार पर लगाई गई? एक तरफ विद्यालय में मिड डे मील बंद होने की सूचना है, तो दूसरी तरफ शिक्षा विभाग सभी स्कूलों को राशि उपलब्ध कराने का दावा कर रहा है। दोनों के दावों के बीच अब बच्चों के भोजन पर सवाल खड़ा हो गया है। आखिर सच्चाई क्या है और बच्चों को मिड डे मील क्यों नहीं मिल रहा, यह जांच का विषय है।

# हॉटस्पॉट पर महिला की जगह पुरुष गार्ड होंगे तैनात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में रोगियों के परिजन और जूनियर डॉक्टरों एवं अन्य मेडिकल स्टाफ के बीच अक्सर मारपीट और झड़प की घटना घटती है। हाल में भी इस तरह की घटना पर रोक लगाने और रिम्स के डॉक्टरों-मेडिकल स्टाफ, नर्सों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को रिम्स निदेशक डॉ डीके सिन्हा ने बैठक की। इस बैठक में संस्थान की सुरक्षा से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की लिखित कार्यवाही सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। बैठक में रिम्स जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सुझाव संस्थान के सामने रखा जाएगा। रिम्स जेडीए के अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र कुमार ने बताया कि उनकी मांग है कि रिम्स के पूरे परिसर को अलग-अलग सिक्योरिटी जोन में बांट कर सुरक्षा की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाए। इसके तहत हॉस्पिटल, हॉस्टल परिसर, एकेडमिक परिसर, आईसीयू क्षेत्र और न्यू ट्रॉमा सेंटर जैसे संवेदनशील इलाकों को अलग-अलग जोन में रखा जा सकता है। रिम्स जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के मुताबिक प्रत्येक सिक्योरिटी जोन की जिम्मेदारी किसी स्थायी फैकल्टी सदस्य, प्रोफेसर, मेडिकल ऑफिसर या प्रशासनिक पद पर कार्यरत डॉक्टर को दी जानी चाहिए। संबंधित अधिकारी अपने जोन में तैनात सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था और कामकाज की निगरानी करें। प्रस्ताव में हर जोन की साप्ताहिक समीक्षा कराने की बात भी कही गई है। रिम्स जेडीए के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र ने कहा कि किसी एक जोन में यदि 10 सुरक्षा गार्ड तैनात हैं तो उनकी उपस्थिति, मुस्तैदी, कार्यक्षमता और सुरक्षा व्यवस्था को संभालने की क्षमता की नियमित समीक्षा की जाए।

# लायंस क्लब ऑफ रांची अंबर का द्वितीय इंस्टॉलेशन, सेवा कार्यों को मिलेगा नया आयाम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** समाजसेवा, जरूरतमंदों की सहायता एवं जनकल्याण के उद्देश्य से लायंस क्लब ऑफ रांची अम्बर वर्ष 2026-27 का विधिवत नए टीम का संस्थापन किया गया। मुख्य अतिथि एक्सआइएसएस निर्देशक जोसफ मरियाणूस कुजूर, वाइबीएन यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर, रामजी यादव, एक्सआईएसएस प्रोफेसर डा. निरंजन साहू, सीयूजे प्रोफेसर प्रो. संचिता सुचारिता, सीयूजे प्रोफेसर प्रो. बीबी मिश्रा, झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता बालेश्वर यादव सहित मौजूद रहे। इस मौके पर क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पिछले वर्ष के सेवा कार्यो का प्रस्तुतीकरण करते हुए इस वर्ष समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का संकल्प लिया। इस वर्ष क्लब जिम्मेदारी अध्यक्ष लायन नीरज कुमार, सचिव लायन रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष लायन पंकज साहू को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में नेपाल में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए लायंस क्लब ऑफ रांची अंबर के सदस्यों द्वारा 11 हजार की आर्थिक सहायता लायन डिस्ट्रिक्ट 322 ए टीम को प्रदान की गई। इस सहायता का उद्देश्य नेपाल बाढ़ त्रासदी से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाना है। डिस्ट्रिक्ट टीम द्वारा विभिन्न लायंस क्लबों के सहयोग से एकत्रित सहायता राशि एवं संसाधनों के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं सहायता कार्य किए जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रक्तदान, नेत्र जांच एवं अन्य जनसेवा से जुड़े कार्यों को बढ़ावा देना है। लायंस क्लब ऑफ रांची अंबर भी इसी सेवा भावना के साथ रांची एवं आसपास के क्षेत्रों में सकारात्मक सामाजिक बदलाव लाने के लिए कार्य करेगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि क्लब केवल एक संस्था नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का एक माध्यम है। क्लब द्वारा आने वाले समय में विभिन्न सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को सेवा कार्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर सदस्यों में अध्यक्ष लायन नीरज कुमार, सचिव लायन रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष लायन पंकज साहू, फर्स्ट वीपी रश्मि सिंह, दूसरा वीपी माधवेश कुमार, तत्कालिक पूर्व अध्यक्ष लायन दीपाली रस्तोगी, क्लब एडमिन लायन अनुज वर्मा, लायन योगेंद्र साहू, लायन संजय साहू, लायन अंकुश जैन, लायन अमित कुमार, लायन गुंजा वर्मा, लायन श्रीलेखा, लायन अर्जुन प्रसाद, लायन रिंकू प्रसाद सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन समाज एवं मानवता की सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

# रफीगंज पुलिस ने चंदौल गांव से वारंटी को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** थाना पुलिस ने चंदौल गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चंदौल गांव निवासी योगी यादव के पुत्र प्रमोद कुमार यादव उर्फ बबनी यादव के रूप में हुई है। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा प्रमोद कुमार यादव के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। वारंट के आधार पर एसआई उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

# सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने की रणनीति पर भाजपा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा दक्षिणी मंडल की बैठक सोमवार को कैथी बनकट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने किया। बैठक में संगठन विस्तार के साथ आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा संकल्प अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंदिर परिसर की सफाई, लाभार्थी सूची के आधार पर संपर्क अभियान, बूथ सशक्तीकरण, ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता, नमो सेवा गाथा और नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा 'आंगन के उत्सव' कार्यक्रम के तहत पिछले 25 वर्षों से सेवा दे रहीं आंगनबाड़ी सेविकाओं को सम्मानित करने, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करने तथा प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की योजना बनाई गई। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, सुनील सिंह, संतोष शर्मा, मंडल मंत्री सतीश पटेल, मुकेश शर्मा सहित विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 211 _2026-27 एवं 212 _2026-27, दिनांक 03.09.2026;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं **(सीनि. डीईएन/2/हावड़ा)** । **क्रम सं. 1; ई-निविदा सं. 211_2026-27; कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अनुभाग में गुड़ाप, झापानडांगा, जौग्राम, मसाग्राम, नवग्राम, चांचाई, पाल्ला रोड, शक्तिगढ़, पालसिट एवं गांगपुर स्टेशनों में प्लेटफॉर्म शेडों का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रु. 7,03,13,778.70; **बयाना राशि:** रु. 14,06,300; **क्रम सं. 2; ई-निविदा सं. 212_2026-27; कार्य का विवरण:** एईएन/डानकुनी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डानकुनी अनुभाग में खराब तटबंधों (स्थान 49/2-4 डाउन हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड, 50/9-50/11 अप हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड, 55/25-56/1 अप हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड, 9/12-11/20 सीसीआर लाइन, 8/1-8/9 अप एसीसीएल इत्यादि) का नवीनीकरण हेतु प्रस्ताव। **अनुमानित लागत** : रु. 1,80,12,006.10; **बयाना राशि:** रु. 3,60,300; **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने (दोनों क्रम सं. के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.09.2026 को 14.00 बजे (दोनों क्रम सं. के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
(HWH-320/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गणेश कुशवाहा की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा के पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह शिक्षाविद गणेश कुशवाहा उर्फ गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि सोमवार को अहियापुर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया।
पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अम्बुज कुमार ने की, जबकि संचालन रालोमो के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गणेश कुशवाहा के सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदान को याद करते हुए कहा कि वे विचारों से समृद्ध और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे।
वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई। वे दो बार कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रहे। समाज के हित और गरीबों के अधिकार की लड़ाई में वे जीवनभर सक्रिय रहे। उनके व्यक्तित्व में संघर्षशीलता और समाजसेवा की भावना हमेशा दिखाई देती थी। शिक्षक मनोज कुमार, समाजसेवी श्रीकांत प्रसाद, रंजीत कुमार सिन्हा, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, इंद्रदेव प्रसाद, ब्रजेश कुमार, जयराम प्रसाद, संजना, नंदनी, रुपाली एवं जुली समेत अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि गणेश कुशवाहा आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, कृतित्व और सामाजिक योगदान को लोग आज भी याद करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रेम कुमार एवं रोहित कुमार ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिलास्तरीय 'शिक्षक सम्मान समारोह' 10 सितंबर को




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 10 सितंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय 'शिक्षक सम्मान समारोह' की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला कार्यकारिणी कमेटी सहित सभी प्रखंड इकाईयां पूरी ताकत से जुट गई हैं। इसी सिलसिले में रविवार को कुटुंबा प्रखंड इकाई की एक अहम बैठक स्थानीय प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार ने की, जबकि मंच संचालन प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान के संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी ने किया। बैठक में अध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न संघीय विद्यालयों को अलग-अलग दायित्व सौंपे। सभी सदस्य विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने जिम्मेदारियों को सहर्ष स्वीकार किया और संकल्प दोहराया कि इस वर्ष का समारोह पिछले सभी आयोजनों से अधिक भव्य और सफल होगा।
एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरेश प्रसाद सिन्हा ने कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे पथ-प्रदर्शक और नेतृत्वकर्ता होते हैं। उनके कंधों पर समाज निर्माण की महती जिम्मेदारी होती है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके निःस्वार्थ समर्पण को मान्यता देने और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिला महासचिव सत्येंद्र नारायण ने जानकारी दी कि कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह है और अब तक जिलेभर से 1000 से अधिक शिक्षकों का सम्मान हेतु निबंधन हो चुका है।
जिला सचिव वीरेन्द्र कुमार सिंह के अनुसार, समारोह में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश सहित कई उच्चस्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजित बैठक में मुख्य संरक्षक बैजनाथ मेहता, संरक्षक डी. के. पाण्डेय, सचिव दिनेश प्रसाद, मीडिया प्रभारी संजय कुमार, कोषाध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार सिंह, सच्चिदानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक धनेश कुमार, आर्यभट पब्लिक स्कूल के निदेशक विनय कुमार मेहता, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सिमरा के निदेशक धनंजय कुमार, शिवम पब्लिक स्कूल के संस्थापक कुमार बिजेंद्र, देव वैली ग्लोबल स्कूल के प्राचार्य एन. के. सिंह, सतीश कुमार मिश्रा, उदयन पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज पाण्डेय, अडानी इंटरनेशनल स्कूल से धीरेन्द्र कुमार सिंह, सन राईज इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सुरेश कुमार दुबे, ज्ञानदीप सक्सेस अकैडमी के सचिव विनोद मेहता, अजय कुमार, शिवम कुमार और रोहित कुमार सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. 58-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 04.09.2026;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में नॉन-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का प्रावधान"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,04,41,025.85; **बयाना राशि:** रु. 4,08,800; **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.09.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**
(ASN-248/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# झंडा दिवस कोष के लिए 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** झंडा दिवस कोष में धन संग्रह के उद्देश्य से रविवार को के.एल.एस. कॉलेज, नवादा में 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा था। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता, नवादा मनोज कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों, पदाधिकारियों, कलाकारों एवं आमजनों ने देश की सुरक्षा, संप्रभुता एवं अखंडता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में कलाकारों ने देशभक्ति गीत, संगीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति तथा वीर शहीदों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना व्यक्त की गई। प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया। उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए वीर शहीदों के त्याग एवं बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम का वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा। उल्लेखनीय है कि सैनिक कल्याण निदेशालय, बिहार के कार्यक्रम के अनुसार 07 सितंबर 2026 को रजौली अनुमंडल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं।

# जलजमाव से घबराने की बजाय प्रशासन द्वारा जारी तकनीकी सुझावों का करें पालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में लगातार हो रही बारिश एवं जलजमाव की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में फसलों की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण एवं आकलन किया जा रहा है। इसी क्रम में दाउदनगर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं गोह प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा दाउदनगर एवं गोह प्रखंड अंतर्गत स्थलीय निरीक्षण कर जलजमाव से प्रभावित धान की फसल की स्थिति का जायजा लिया गया। यह निरीक्षण पानी उतरने के बाद किया गया है ताकि प्रभावित रकबा का सही आकलन लगाया जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने बताया कि वर्तमान स्थिति में जलस्तर कम होने की प्रक्रिया जारी है। आवश्यक आकलन के आधार पर फसल की वास्तविक स्थिति का समुचित मूल्यांकन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान किसानों को जलजमाव से प्रभावित धान की फसल के संरक्षण एवं उचित पोषण प्रबंधन के संबंध में आवश्यक तकनीकी जानकारी भी दी गई। किसानों को सलाह दी गई कि जलजमाव की स्थिति में खेतों में तत्काल उर्वरक का प्रयोग न करें। सबसे पहले खेत से अतिरिक्त पानी की निकासी सुनिश्चित करें।

# बाढ़ ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार

## 10 मेमू ट्रेनें रद्द, कई के रूट बदले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गंगा के साथ पुनपुन, दरधा और महत्वाहन नदियों के उफान से बाढ़ का संकट गहरा गया है। गंगा का पानी शहर के कई इलाकों तक पहुंच गया है, जबकि दियारा क्षेत्र के गांव जलमग्न हैं। पटना के गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर रिकॉर्ड 50.57 मीटर पर पहुंच गया। 2016 के बाद पहली बार ऐसी स्थिति हुई है। 2016 में गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर 50.52 मीटर रिकॉर्ड किया गया था। दीघा घाट, एलसीटी घाट, कलेक्ट्रेट घाट, गांधी घाट, रानीघाट, महावीर घाट समेत सभी घाटों पर गंगा लबालब है। दीघा घाट पर मुक्तिधाम डूबने के कारण लोगों को सड़क किनारे दाह संस्कार करना पड़ रहा है। बांस घाट और गुलबी घाट पर यही स्थिति है। इधर, कंगनघाट पर एप्रोच रोड पर पानी घुस गया है। कंगनघाट के पास वाले गुरुद्वारा के इलाके में घुटने भर पानी है। पटना सिटी के 10 से अधिक मोहल्लों में बाढ़ का पानी घुसने से लोगों का हाल बेहाल है। वहीं पटना के दानापुर, पालीगंज, मनेर, मोकामा के कई पंचायत भी बाढ़ की चपेट में हैं। कई इलाकों में पानी कमर तक पहुंच गया है और लोग सड़क किनारे तंबू लगाकर रहने को मजबूर हैं।

पटना के दानापुर, मनेर, पालीगंज और मोकामा के कई पंचायतों में भी बाढ़ का असर है। श्रीपालपुर में पुनपुन नदी 6 सितंबर को 53.42 मीटर पर थी, जो खतरे के निशान 50.60 मीटर से 2.82 मीटर ऊपर है। पुनपुन किनारे बसे 17 से अधिक गांवों में पानी पहुंचने से हालात भयावह बने हुए हैं। पालीगंज में मुख्य सड़कों पर दो फीट से अधिक पानी बह रहा है और कटान के कारण कई सड़कें



टूट गई हैं। वाहनों की आवाजाही बंद है और ग्रामीण नाव के सहारे जरूरी सामान व सुरक्षित स्थानों तक पहुंच रहे हैं। दियारा के लोगों का कहना है कि उन्हें खाने-पीने के सामान और साफ पानी तक के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। उधर, बिहटा-सरमेरा फोरलेन सड़क भी एक स्थान पर धंस गई है, जहां पाइप से पानी का रिसाव हो रहा है। एनएचएआई मरम्मत में जुटा है। पटना में गंगा का पानी घटने के बावजूद इसका असर डाउनस्ट्रीम में दिखाई दे रहा है। हाथीदह में गंगा का जलस्तर छह सितंबर को लगभग 43.52 मीटर तक पहुंचने के बाद सात सितंबर सुबह 10 बजे घटकर 43.50 मीटर हो गया। इधर, गया-पटना रेलखंड पर परसा बाजार और पुनपुन के बीच पुल के पास पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने के कारण ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया है। 10 मेमू ट्रेनें रद्द की गई हैं, जबकि कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। बाढ़ के बीच पटना के प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य को लेकर लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं।

# कार्यकर्ताओं ने सुदिव्य कुमार सोनू को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम के नेतृत्व में जिले के धनुष पूजा स्थित जिला झामुमो कार्यालय में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन किया। इस दौरान दिवंगत सुदिव्य कुमार सोनू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात पूर्व जिलाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य श्री श्याम यादव, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील टुडू, महिला जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने कहा कि मंत्री



सुदिव्य कुमार सोनू पार्टी के एक मजबूत स्तंभ थे। उनके पास उच्च शिक्षा एवं पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विभाग थे। दोनों ही विभाग मजबूत और महत्वपूर्ण फैसलों के इंतजार कर रहे थे, जिसे उन्होंने ने अपनी कार्यशैली व क्षमता से पूरा किया। साथ ही झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू एक संवेदनशील, सहज और जनसरोकार से जुड़े हुए नेता थे। उन्होंने संगठन और सरकार में रहते हुए अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया। उनके निधन से झामुमो सहित पूरे राजनीतिक एवं सामाजिक जगत को गहरा आघात पहुँचा है। उनकी कार्यशैली और लोगों के प्रति उनका मधुर व्यवहार हमेशा याद किया जायेगा।

वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष सह केंद्रीय सदस्य श्याम यादव ने बताया कि झामुमो के वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद व स्तब्ध करने वाला है। उनके निधन की खबर से मन अत्यंत व्यथित है। हम सभी उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य फारूक, केंद्रीय समिति सदस्य मिथिलेष घोष, जिला सह सचिव जहूर आलम, महिला मोर्चा जिला सचिव सुशीला देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कदम रसूल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव दिलीप मरांडी, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुसलोद्दीन शेख, सचिव राजेश सरकार, लिट्टीपाड़ा प्रखंड उपाध्यक्ष प्रसाद हाँसदा, अमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल हाँसदा, सचिव जहीरुद्दीन मियां, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सगीर अंसारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य मंटू भगत, जिला कार्यकारिणी सदस्य अली हुसैन अंसारी, जिला सदस्य फिलीप मुर्मू, पाकुड़ प्रखंड उपाध्यक्ष अजफारुल शेख, अमड़ापाड़ा प्रखंड उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी आफताब आलम, सोनू आलम, मोसरफ हुसैन, फुरकान शेख, सबूर अंसारी, इमादुल अंसारी, अबुल कलाम, आलमगीर आलम, जाकिर हुसैन, रविनाथ टुडू, कोर्नेलियुस मुर्मू, इस्लाम अंसारी, मोबारक हुसैन सहित अन्य वरिष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक के पुत्र का अपहरण, बरामद

## प्रशासन के हाथ-पांव फूले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** चतरा से लोजपा (रामविलास) विधायक जनार्दन पासवान के पुत्र सौरभ के अपहरण की सूचना से रांची में हड़कंप मच गया। घटना एमिटी यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के पास बताई गई, जहां मारपीट के बाद कुछ लोगों द्वारा उन्हें जबरन ले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए विधायक के पुत्र सौरभ को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस अब घटना के कारणों और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। चतरा विधानसभा क्षेत्र से लोजपा (रामविलास) के विधायक जनार्दन पासवान के पुत्र सौरभ के अपहरण की सूचना से राजधानी रांची में हड़कंप मच गया। घटना राजधानी स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के पास की बताई गई। सूचना मिलने के बाद रांची पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और विधायक के पुत्र सौरभ को सकुशल बरामद कर लिया है।

बताया जा रहा है कि कुछ अज्ञात लोग वाहनों से विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के पास पहुंचे थे। आरोप है कि इन लोगों ने विधायक के पुत्र सौरभ के साथ मारपीट की और इसके बाद उसे जबरन अपने साथ ले गए। घटना के बाद परिजन उनसे संपर्क करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा था। घटनास्थल के पास उनकी थार गाड़ी खड़ी मिली थी।

विधायक जनार्दन पासवान ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया था कि उनके पुत्र के साथ विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के पास मारपीट हुई है। इसके बाद से उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही वह चतरा से रांची के लिए रवाना हो गए थे।

## मंत्री के निधन पर जिला माध्यमिक शिक्षक संघ ने जताया शोक


**पाकुड़।** झारखंड सरकार के मंत्री एवं वरिष्ठ जननेता सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, जिला इकाई पाकुड़ की ओर से गहरा दुःख एवं शोक व्यक्त किया गया। मंत्री का आकस्मिक निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन की खबर से राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक जगत में शोक की लहर है। संघ के अध्यक्ष अंदरियास हेम्ब्रम ने कहा कि ऐसे आसमयिक समय में हमारे उच्च तकनीकी शिक्षा मंत्री का जाना हमारे विभाग को काफी क्षति हुई वही जिला सचिव विजय कुमार भंडारी ने कहा कि वे एक कर्मठ, संवेदनशील एवं जनहित के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि थे। उन्होंने हमारे लाखो सरकारी कर्मचारियों को लिए पेंशन मिले इसके लिए उन्होंने सीधे तौर पर झारखंड सरकार और कर्मचारियों के मध्यस्ता करके पुरे राज्य के सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दिलाने में अहम भूमिका निभाई उन्होंने राज्य के विकास तथा शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके असामयिक निधन से झारखंड ने एक सक्रिय एवं जनप्रिय नेता खो दिया है।

# रिहाइशी इलाके में घुसा तेंदुआ, हड़कंप

## शोर मचाने पर कूदा और जंगल में जाकर छिपा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंपानगर मेडस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक घनी आबादी वाले मोहल्ले में बड़े जंगली जानवर (चीता/तेंदुआ) के दिखने की खबर आई।



वार्ड नंबर एक स्थित मध्य विद्यालय मसकन बरारीपुर के पास रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे जंगली जानवर को प्रत्यक्ष देखने का दावा किए जाने के बाद समूचे इलाके में हड़कंप मच गया। खबर जंगल की आग की तरह फैलते ही चंपानगर और आसपास के मोहल्लों के लोग खौफ के साए में आ गए और एहतियातन अपने-अपने घरों के दरवाजे बंद कर भीतर दुबक गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मसकन स्कूल के समीप स्थित काली स्थान से सटे जंगल की चारदीवारी पर स्थानीय लोगों ने रविवार की रात करीब 8:30 बजे इस विशालकाय जानवर को बैठा देखा। प्रत्यक्षदर्शी कृष्णा मोहन घोषाल उर्फ नेशु और उनके भाई दिवाकर कुमार घोषाल ने बताया कि उनका घर स्कूल के बिल्कुल पास ही स्थित है। रात के समय भोजन के उपरांत वे घर के बाहर टहल रहे थे, तभी अचानक उनकी नजर जंगल की बाउंड्री वॉल पर पड़ी। वहां एक बड़ा चीता आराम से बैठा नजर आया।

आंखों के सामने आदमखोर जानवर को देखकर दोनों भाइयों के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत शोर मचाना शुरू किया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के घरों से कई अन्य लोग भी बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कई लोगों की मौजूदगी के बीच अचानक जानवर दीवार से नीचे जंगल पर कूदा और तेजी से छलांग लगाते हुए पास के घने जंगल व झाड़ियों में जाकर ओझल हो गया। दहशत और अफरातफरी का माहौल इतना गहरा था कि किसी को भी मोबाइल से उसकी तस्वीर या वीडियो रिकॉर्ड करने की हिम्मत नहीं हुई। घटना के बाद से मसकन बरारीपुर और चंपानगर मोहल्ले में भारी भय का वातावरण है। ग्रामीणों को डर सता रहा है कि अंधेरा बढ़ते ही जानवर दोबारा आबादी में घुसकर बच्चों अथवा मवेशियों को अपना शिकार बना सकता है।

# सामुदायिक किचन में भोजन की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** बिहार में बाढ़ का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। मुंगेर जिले में भी बाढ़ की स्थिति विकराल होती जा रही है। जिले के छह प्रखंडों की 38 पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हैं। निचले इलाकों में पानी प्रवेश करने के बाद बड़ी संख्या में लोग घर छोड़कर सुरक्षित और ऊंचे स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सामुदायिक किचन शुरू किए गए हैं, लेकिन राहत व्यवस्था शुरू होने के साथ ही भोजन की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

ताजा मामला जिला स्कूल में शुरू किए गए सामुदायिक किचन का है। रविवार को यहां बाढ़ पीड़ितों को परोसे गए भोजन को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और खाना खाने से इनकार कर दिया। बबुआ घाट पहुंचे बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए शुरू किए गए इस सामुदायिक किचन में जाफरनगर पंचायत के सीताचरण गांव के ग्रामीणों ने भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। ग्रामीणों का आरोप है कि परोसे गए चावल से बदबू आ रही थी, जबकि सब्जी भी बासी थी। ग्रामीण नागों सिंह, विनोद कुमार और राधेश्याम ने बताया कि सुरेंद्र बाबू के पार्क से बाढ़ प्रभावित लोगों को सामुदायिक किचन तक लाया गया था। घर-बार छोड़कर राहत के लिए पहुंचे लोगों को उम्मीद थी कि कम से कम भोजन की व्यवस्था बेहतर होगी, लेकिन खाना परोसे जाने के बाद गुणवत्ता खराब होने की शिकायत सामने आई।

ग्रामीणों ने कहा कि बाढ़ के कारण पहले ही उनका जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ऐसे में यदि राहत के नाम पर मिलने वाले भोजन में भी लापरवाही होगी तो उनकी परेशानी और बढ़ जाएगी। उनका कहना है कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

# शिक्षक दिवस कार्यक्रम में धार्मिक परिधान के इस्तेमाल पर विवाद

## जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया/ जोकीहाट।** फारबिसगंज स्थित एससीपी कोचिंग सेंटर में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद गहरा गया है। वीडियो में धार्मिक परिधान, बुर्का और नकाब के इस्तेमाल को लेकर आपत्ति जताई गई है। शिकायतकर्ताओं ने प्रस्तुति को आपत्तिजनक बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर सोमवार को जोकीहाट के युवाओं, उलेमा, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने जोकीहाट थाने में आवेदन सौंपा। इसके अलावा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को भी शिकायत दी गई। शिकायतकर्ताओं के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी, अररिया को भी आवेदन दिया जा रहा है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि शिक्षक दिवस शिक्षकों के योगदान, ज्ञान और मार्गदर्शन के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है।

ऐसे कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुति के दौरान सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक मर्यादाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। उनका आरोप है कि वायरल वीडियो में धार्मिक पहनावे का जिस तरह इस्तेमाल किया गया, उससे संबंधित समुदाय की भावनाएं आहत हो सकती हैं।

आवेदन में सोशल मीडिया पर वायरल कथित आपत्तिजनक वीडियो के साथ अभद्र टिप्पणी किए जाने का भी उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस और शिक्षा विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच के दौरान वीडियो की वास्तविकता, उसकी पृष्ठभूमि और कार्यक्रम में शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट की जाए।

शिकायतकर्ताओं ने कहा कि शिक्षण और कोचिंग संस्थान विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का भी संदेश देते हैं। ऐसे में संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में किसी भी धर्म, धार्मिक प्रतीक या समुदाय की भावनाओं के प्रति संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए।

फिलहाल शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस जांच के बाद ही वायरल वीडियो की वास्तविकता और पूरे घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

शिकायतकर्ताओं की मांग है कि मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से की जाए और यदि किसी स्तर पर कानून का उल्लंघन सामने आता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई की जाए।

# घर जमाई की मौत, जहर देकर हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** पश्चिम बंगाल शमशेरगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में उसकी भाभी के खिलाफ जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, नीलू मंडल, पति जितेन मंडल, निवासी ग्राम हासुपुर, थाना शमशेरगंज (मायका-गोपीनाथपुर) की शिकायत पर मृतक की भाभी अपना सरकार, पिता स्वर्गीय विनय सरकार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

शिकायत के अनुसार नीलू मंडल के इकलौते भाई शिवाय मंडल अपनी ससुराल गगनपहाड़ी में घर जमाई के रूप में रहते थे। बताया गया है कि शिवाय मंडल का कोई साला नहीं था और उनके ससुर का भी निधन हो चुका था, जिसके कारण वे अपनी ससुराल में ही रह रहे थे। करीब दो महीने पहले शिवाय मंडल काम के सिलसिले में ओडिशा स्थित एक आयरन प्लांट में जेसीबी चलाने के लिए गए थे। आरोप के अनुसार, वह बिना किसी पूर्व सूचना के 1 सितंबर को दिन के करीब 11 बजे अपनी ससुराल गगनपहाड़ी पहुंचे। परिजनों के मुताबिक, ससुराल पहुंचने के करीब डेढ़ से दो घंटे बाद शिवाय मंडल की अचानक उल्टी होने लगी। शाम के समय उनकी तबीयत अधिक बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए धूलियान ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जंगीपुर अस्पताल रेफर कर दिया। जंगीपुर अस्पताल में करीब तीन दिनों तक इलाज चलने के बाद 4 सितंबर की शाम शिवाय मंडल की मौत हो गई। शिकायत के अनुसार चिकित्सकों ने किसी विषैले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई थी। मृतक की बहन नीलू मंडल ने अपनी भाभी आशिमा सरकार पर शिवाय मंडल को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

# सेब की कार्टन से शराब की बड़ी खेप बरामद

## दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** उत्पाद विभाग की टीम ने गंगा पुल चेकपोस्ट पर रविवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़े-गले सेबों की आड़ में ले जाई जा रही 64 लाख रुपए मूल्य की चंडीगढ़ निर्मित ब्रांडेड शराब जब्त की है।

पुलिस ने मौके से शराब लदे एक ट्रक को जब्त करते हुए चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब 597 कार्टन में कुल 5301 लीटर पाई गई है, जिसे हिमाचल प्रदेश से लाकर बिहार के पूर्णिया में डिलीवर किया जाना था। उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने बताया कि रविवार शाम से गंगा पुल चेकपोस्ट पर उत्पाद निरीक्षक कुंदन कुमार के नेतृत्व में निरीक्षक संतोष कुमार पाठक और अवर निरीक्षक प्रिंस कुमार की टीम यूपी की ओर से आने वाले वाहनों की जांच कर रही थी इसी दौरान उत्तर प्रदेश की दिशा से आ रहे हिमाचल प्रदेश नंबर के एक डीसीएम ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। प्रथम दृष्टया ट्रक पर सेब की पेटियां लदी दिखाई दीं, लेकिन पेटियां खोलने पर अंदर सड़े-गले सेब देख टीम को शंका हुई। पेटियों को हटाने पर नीचे छिपाकर रखे गए शराब के कार्टन बरामद हुए।

टीम ने तुरंत शराब और ट्रक को जब्त करते हुए उस पर सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान हिमाचल प्रदेश के राजगढ़ अंतर्गत नमोल निवासी चालक विनोद कुमार और सोलन निवासी मोहन सिंह के रूप में हुई है।

पूछताछ में दोनों आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे सेब की आड़ में हिमाचल प्रदेश से यह खेप लेकर आ रहे थे और इसे पूर्णिया में डिलीवर करना था।

## पिकअप ने महिला को रौंदा

**जमुई।** मोहनपुर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर अज्ञात पिकअप वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कोहबरवा-झाझा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, हादसा मोहनपुर थाना क्षेत्र के कोहबरवा-झाझा मुख्य सड़क पर सोनदीपी गांव के समीप काजुबगन के पास हुआ। मृत महिला की पहचान ककनचौर पंचायत के सोनदीपी गांव निवासी बजरंगी यादव की 55 वर्षीय पत्नी सोनिया देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर सोनिया देवी सड़क के समीप मौजूद थीं।

# करंट से पिता-पुत्र की मौत


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** रिफाइनरी थाना क्षेत्र की केशावे पंचायत के वार्ड संख्या 11 स्थित सिसवा गांव में सोमवार की सुबह करंट लगने से पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में मातम पसरा है।

मृतकों की पहचान सिसवा गांव निवासी कैलाश मोची और उनके पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने रिफाइनरी रोड को जाम कर दिया और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग करने लगे। सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस के समक्ष भी ग्रामीणों ने आक्रोश जताया।

ग्रामीणों के अनुसार, सिसवा गांव में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पानी बढ़ने के कारण कैलाश मोची अपने पशुओं को लेकर गुप्ता लखमिनियां बांध पर चले गए थे।



घर में जरूरी सामान रखा हुआ था। सोमवार सुबह करीब सात बजे कैलाश मोची अपने पुत्र संतोष कुमार के साथ घर से सामान लाने के लिए सिसवा गांव पहुंचे थे।

बताया जाता है कि घर के आसपास बाढ़ का पानी जमा होने के कारण विद्युत तार भी प्रभावित क्षेत्र में था। इसी दौरान संतोष कुमार विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। पुत्र को करंट से तड़पता देख कैलाश मोची उसे बचाने के लिए दौड़े। उन्होंने जैसे ही पुत्र को बचाने का प्रयास किया, वे भी विद्युत प्रवाह की चपेट में आ गए। करंट का झटका इतना तेज था कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई।

# ओवरहेड तार काटने से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

## अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**झुमरीतिलैया।** कोडरमा-हजारीबाग टाउन रूट पर जवाहर पुल के पास ओएचई (ओवरहेड इक्विपमेंट) तार काटने का मामला सामने आया है।

मालगाड़ी के लोको पायलट की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। बाद में रेल कर्मियों ने तार को जोड़ा। इस दौरान कई घंटे रेल यातायात प्रभावित रहा। इससे दो ट्रेनें रद्द रहीं और रांची वंदेभारत व आसनसोल हटिया एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग गोमो होकर चलाया गया।

बरही से कोडरमा की ओर आ रही मालगाड़ी के लोको पायलट को सोमवार सुबह जवाहर घाट पुल के पास ओएचई तार टूटा मिला। उसने इसकी सूचना सोमवार पूर्वाह्न 10 बजे धनबाद रेल कंट्रोल को जानकारी दी। इसके बाद इस खंड पर परिचालन रोक दिया गया।

घटनास्थल पर हजारीबाग आरपीएफ इंस्पेक्टर बाल गंगाधर पहुंचे और छानबीन के बाद बताया कि असामाजिक तत्वों के द्वारा दस से पंद्रह मीटर ओएचई तार को काट लिया गया है।

इस संबंध में हजारीबाग टाउन में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। घटना की सूचना के बाद धनबाद से आरपीएफ के सहायक कमांडेंट सुदीप कुमार घोष, धनबाद व कोडरमा



कर्षण विभाग समेत कई विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

रेल कर्मियों की मशक्कत के बाद दोपहर करीब एक बजे रेल परिचालन सामान्य हुआ। घटना की वजह से कोडरमा व हजारीबाग टाउन होकर चलने वाली रांची वंदेभारत एक्सप्रेस और आसनसोल हटिया एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग गोमो होकर चलाया गया।

53371 कोडरमा बरकाकाना पैसेंजर व 53372 बरकाकाना कोडरमा पैसेंजर रद्द रही। वहीं, 13514 आसनसोल हटिया एक्सप्रेस हटिया से नियत समय 2.45 के बजाय चार घंटे देरी से चली।

वहीं, 22350 पटना वंदेभारत एक्सप्रेस रांची से नियत समय शाम 4.15 से एक घंटे चार मिनट देरी से रवाना हुई। ट्रेन लगभग एक घंटे देरी से हजारीबाग टाउन शाम 7.16 बजे और कोडरमा करीब 8.21 बजे पहुंची।

## विधायक के भाई की गिरफ्तारी पर रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के अहियापुर स्थित झपहां-उदनडीह में जेसीबी से चहारदीवारी तोड़ने और मकान क्षतिग्रस्त करने के मामले में अदालत से बड़ी खबर सामने आई है।

प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सीतामढ़ी के बेलसंड विधायक अमित कुमार रानू के भाई सोनू सिंह उर्फ अभिनव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए फिलहाल इस मामले में गिरफ्तारी पर रोक (नो कोर्सिव एक्शन) लगा दी है।

इसके साथ ही याचिका को अग्रिम सुनवाई के लिए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-17 की अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां 10 सितंबर को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है। सीतामढ़ी के महिंदवारा थाना अंतर्गत चक्की रामपुर निवासी सुनील कुमार ने 23 अगस्त को अहियापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2023 में अपनी पत्नी के नाम से 3.75 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री कराई थी और दाखिल-खारिज के बाद वहां मकान बनाकर रह रहे थे।

# ट्रेन में गूंजी किलकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर रेल मंडल अंतर्गत झाझा रेलवे स्टेशन पर रविवार को आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) की मानवीय और तत्पर कार्यशैली की एक मिसाल देखने को मिली। हैदराबाद से अपने पैतृक घर मुजफ्फरपुर लौट रही एक गर्भवती महिला को चलती ट्रेन में अचानक असहनीय प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। आपात स्थिति को भांपते हुए परिजनों और सहयात्रियों ने महिला को झाझा स्टेशन पर उतारा, जहां प्लेटफार्म पर तैनात आरपीएफ की महिला आरक्षी ने त्वरित सूझबूझ का परिचय देते हुए प्लेटफार्म पर ही सुरक्षित प्रसव कराया। प्लेटफार्म पर जैसे ही नन्हे शिशु की किलकारी गूंजी, वहां मौजूद रेलयात्रियों ने तालियां बजाकर आरपीएफ जवान की सराहना की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर जिले के रैयपुर गांव निवासी मुकेश मांझी हैदराबाद स्थित एक निजी डेयरी फार्म में मजदूरी करते हैं। वे करीब एक साल बाद अपने पैतृक गांव लौटने के लिए अपनी गर्भवती पत्नी संगीता देवी और तीन छोटे बच्चों के साथ सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-5 में यात्रा कर रहे थे। ट्रेन जैसे ही सिमुलतला स्टेशन से आगे बढ़ी, संगीता देवी को अचानक तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। दर्द से कराहती महिला को देखकर बोगी के भीतर यात्रियों में हड़कंप मच गया। स्थिति गंभीर होते देख सहयात्रियों ने हौसला बढ़ाया और ट्रेन के झाझा स्टेशन पर रुकते ही परिवार को सुरक्षित प्लेटफार्म पर उतार लिया गया। प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ की महिला आरक्षी एकता की नजर जैसे ही तड़पती महिला पर पड़ी, उन्होंने बिना एक पल गंवाए मोर्चा संभाल लिया। महिला को अस्पताल ले जाने तक का समय नहीं था, इसलिए आरक्षी एकता ने प्लेटफार्म पर मौजूद अन्य महिला यात्रियों से मदद की गुहार लगाई। महिला आरक्षी ने यात्रियों के सहयोग से साड़ियों और चादरों का घेरा तैयार कर मजबूत घेरा बनाया। इसके बाद अत्यंत सावधानी और हौसले के साथ प्लेटफार्म पर ही महिला का सफल व सुरक्षित प्रसव कराया गया।

# जन सुनवाई में मंत्रियों ने सुनी फरियाद, अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश

## मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री कर रहे बाढ़ की लगातार निगरानी : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जद (यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह और ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने विभिन्न जिलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर शिकायतों के विधिसम्मत और त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी' और प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुमित कुमार सिंह भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में श्रवण कुमार ने कहा कि पार्टी के नेता नीतीश कुमार के दिशा-निर्देश पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें राहत पहुंचाना है। शिकायत मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश देकर समाधान का प्रयास किया जाता है। बाढ़ की स्थिति पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। राहत और समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को मौके पर तैनात किया गया है। श्रवण कुमार ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी बातें हवा-हवाई होती हैं और बिहार की जनता उन्हें गंभीरता से नहीं लेती। भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए सरकार पूरी तरह मुस्तैद है। एनडीए सरकार और प्रशासन के अधिकारी राहत कार्य में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। दिल्ली में मकान ढहने की घटना पर लेशी सिंह ने दुख जताते हुए मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

# दुबई में वैश्विक निवेश के लिए बिहार ने खोले द्वार

## एआईएम कांग्रेस 2026 में उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने किया बिहार पवेलियन का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दुबई।** बिहार ने वैश्विक निवेशकों के बीच अपनी पहुंच मजबूत करते हुए दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित वार्षिक निवेश बैठक (एआईएम) कांग्रेस 2026 में बिहार पवेलियन का उद्घाटन किया। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार के साथ वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पवेलियन का उद्घाटन किया। एआईएम कांग्रेस का 15वां संस्करण 7 से 9 सितंबर तक आयोजित हो रहा है। इसमें बिहार की भागीदारी का उद्देश्य वैश्विक निवेशकों, कारोबारी प्रतिनिधियों और नीति-निर्माताओं के समक्ष राज्य को उभरते, प्रतिस्पर्धी और निवेश के लिए तैयार औद्योगिक गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना है। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहार के तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक तंत्र और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उपलब्ध निवेश अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एआईएम कांग्रेस के माध्यम से सार्थक साझेदारियां स्थापित करने और निवेशकों की रुचि को बिहार में ठोस निवेश अवसरों में बदलने की दिशा में काम किया जाएगा। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि एआईएम कांग्रेस बिहार को अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों के समक्ष अपने औद्योगिक तंत्र और निवेश अवसरों को प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण वैश्विक मंच प्रदान करता है। बढ़ते औद्योगिक भूमि बैंक, बेहतर बुनियादी ढांचे, क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों और कारोबार सुगमता पर जोर के साथ बिहार निवेश के लिए तैयार है। बिहार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रेयसी सिंह कर रही हैं। इसमें कुंदन कुमार और उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। बिहार पवेलियन में बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज, 2025, बिहार सेमीकंडक्टर नीति, 2026, बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर नीति, 2026, बिहार टेक्सटाइल एंड लेदर नीति (संशोधित), 2022, बिहार पर्यटन नीति और आईटी नीति सहित अन्य नीतियों को प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही औद्योगिक भूमि बैंक, प्लग-एंड-प्ले बुनियादी ढांचे, बेहतर संपर्क व्यवस्था और निवेश-अनुकूल नीतिगत तंत्र को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है।

# छह प्रमंडलों के जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की समीक्षा बैठक सदाकत आश्रम में आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आज छह प्रमंडलों के सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। बैठक में बिहार कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी कृष्णा अल्लावरू विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, हर घर झंडा कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति, जिला स्तर पर पार्टी की गतिविधियों, बूथ एवं पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जिला अध्यक्षों एवं प्रभारियों से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में सभी पदाधिकारी पूरी सक्रियता के साथ काम करें।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का प्रभारी सचिव ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों से जानी समस्याएं

## राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा, प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना/बक्सर।** प्रभारी सचिव, बक्सर-सह-सचिव, ऊर्जा विभाग एवं अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बीएसपीएचसीएल अजय यादव (भा.प्र.से.) ने जिलाधिकारी, बक्सर श्रीमती साहिला एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया तथा प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने संबंधित अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति समेत आवश्यक सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ के कारण उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा आम लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

स्थलीय निरीक्षण के बाद जिला समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बाढ़ की वर्तमान स्थिति, राहत एवं बचाव कार्य तथा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता समय पर उपलब्ध कराने तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने और आवश्यकता के अनुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गांधी फिल्म महोत्सव : बापू टॉवर में 9 से 11 सितंबर तक आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के गर्दनीबाग में स्थित बापू टॉवर में तीन दिवसीय गांधी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है। 9 से 11 सितंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में महात्मा गांधी के जीवन और विचारों पर आधारित सात दुर्लभ फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य खास बच्चों सहित स्कूली बच्चों और युवाओं को बापू के सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन के विचारों से जोड़ना है। फिल्म फेस्टिवल में प्रवेश निशुल्क रहेगा और विभिन्न स्कूलों के बच्चों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। भवन निर्माण विभाग के स्तर से इस फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। फिल्म महोत्सव की शुरुआत 9 सितंबर को होगी। पहले दिन सुबह 11 बजे मशहूर रिचर्ड एटनबर्ग की ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित फिल्म 'गांधी' (1982) दिखाई जाएगी। वहीं दोपहर 3 बजे 'गांधी-20वीं सदी के पैगंबर' (1940) का प्रदर्शन होगा। महोत्सव के दूसरे दिन 10 सितंबर को दो फिल्में दिखाई जाएंगी। सुबह के सत्र में 'महात्मा गांधी टॉक्स' (1931) दिखाई जाएगी। दोपहर के सत्र में 'ए बाउंडलेस आइडिया' (1970) का प्रदर्शन होगा जो गांधीवादी दर्शन पर आधारित है। फेस्टिवल के तीसरे और आखिरी दिन 11 सितंबर को तीन फिल्मों का प्रदर्शन रखा गया है।

# मखाना खेती को आधुनिक व्यावसायिक मॉडल के रूप में विकसित करना सरकार का लक्ष्य

## निर्यात बढ़ाने के साथ किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस, लागत का 75 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के मखाने को वैश्विक पहचान दिलाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन एवं विपणन तक पूरी व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। मिथिला मखाना को वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा मखाना की वैज्ञानिक खेती, उन्नत बीज, आधुनिक प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 'मखाना विकास योजना' को नए स्तर पर लागू किया जा रहा है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मखाना बिहार का गौरव और हमारी सांस्कृतिक पहचान है। राज्य सरकार का लक्ष्य मखाना की खेती को पारंपरिक मॉडल से आगे बढ़ाकर आधुनिक एवं व्यावसायिक मॉडल के रूप में स्थापित करना है। किसानों को बेहतर बीज, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि बिहार का मखाना दुनिया के हर कोने तक पहुंचे और किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने बताया कि वैश्विक बाजार में सुपरफूड के रूप में अपनी पहचान बना चुके मखाने के कुल उत्पादन में बिहार की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत से अधिक है। 'मखाना विकास योजना' के तहत राज्य के 21 मखाना उत्पादक जिलों में वैज्ञानिक पद्धति से मखाना उत्पादन एवं आधुनिक प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इन जिलों में दरभंगा, मधुबनी, कटिहार, पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, किशनगंज, सीतामढ़ी, मधेपुरा, अररिया, खगड़िया, समस्तीपुर, भागलपुर, सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली एवं पटना शामिल हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि मखाना के नए क्षेत्रों में विस्तार एवं आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लागत का 75 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र विस्तार एवं उन्नत बीज वितरण के तहत पारंपरिक तालाब प्रणाली के साथ-साथ खेत प्रणाली में भी मखाना उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को उच्च उपज देने वाली उन्नत प्रजातियों 'सबौर मखाना-1' एवं 'स्वर्ण वैदेही' के गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि मिथिला मखाना को जीआई टैग मिलने के बाद बिहार के मखाने की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और मजबूत हुई है। अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देशों एवं पूर्वी एशिया के बाजारों में मखाने की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि किसानों को केवल कच्चे मखाने (गुड़ी) के उत्पादन तक सीमित न रखते हुए उन्हें मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण से जोड़ा जाए।

# बाढ़ ने रोका स्कूल का रास्ता तो दूसरे विद्यालय में होगी पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के विभिन्न जिलों में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र वाले स्कूलों को उच्च स्थानों पर स्थित विद्यालयों से टैग कर दिया गया है। ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो सके। विदित हो कि राज्य के कई जिलों में विभिन्न नदियों के जलस्तर में हुई वृद्धि के कारण कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई है जिसके वजह से बाढ़ वाले क्षेत्रों के कई सरकारी विद्यालय भी उसके चपेट में आ गए हैं। इसको देखते हुए शिक्षा विभाग ने बाढ़ से प्रभावित स्कूलों को उच्च स्थानों पर स्थित विद्यालयों से टैग करने का निर्णय लिया है। ताकि बाढ़ समाप्त होने तक बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो।

# डीडीयू-सोननगर रेलखंड का महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने सोमवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत डीडीयू-सोन नगर रेलखंड का विंडो निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलपथ, ट्रैक की स्थिति, संरक्षा, अनुरक्षण और परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने चंदौली मझवार स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने प्लेटफॉर्म, पैदल ऊपरी पुल, स्टेशन परिसर, परिचालन, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पुनर्विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद सासाराम स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का निरीक्षण किया। यहां प्लेटफॉर्म, पैदल ऊपरी पुल, यात्री प्रतीक्षालय, विद्युत व्यवस्था, शौचालय समेत अन्य यात्री सुविधाओं और स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने यात्री सुविधाओं के लगातार उन्नयन पर जोर दिया। सोन नगर स्टेशन पर महाप्रबंधक ने परिचालन एवं यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्लेटफॉर्म, पैदल ऊपरी पुल, यात्री प्रतीक्षालय और रेलवे अंडरपास का निरीक्षण किया। साथ ही रेलकर्मियों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित मुख्यालय और मंडल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया-आईटी जिला संयोजकों, सह संयोजकों की प्रांत स्तरीय बैठक

## 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक होंगे 13 प्रकार के कार्यक्रम : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर सोमवार को प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में 'कहानी बदलाव की' कार्यक्रम के जिला संयोजकों, सहसंयोजकों तथा सोशल मीडिया एवं आईटी टीम की प्रांत स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, प्रदेश सह-प्रभारी दीपक प्रकाश, संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, राजेश वर्मा, 'कहानी बदलाव की' के प्रदेश संयोजक मनीष पांडे, सोशल मीडिया संयोजक अनमोल शोभित सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में उनका नेतृत्व का सफर लगातार 25 वर्षों का होने जा रहा है। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक का यह सफर बिना किसी रुकावट के निरंतर आगे बढ़ा है और इस दौरान देश ने विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखे हैं।

# केवाइपी केंद्रों के पुनः संचालन के आश्वासन पर केंद्र संचालकों ने मनाया जश्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** केवाईपी केंद्रों के नवीकरण, नए नामांकन एवं प्रशिक्षण की बहाली तथा लंबित भुगतान की मांग को लेकर लंबे समय से चल रहे आंदोलन के बाद सरकार की ओर से मिले आश्वासन पर केंद्र संचालकों ने खुशी जताई। गर्दनीबाग में आंदोलन में शामिल संचालकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जश्न मनाया। आंदोलन में केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा, आमोद कुमार सिंह, जितेन्द्र तिवारी समेत विभिन्न जिलों के केंद्र संचालक शामिल रहे। आंदोलन के दौरान संचालकों ने मुख्य रूप से निम्न मांगें उठाईं– केवाईपी केंद्रों का नवीकरण, नए नामांकन एवं प्रशिक्षण की बहाली, लंबित भुगतान का निपटारा, बंद केंद्रों के पुनः संचालन की प्रक्रिया शुरू करना। सरकार से मिले आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया। केंद्र संचालकों ने कहा कि अब उनकी नजर सरकार की ओर से आश्वासन के अनुरूप होने वाली अगली कार्रवाई पर है।

# 11 सितंबर को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने किया एक दिन के देशव्यापी हड़ताल का एलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 11 सितंबर 2026 को देशभर में बैंक कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर रहेंगे। इससे बैंक की शाखाओं में होने वाले कई जरूरी काम प्रभावित हो सकते हैं। यह हड़ताल युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने बुलाई है। 4 सितंबर को बैंक यूनियनों और इंडियन बैंक एसोसिएशन के बीच बातचीत हुई थी, लेकिन उनकी मांगों पर कोई सहमति नहीं बनी। इसके बाद 11 सितंबर की हड़ताल का फैसला जारी है। यह सिर्फ किसी एक राज्य की हड़ताल नहीं है। इसका असर देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बैंक शाखाओं के कामकाज पर पड़ सकता है जिसमें महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत पूरे देश में बैंक कर्मचारी संगठनों की भागीदारी के कारण शाखाओं का काम प्रभावित हो सकता है। युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन की ओर से बुलाई गई 11 सितंबर की देशव्यापी हड़ताल का असर खास तौर पर सरकारी यानी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं पर पड़ने की संभावना है। एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ोदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंकों में कामकाज प्रभावित हो सकता है। वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक जैसे बड़े निजी बैंकों की शाखाओं पर असर की संभावना कम है। हालांकि किसी बैंक की शाखा में कामकाज पूरी तरह बंद रहेगा या नहीं, यह कर्मचारियों की हड़ताल में भागीदारी पर निर्भर करेगा।

बैंक यूनियनों की प्रमुख मांग है कि बैंक सप्ताह में सिर्फ पांच दिन, यानी सोमवार से शुक्रवार तक काम करें और शनिवार-रविवार छुट्टी रहे। इसके अलावा पेंशन, पी जल आई और कर्मचारियों से जुड़े कुछ अन्य मुद्दे भी उनकी मांगों में शामिल हैं। इन मांगों पर सहमति नहीं बनने के बाद बैंक यूनियनों ने हड़ताल का फैसला लिया है। अगर मांगों पर समाधान नहीं निकलता है तो युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने 28-30 सितंबर को तीन दिन की हड़ताल और 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की भी चेतावनी दी है।

# कई नदियों का जलस्तर स्थिर, इंद्रपुरी बराज के पास घट रहा सोन नदी का पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में बाढ़ संकट के बीच राहत भरी खबर भी आने लगी है। कई प्रमुख नदियों का जलस्तर स्थिर है और कुछ नदियों का पानी घटने लगा है। मुख्य रूप से गंगा, गंडक, कोसी और सोन नदी (इंद्रपुरी बराज) का जलस्तर कई स्थानों पर या तो स्थिर है या फिर तेजी से घट रहा है। इस मामले में आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ से राहत और बचाव कार्यों में तत्परता लाते हुए प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सुबह-शाम का भोजन, ड्राई राशन पैकेज और पॉलीथिन शीट आदि का वितरण किया जा रहा है। साथ ही आवागमन में सहूलियत की दिशा में नावों की संख्या में भी वृद्धि की गई है। आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में वाल्मीकिनगर बराज के पास गंडक का जलस्राव सोमवार को सुबह 10 बजे 1 लाख 21 हजार 500 क्यूसेक दर्ज किया गया एवं इसकी प्रवृत्ति स्थिर है। इसी तरह कोसी में वीरपुर बराज के पास नदी का जलस्राव 1 लाख 98 हजार 150 क्यूसेक और सोन नदी (इन्द्रपुरी बराज) का जलस्राव 1 लाख 33 हजार 134 क्यूसेक दर्ज किया गया। इन दोनों नदियों की प्रवृत्ति घटने की है।

# सहकारिता से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही राज्य सरकार : रामकृपाल यादव

## जेएलजी और एसएचजी से जुड़ी 8,723 महिलाओं को मिला 32 करोड़ का लोन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में सहकारिता विभाग वित्तीय समावेशन को लेकर बड़ी पहल कर रहा है। बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड अपने एवं जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) एवं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध्यम से अब तक कुल 8,723 महिलाओं को 32 करोड़ 26 लाख रुपये का लोन उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सहकारिता के माध्यम से गांव-गांव तक वित्तीय समावेशन को पहुंचाना है। ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। आने वाले समय में इसके बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। सहकारिता के जरिए राज्य की महिलाएं बिहार के विकास की धुरी बनेंगी।

**गांव-गांव तक पहुंच रही बैंकिंग सेवाएं**

सहकारी बैंकों के माध्यम से 186 दुग्ध सहकारी समितियों, 618 पैक्स, 19 पीवीसीएस एवं 07 अन्य सहकारी समितियों को बैंक मित्र के रूप में विकसित किया गया है। इन केंद्रों पर माइक्रो-एटीएम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया गया है जिससे अब किसानों को बैंक के लिए दूर नहीं जाना पड़ रहा है। सहकारिता के जरिए गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाएं पहुंच रही हैं। 16 अगस्त से एक माह तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत दुग्ध सहकारी समितियों, पैक्स, पीवीसीएस, अन्य सहकारी समितियों एवं उनके सदस्यों के नए खाते खोले जा रहे हैं।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहे सहकारी बैंक**

सहकारी बैंकों को आधुनिक बनाने की दिशा में सभी 23 जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों एवं बिहार राज्य सहकारी बैंक का सीबीएस अपग्रेडेशन पूरा कर लिया गया है। इसके बाद अब सहकारी बैंकों में भी जल्द ही मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं शुरू हो सकेंगी जिससे सहकारी बैंक भी अन्य व्यावसायिक बैंकों की तरह ग्राहकों को सुविधाएं देने में सक्षम होंगे।

# बिहार में बाढ़ का संकट टलने की उम्मीद, गंगा का जलस्तर घटा : विजय चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य में गंगा नदी रौद्र रूप दिखाने के बाद अब इसका उफान कम होने लग है। गंगा का जलस्तर घटने लगा है। संभावना है कि अगले कुछ दिनों में स्थिति तेजी सामान्य होगी। उक्त बातें उपमुख्यमंत्री व जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कही। सोमवार को जल संसाधन विभाग के सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि इस वर्ष बिहार में बाढ़ का स्वरूप पिछले वर्षों से अलग रहा। आमतौर पर नेपाल से आने वाली नदियों बागमती, कमला, कोसी और गंडक में पहले बाढ़ आती थी और इसके बाद गंगा का जलस्तर बढ़ता था। उन्होंने कहा कि इस बार इसके विपरीत सबसे पहले गंगा में ही बाढ़ की स्थिति बनी। जलवायु परिवर्तन समेत कई संभावित कारणों के बीच गंगा ने कई स्थानों पर पिछले सभी रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। पटना के गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर इस बार 50.58 मीटर तक पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष तक का उच्चतम स्तर 50.52 मीटर था। हालांकि जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन की मुस्तैदी के कारण पटना शहर सुरक्षित रहा।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, मंगलवार 08 सितंबर, 2026

# संपादकीय

## हर तरफ सिर्फ तबाही, हिमनद झीलों के खतरे को नजरअंदाज करना पड़ा भारी

नेपाल त्रासदी के बाद की जो तस्वीरें आई हैं वह बेहद ही मार्मिक हैं। इन्हें देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कुदरत की इस तबाही के बाद वहां का हाल कैसा है। न लोगों के पास रहने के लिए घर है और न ही सोने के लिए छत है। हर तरफ तबाही का मंजर था। कुदरत की इस तबाही के बाद वहां का हाल कैसा है। जहां तक नजर जाएगी वहां सिर्फ और सिर्फ टूटे मकान, बिखरे सामान और सड़कों पर रहने के लिए बेबस लोग नजर आएंगे। नेपाल और तिब्बत के सीमांत इलाकों में आई विनाशकारी बाढ़ ने प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। हिमनद टूटने और ग्लेशियल झीलों के बढ़ते खतरे के बीच भारत के हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम जैसे हिमालयी राज्यों के लिए भी यह बड़ी चेतावनी है। नेपाल और तिब्बत के सीमांत इलाकों में आई विनाशकारी बाढ़ के कारणों का विश्लेषण और नतीजों का आकलन अभी जारी रहेगा, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर इस जरूरत को रेखांकित किया है कि आशंकाओं की अनदेखी या उसके प्रति उदासीनता का परिणाम क्या हो सकता है। नेपाल का जो समूचा इलाका हिमनद टूटने की वजह से तबाह हो गया, जानमाल की व्यापक क्षति हुई, उसका आम लोग भले ही ठीक-ठीक अनुमान नहीं लगा सके होंगे, लेकिन सरकार की नजर स्थानीय उथल-पुथल के संकेतों पर रहनी चाहिए थी।साथ ही अन्य देशों में ऐसी स्थितियों के असर की आशंका हो, तो वहां की एजंसियों के साथ तालमेल से कुछ एहतियाती कदम उठाए जा सकते थे। खासतौर पर तब, जब नेपाल-तिब्बत के इस इलाके में बर्फ और चट्टानों वाला हिमस्खलन होने और उसकी वजह से बाढ़ आने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। ऐसे में सावधानी बरतना एक नियमित तकाजा था। हालांकि यह सही है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोकना संभव नहीं है, लेकिन अगर अचानक उपजने वाले खतरों को ध्यान में रख कर बचाव के पूर्व-इंतजाम किए जाएं, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।जाहिर है, अब नेपाल को अगले कुछ समय तक के लिए तबाह हो गए इलाकों में बचे-खुचे को संभालने, लापता लोगों की खोज, पुनर्वास और पुनर्निर्माण को लेकर कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। बेशक वह अपने स्तर पर यह सब करने की कोशिश करेगा, लेकिन ऐसे समय में दूसरे देशों की सहायता भी काफी मायने रखती है। प्रभावित सभी इलाकों में हुए नुकसान का आकलन सामने आने के बाद पूरी तस्वीर साफ होगी, लेकिन फिलहाल नेपाल के वित्त मंत्री का कहना है कि इस प्रलयंकारी बाढ़ से हुई क्षति की भरपाई के लिए देश को चार-पांच अरब डालर की जरूरत होगी। यह समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर पहले ही कई तरह के दबाव झेल रहे नेपाल के सामने अब इस त्रासदी की वजह से जो मुश्किल पैदा होगी, उससे निपटना उसके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा, इस बात का अध्ययन करने की जरूरत है कि व्यापक नुकसान वाली इस बाढ़ की प्रकृति, रफ्तार और नुकसान पहुंचाने का दायरा इतना अलग क्यों था और इसकी वजहें क्या होंगी।

**शिक्षा के बदलते स्वरूप के साथ शिक्षक की भूमिका भी बदल रही है। कभी शिक्षा को 'सा विद्या या विमुक्तये' अर्थात् मुक्ति और आत्मविकास का माध्यम माना गया था, लेकिन आज अनेक बार उसका लक्ष्य केवल 'नियुक्ति' प्राप्त करने तक सिमटता दिखाई देता है। ज्ञान का मूल्य इस आधार पर तय होने लगा है कि उससे कितनी आय और कितना ऊंचा पद प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षित होने की आकांक्षा बढ़ी है, लेकिन सुशिक्षित और संस्कारित होने की आकांक्षा उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। यह स्थिति केवल शिक्षा व्यवस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज की चिंता का विषय है। आज शिक्षा के व्यवसायीकरण ने इस संकट को और गहरा किया है। शिक्षा जहां मिशन और सामाजिक दायित्व होनी चाहिए थी, वहां कई स्थानों पर वह व्यवसाय का रूप लेती दिखाई देती है।**

## शिक्षा कोरी नियुक्ति ही नहीं, मुक्ति का माध्यम बने

**(ललित गर्ग)**

महान दार्शनिक और शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन इस बात का उदाहरण है कि शिक्षक केवल पेशा नहीं, एक जीवन-दृष्टि हो सकता है। उन्होंने अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाए जाने की इच्छा व्यक्त की थी। तभी से 5 सितंबर देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों के सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि भारत की शिक्षा-दृष्टि, शिक्षक की भूमिका और भावी पीढ़ी के निर्माण पर गंभीर आत्ममंथन का दिन है। किसी राष्ट्र का भविष्य केवल उसके विद्यालयों की संख्या, भवनों की भव्यता, पुस्तकों की उपलब्धता या परीक्षाओं के परिणामों से निर्धारित नहीं होता, बल्कि इस बात से तय होता है कि उसके विद्यालयों से निकलने वाला मनुष्य कितना ज्ञानवान, विवेकशील, संवेदनशील, चरित्रवान और उत्तरदायी है। इसलिए आज देश में केवल शिक्षा क्रांति की नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति की भी आवश्यकता है। यदि शिक्षा का स्वरूप बदलना है तो शिक्षा देने वाले व्यक्ति की चेतना, दृष्टि और कार्यशैली में भी परिवर्तन लाना होगा। पूरे देश में समान गुणवत्ता वाली शिक्षा की दिशा में प्रयास तभी सफल होंगे, जब प्रत्येक बच्चे को समान अवसर के साथ योग्य, संस्कारवान और प्रतिबद्ध शिक्षक मिलें। भारत की परंपरा में शिक्षा का अर्थ कभी केवल सूचना और रोजगार प्राप्त करना नहीं रहा। हमारी ज्ञान-परंपरा में गुरु वह था जो अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता था। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' भारतीय शिक्षा-दृष्टि की मूल चेतना को भी व्यक्त करता है। विद्या वह है जो मनुष्य के भीतर विवेक जगाए, उसके आचरण को परिष्कृत करे, उसे आत्मसंयम सिखाए और समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी बनाए। आज यदि शिक्षा का अर्थ केवल नौकरी, पद, वेतन और प्रतिस्पर्धा तक सीमित होता जा रहा है तो हमें शिक्षा की आत्मा को पुनः खोजने की आवश्यकता है।

शिक्षा के बदलते स्वरूप के साथ शिक्षक की भूमिका भी बदल रही है। कभी शिक्षा को 'सा विद्या या विमुक्तये' अर्थात् मुक्ति और आत्मविकास का माध्यम माना गया था, लेकिन आज अनेक बार उसका लक्ष्य केवल 'नियुक्ति' प्राप्त करने तक सिमटता दिखाई देता है। ज्ञान का मूल्य इस आधार पर तय होने लगा है कि उससे कितनी आय और कितना ऊंचा पद प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षित होने की आकांक्षा बढ़ी है, लेकिन सुशिक्षित और संस्कारित होने की आकांक्षा उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। यह स्थिति केवल शिक्षा व्यवस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज की चिंता का विषय है। आज शिक्षा के व्यवसायीकरण ने इस संकट को और गहरा किया है। शिक्षा जहां मिशन और सामाजिक दायित्व होनी चाहिए थी, वहां कई स्थानों पर वह व्यवसाय का रूप लेती दिखाई देती है। जब ज्ञान की कीमत बाजार तय करने लगे और शिक्षक की सफलता केवल परिणाम तथा वेतन से मापी जाने लगे, तब शिक्षा के मानवीय और संस्कारात्मक पक्ष का कमजोर होना स्वाभाविक है। इसके साथ गुरु-शिष्य संबंधों में भी अनेक स्तरों पर दूरी दिखाई दे रही है। शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच दुर्व्यवहार, अनुशासनहीनता और हिंसा की घटनाएं हमें चेताती हैं कि केवल पाठ्यक्रम बदलने से शिक्षा का संकट समाप्त नहीं होगा। हमें संबंधों की संस्कृति, संवाद की परंपरा और पारस्परिक सम्मान को भी पुनर्जीवित करना होगा।

महान दार्शनिक और शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन इस बात का उदाहरण है कि शिक्षक केवल पेशा नहीं, एक जीवन-दृष्टि हो सकता है। उन्होंने अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाए जाने की इच्छा व्यक्त की थी। तभी से 5 सितंबर देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके जीवन से यह संदेश मिलता है कि शिक्षक का सम्मान केवल इसलिए नहीं कि वह पढ़ाता है, बल्कि इसलिए कि वह समाज की चेतना को दिशा देता है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। विद्यार्थी के सामने आज पुस्तक के अतिरिक्त इंटरनेट, सामाजिक माध्यम, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और असंख्य डिजिटल स्रोत उपलब्ध हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षक की उपयोगिता कम नहीं हुई, बल्कि और बढ़ी है। अब शिक्षक को केवल जानकारी देने वाला नहीं, बल्कि सही जानकारी और गलत सूचना में अंतर समझाने वाला मार्गदर्शक बनना होगा। उसे विद्यार्थी को यह सिखाना होगा कि ज्ञान का उपयोग किस उद्देश्य से और किस जिम्मेदारी के साथ किया जाए। तकनीक शिक्षा का विकल्प नहीं, शिक्षक के हाथ में एक प्रभावी साधन बननी चाहिए।



महात्मा गांधी ने सर्वांगीण विकास में आत्मा, मस्तिष्क, वाणी और कर्म के संतुलन को महत्व दिया था। स्वामी विवेकानंद के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य के भीतर निहित शक्तियों को जागृत करना है। इन दोनों दृष्टियों को आज की शिक्षा व्यवस्था से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थी का मस्तिष्क ज्ञान से समृद्ध हो, हाथ कौशल से सक्षम हों, हृदय करुणा से भरा हो और चरित्र सत्य तथा ईमानदारी पर आधारित हो-यही वास्तविक सर्वांगीण शिक्षा है। केवल प्रतिभाशाली मनुष्य नहीं, बल्कि श्रेष्ठ मनुष्य बनाना शिक्षा का लक्ष्य होना चाहिए। आचार्य महाप्रज्ञ ने व्यक्तित्व-निर्माण को अत्यंत कठिन कार्य माना और इसके लिए निःस्वार्थ तथा जागरूक शिक्षक की आवश्यकता बताई। वास्तव में शिक्षक का सबसे प्रभावी पाठ उसकी पुस्तक नहीं, उसका अपना जीवन होता है। विद्यार्थी शिक्षक की कही बात से अधिक उसके व्यवहार को ग्रहण करता है। शिक्षक सत्यनिष्ठ है तो सत्य का संस्कार देता है, समय का सम्मान करता है तो अनुशासन सिखाता है, विनम्र है तो विनम्रता पैदा करता है और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित है तो समर्पण का उदाहरण बनता है। इसलिए शिक्षक प्रशिक्षण केवल नई शिक्षण पद्धतियों और तकनीकों तक सीमित नहीं होना चाहिएय उसमें चरित्र, संवेदनशीलता, संवाद-कौशल, मानसिक संतुलन, नैतिक नेतृत्व और भारतीय मूल्य-दृष्टि का भी प्रशिक्षण होना चाहिए।

शिक्षा को केवल परीक्षा और अंकों के दायरे से बाहर निकालना भी समय की मांग है। अच्छे अंक प्राप्त करना महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन अच्छे अंक अच्छे मनुष्य होने की गारंटी नहीं हैं। राष्ट्र को कुशल वैज्ञानिक, चिकित्सक, अभियंता और प्रबंधक जितने चाहिए, उतने ही ईमानदार नागरिक, संवेदनशील परिवारजन, जिम्मेदार सामाजिक कार्यकर्ता और विवेकशील नेतृत्वकर्ता भी चाहिए। इसलिए मूल्यांकन में ज्ञान के साथ रचनात्मकता, समस्या-समाधान, सहयोग, सामाजिक संवेदना, नैतिक निर्णय क्षमता और व्यवहार को भी महत्व मिलना चाहिए। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षा को अधिक समग्र, लचीला, कौशल-आधारित और भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण विचार सामने रखे हैं। लेकिन किसी नीति की वास्तविक सफलता उसके दस्तावेज में नहीं, उसके धरातलीय परिणामों में दिखाई देती है। छह वर्ष के अनुभव के बाद यह आवश्यक है कि सरकार, शिक्षाविद, शिक्षक, अभिभावक और समाज मिलकर निष्पक्षता से समीक्षा करें कि नीति के कौन-से उद्देश्य विद्यालयों तक प्रभावी रूप से पहुंचे और कहां अभी दूरी बनी हुई है। केवल पाठ्यक्रम बदलना पर्याप्त नहीं है। शिक्षक, विद्यालयी संस्कृति, परीक्षा प्रणाली, अभिभावकीय अपेक्षाएं और शिक्षा के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण-इन सभी में परिवर्तन आवश्यक है। यदि देश में 'एक जैसी शिक्षा' की बात हो रही है तो उसका अर्थ सांस्कृतिक एकरूपता नहीं, बल्कि समान गुणवत्ता और समान अवसर होना चाहिए। भारत की विविधता उसकी शक्ति है। स्थानीय भाषा, लोकज्ञान, क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करते हुए प्रत्येक बच्चे को आधुनिक विज्ञान, तकनीक, वैश्विक ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टि की समान सुविधा मिलनी चाहिए।

आज शिक्षक दिवस पर सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि हमारे विद्यालयों से कैसे मनुष्य निकल रहे हैं। यदि शिक्षा मनुष्य को अधिक विवेकशील, विनम्र, निर्भीक, करुणामय, सत्यनिष्ठ और उत्तरदायी बना रही है तो वह सफल शिक्षा है। भारत के पास दुनिया को देने के लिए केवल आधुनिक विज्ञान और तकनीकी प्रतिभा नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की ज्ञान-संपदा, आध्यात्मिक दृष्टि और मानवीय मूल्यों की महान परंपरा भी है। यदि आधुनिक विज्ञान और तकनीक का समन्वय भारतीय जीवन-मूल्यों के साथ कर दिया जाए तो भारत की शिक्षा व्यवस्था विश्व के लिए मार्गदर्शक बन सकती है। केवल पाठ्यक्रम परिवर्तन की नहीं, चेतना परिवर्तन की है। केवल रोजगारपरक शिक्षा की नहीं, जीवनपरक शिक्षा की है। शिक्षक राष्ट्र का मौन शिल्पकार है। उसके हाथों में केवल एक विद्यार्थी का भविष्य नहीं, आने वाले भारत का चरित्र है। यदि शिक्षक जागेगा तो पीढ़ी जागेगी, पीढ़ी जागेगी तो समाज बदलेगा और समाज बदलेगा तो राष्ट्र नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। यही शिक्षक दिवस का वास्तविक संदेश और विकसित, संस्कारित एवं विश्व का मार्गदर्शन करने वाले भारत की सबसे मजबूत आधारशिला हो सकती है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## उप्र 2027- चुनावी बिसात और बदलते समीकरण

**(अशोक भाटिया)**

सपा की इस रणनीति के जवाब में भारतीय जनता पार्टी भी खामोश नहीं बैठी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने अपनी संगठन मशीनरी को पूरी तरह से चुनावी मोड में डाल दिया है। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका पन्ना प्रमुख और बूथ स्तर का ढांचा माना जाता है।

उत्तर प्रदेश की राजनीति को भारतीय लोकतंत्र का हृदयस्थल माना जाता है। दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊ के गलियारों से होकर गुजरता है, यही कारण है कि देश के इस सबसे बड़े सूबे में होने वाली हर छोटी-बड़ी राजनीतिक हलचल का असर राष्ट्रीय फलक पर साफ दिखाई देता है। वर्ष 2026 की समाप्ति के करीब आते ही और 2027 के विधानसभा चुनावों की आहट के साथ उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दलों के बीच शह-मात का खेल पूरी तरह से शुरू हो चुका है। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों ने सूबे की राजनीतिक जमीन को जो नई शक्ल दी थी, उसके बाद हर दल अपनी रणनीतियों को धार देने में जुटा है। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश की सत्ता पर काबिज होकर इतिहास रचने की कवायद में जुटी है, वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी अपने 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले के सहारे दस साल के सत्ता के वनवास को खत्म करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इस बार का चुनाव केवल पारंपरिक नारों या वादों पर आधारित नहीं रहने वाला, बल्कि यह जमीन पर रची जा रही नई सामाजिक और गठबंधन राजनीति की प्रयोगशाला बनने जा रहा है।

इस राजनीतिक उठापटक और नए समीकरणों के निर्माण के बीच हाल ही में लखनऊ से एक बेहद महत्वपूर्ण और रणनीतिक खबर सामने आई, जिसने राज्य के सियासी हलकों में नई बहस छेड़ दी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा कॉकरोच जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका के बीच लखनऊ में लगभग 90 मिनट यानी डेढ़ घंटे तक चली बंद कमरे की मैराथन मुलाकात ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। इस मुलाकात के मायने केवल एक शिष्टाचार भेंट तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह 2027 के महासमर से पहले उत्तर प्रदेश की युवा और छात्र राजनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत है। आशुतोष रांका और अखिलेश यादव के बीच हुई इस चर्चा के केंद्र में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के नौजवानों के मुद्दे, लगातार होती परीक्षाओं के पेपर लीक, बेरोजगारी, छात्रों की समस्याएं और उच्च शिक्षा में आ रही गिरावट जैसे विषय शामिल रहे।

पार्टी के भीतर और बाहर इस मुलाकात को प्लान 2027 के एक अहम हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया और बेहद जागरूक मतदाता वर्ग तैयार हो चुका है, जिसे राजनीतिक विश्लेषक जेन-जी या पहली बार मतदान करने वाले युवा कहते हैं। यह युवा वर्ग पारंपरिक जातिगत राजनीति से ऊपर उठकर रोजगार, निष्पक्ष परीक्षाओं और आधुनिक अवसरों की मांग कर रहा है। अखिलेश यादव बखूबी जानते हैं कि केवल पारंपरिक मुस्लिम-यादव समीकरण या केवल सामान्य गठबंधनों के बूते भाजपा जैसी विशाल और साधन-संपन्न चुनावी मशीनरी को मात देना असंभव है। यही वजह है कि लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद सपा अब छोटे-छोटे वैचारिक समूहों, छात्र संगठनों और युवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरों को अपने पाले में लाकर भाजपा के उस युवा वोट बैंक में सेंध लगाना चाहती है, जो कभी भगवा दल की सबसे बड़ी ताकत हुआ करता था। रांका और अखिलेश यादव की यह मुलाकात इस बात की तस्दीक करती है कि विपक्ष इस बार युवाओं के आक्रोश को एक ठोस राजनीतिक वोट बैंक में बदलने की मुकम्मल तैयारी कर चुका है।

हालांकि, इस मुलाकात पर भाजपा ने भी फौरन तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा प्रवक्ताओं का कहना है कि विपक्ष के पास कोई ठोस नीति या विकास का एजेंडा नहीं है, इसलिए वह केवल भ्रम फैलाने और छोटे-छोटे संगठनों के सहारे अपनी डूबती नैया बचाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन राजनीति के जानकार इसे अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि उत्तर प्रदेश में जब भी कोई बड़ा सत्ता परिवर्तन हुआ है, उसके मूल में युवाओं और छात्रों का आंदोलन या उनका असंतोष ही रहा है। ऐसे में सीजेपी जैसी युवा केंद्रित ताकतों और सपा का करीब आना भविष्य के एक नए और बड़े सामाजिक-राजनैतिक मोर्चे की बुनियाद रख सकता है।

यदि हम उत्तर प्रदेश की समूची राजनैतिक बिसात पर नजर डालें, तो इस समय सबसे बड़ा टकराव नैरेटिव यानी विमर्श गढ़ने को लेकर चल रहा है। समाजवादी पार्टी ने इस बार आरक्षण और संविधान को अपनी राजनीति के केंद्र में रख दिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष को संविधान बचाओ के नारे से जो अप्रत्याशित लाभ मिला था, अखिलेश यादव उसे 2027 तक कायम रखना चाहते हैं। हालिया महीनों में उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण की स्थिति, 69000 शिक्षक भर्ती का विवाद और पिछड़े-दलित वर्गों के प्रतिनिधित्व को लेकर सपा ने एक आक्रामक रुख अख्तियार किया है। अखिलेश यादव लगातार जनसभाओं और सोशल मीडिया के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि वर्तमान सत्ताधारी दल दलितों और पिछड़ों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने की साजिश रच रहा है। इस नैरेटिव के जरिए सपा सीधे तौर पर भाजपा के गैर-यादव ओबीसी और गैर-जाटव दलित वोट बैंक पर निशाना साध रही है।

## बिखरते रिश्तों के बीच अकेला पड़ता बचपन, बच्चों के मन पर पड़ रही परिवार की दरार

**घर का तनावपूर्ण वातावरण बच्चों के व्यक्तित्व पर गहरा असर डालता है। माता-पिता के बीच रोज-रोज होने वाले झगड़े, कटुता और आरोप-प्रत्यारोप बच्चों को भीतर से अस्थिर कर देते हैं। ऐसे बच्चे कई बार अपने घर के माहौल की तुलना मित्रों और रिश्तेदारों के घरों से करने लगते हैं। जब उन्हें दूसरे परिवारों में सहजता और अपनापन दिखाई देता है, तो उनके भीतर शिकायतों और सवालों का एक संसार जन्म लेने लगता है, लेकिन अक्सर वे अपनी पीड़ा किसी से कह भी नहीं पाते।नकारात्मक व्यवहार और पारिवारिक कलह के बीच बड़े होते बच्चों के मन में अनेक प्रश्न दस्तक देने लगते हैं।**

**(मोनिका शर्मा)**

आज के बच्चे कम उम्र में ही घर के बदलते माहौल को समझने लगे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि एकल परिवारों में उनके पास अक्सर कोई मजबूत भावनात्मक सहारा नहीं होता। हाल ही में महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत ने बिखरते पारिवारिक परिवेश और बच्चों के भावनात्मक संसार को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। शुरुआत में खबर आई थी कि आइफोन की चाहत पूरी न होने पर 18 वर्षीय युवक ने पहाड़ी से कूदकर आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस जांच में घटना के पीछे कहीं अधिक गंभीर और जटिल पारिवारिक परिस्थितियां सामने आईं। जांच के अनुसार, युवक अपने माता-पिता के बीच बढ़ती दूरियों और पारिवारिक संबंधों की उलझनों से मानसिक रूप से परेशान था।

बताया गया कि पारिवारिक विवादों से व्यथित युवक पहाड़ी पर खड़ा होकर माता-पिता को अपनी जान देने की धमकी दे रहा था। उसे बचाने के लिए पुलिस, अग्निशमन दल और परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। लंबे समय तक समझाइश, मिन्नतों और भावनात्मक अपीलों का दौर चलता रहा, लेकिन मानसिक रूप से बेहद तनावग्रस्त युवक पर किसी की बात का असर नहीं हुआ। उसे बचाने के प्रयास में उसके पिता का भी संतुलन बिगड़ गया और दोनों करीब 300 फीट नीचे जा गिरे। इस भयावह दृश्य के बीच वहां मौजूद मां ने भी पहाड़ी से छलांग लगा दी। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत उस भावनात्मक संकट का प्रतीक है, जो परिवारों के भीतर चुपचाप आकार ले रहा है।

आज के बच्चे कम उम्र में ही घर के बदलते माहौल को समझने लगे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि एकल परिवारों में उनके पास अक्सर कोई मजबूत भावनात्मक सहारा नहीं होता। कहीं माता-पिता के अलगाव की वर्षों तक चलने वाली कानूनी प्रक्रिया बच्चों को असुरक्षित बना देती है, तो कहीं एक ही छत के नीचे रहते हुए रिश्तों में आई खामोश दरारें उनके मन में भय पैदा करती रहती हैं।

घर का तनावपूर्ण वातावरण बच्चों के व्यक्तित्व पर गहरा असर डालता है। माता-पिता के बीच रोज-रोज होने वाले झगड़े, कटुता और आरोप-प्रत्यारोप बच्चों को भीतर से अस्थिर कर देते हैं। ऐसे बच्चे कई बार अपने घर के माहौल की तुलना मित्रों और रिश्तेदारों के घरों से करने लगते हैं। जब उन्हें दूसरे परिवारों में सहजता और अपनापन दिखाई देता है, तो उनके भीतर शिकायतों और सवालों का एक संसार जन्म लेने लगता है, लेकिन अक्सर वे अपनी पीड़ा किसी से कह भी नहीं पाते।नकारात्मक व्यवहार और पारिवारिक कलह के बीच बड़े होते बच्चों के मन में अनेक प्रश्न दस्तक देने लगते हैं। वे समझ नहीं पाते कि माता-पिता के बीच रोज-रोज की नाराजगी और तल्खी का कारण क्या है। उनके सामने सबसे बड़ी उलझन यह होती है कि आखिर कौन सही है और कौन गलत। कई बार माता-पिता अनजाने में बच्चों को अपने विवादों का हिस्सा बना लेते हैं और उनसे दूसरे अभिभावक के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने की अपेक्षा करते हैं। यह स्थिति बच्चे के मन पर असहनीय दबाव डाल सकती है।कई परिवारों में बच्चों को माता-पिता के हिंसक व्यवहार का भी सामना करना पड़ता है। पहले से तनाव और असुरक्षा से जूझ रहा बालमन ऐसे व्यवहार से आहत होता है। संवेदनात्मक स्तर पर अकेले पड़ते बच्चों में से कुछ घर छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, तो कुछ गंभीर आत्मघाती विचारों की ओर बढ़ रहे हैं। पारिवारिक विवादों से जुड़े अध्ययनों में संकेत मिला है कि बच्चों के घर छोड़ने के पीछे बड़ों का अपमानजनक व्यवहार और घर का असुरक्षित वातावरण खास कारणों में शामिल होता है।



वास्तव में, बच्चे चाहे छोटे हों या किशोरावस्था में पहुंच चुके हों, उनकी दुनिया माता-पिता से गहराई से जुड़ी होती है। खुशी की चहक हो या सुरक्षा का एहसास, बालमन अपनी अनुभूतियों को परिवार के साये में ही आकार देता है। इसके विपरीत, लंबे समय तक माता-पिता के संबंधों में नकारात्मकता देखने वाले बच्चों का मन और मस्तिष्क इस उहापोह से अछूता नहीं रह सकता। उनका विश्वास टूटने लगता है, उम्मीदें बिखरने लगती हैं और भय तथा असुरक्षा धीरे-धीरे उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाते हैं।

सूचनाओं और तकनीक की भरमार वाले इस दौर में बच्चे पहले की तुलना में अधिक जागरूक हैं। वे घर के तनाव, आर्थिक समस्याओं, रिश्तों की दूरी और माता-पिता के व्यवहार को समझते और महसूस करते हैं। इसलिए अभिभावकों को भी बच्चों के मनोभावों को समझने के लिए अधिक संवेदनशील होना होगा। परिवार का तनावपूर्ण माहौल बच्चे के विकास के हर मोर्चे पर जोखिम पैदा कर सकता है। बच्चे निराशावादी हो सकते हैं और अपने मन की बातें साझा करना बंद कर सकते हैं।

मनोवैज्ञानिक शोध भी पारिवारिक अस्थिरता के बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों की ओर संकेत करते हैं। अस्थिर पारिवारिक वातावरण में बड़े होने वाले बच्चों में चिंता, तनाव और कम आत्मसम्मान जैसी समस्याएं अधिक देखने को मिल सकती हैं। माता-पिता की उदासी, घर में लगातार विवाद, अपमानजनक व्यवहार और असुरक्षित वातावरण उनके विकास को प्रभावित करते हैं। कई बच्चे मानवीय संबंधों, विश्वास और संवाद की स्वस्थ समझ विकसित करने में कठिनाई महसूस करते हैं और अधूरे आत्मविश्वास के साथ बड़े होते हैं।

स्पष्ट है कि माता-पिता का मनमुटाव बच्चों के मन का वातावरण भी बदल देता है। अभिभावकों का अलगाव हो या साथ रहते हुए लगातार चलने वाली कटुता, दोनों ही स्थितियां बच्चों के जीवन को अशांति और उलझनों से भर सकती हैं। माता-पिता के बीच असहमतियों और नकारात्मक टिप्पणियों का प्रतिदिन सामना करने वाले बच्चों की जिंदगी कई बार दिशाहीन हो जाती है।

यह समस्या केवल आम परिवारों तक सीमित नहीं है। चर्चित और संपन्न परिवारों में भी रिश्तों का बिखराव बच्चों को प्रभावित करता है। यही कारण है कि न्यायालय भी वैवाहिक विवादों में बच्चों के हित और उनकी भावनात्मक स्थिरता को विशेष महत्त्व देते रहे हैं। कुछ समय पहले दिल्ली उच्च न्यायालय में एक वैवाहिक विवाद की सुनवाई के दौरान जुड़वां बच्चियों ने माता-पिता के झगड़ों और आपसी हिंसा को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की थी। बच्चियों की बातों ने यह स्पष्ट कर दिया कि माता-पिता के विवादों की सबसे बड़ी कीमत अक्सर बच्चे चुकाते हैं।

ऐसे में जरूरी है कि अभिभावक केवल तलाक या अलगाव की प्रक्रिया के दौरान ही नहीं, बल्कि साथ रहते हुए भी अपने संबंधों में संयम और सहजता बनाए रखने का प्रयास करें। मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन बच्चों के सामने अपमान, हिंसा और कटुता का प्रदर्शन उनके मन पर स्थायी घाव छोड़ सकता है। अगर रिश्ते बचाना संभव न हो, तो भी बच्चों के हित में सम्मानजनक संवाद और सहयोगपूर्ण सह-अभिभावकत्व आवश्यक है।

बच्चे अक्सर शब्दों से अधिक अपने माता-पिता के व्यवहार से सीखते हैं। इसलिए बड़ों का संवेदनशील, संयमित और संतुलित व्यवहार ही बच्चों के मनोविश्व को सुरक्षित रख सकता है। रिश्तों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन बच्चों का बचपन मतभेदों की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। आखिर एक सुरक्षित, प्रेमपूर्ण और संवादपूर्ण परिवार ही उस मजबूत पीढ़ी की नींव रख सकता है, जो जीवन की चुनौतियों से टूटने के बजाय उनका सामना करना सीखे।

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

## पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में बाढ़ की स्थिति को लेकर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ विभिन्न बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं । इस दौरान उन्होंने कुरसेला, बरारी, मनिहारी के धुरियाही एवं सिंगलटोला तथा अमदाबाद प्रखंड के पारदियारा सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया और बाढ़ पीड़ित लोगों की समस्याएं सुनीं। सोमवार को मनिहारी पहुंचे जिलाधिकारी ने मनिहारी सिंगलटोला के बाढ ग्रस्त लोगों से मिलकर समस्याओं सुनी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपदा की इस घड़ी में किसी भी पीड़ित परिवार को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बाढ़ प्रभावित लोगों को सरकार द्वारा निर्धारित सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लगातार बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव



कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही है। दौरे के क्रम में जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बाढ़ के कारण घर छोड़कर सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर शरण लेने वाले परिवारों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बेघर एवं विस्थापित परिवारों के लिए सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है, जहां जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान संक्रामक बीमारियों की आशंका को देखते हुए चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए और जरूरतमंद लोगों को समय पर इलाज उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा पशुपालन, पीएचईडी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी अपने-अपने स्तर से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल, स्वास्थ्य, भोजन और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। दौरे के दौरान अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर समाहर्ता आपदा फिरोज अख्तर, मनिहारी के अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, अंचलाधिकारी मनिहारी चंदन कुमार सहित पशुपालन, पीएचईडी, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी के इस दौरे से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अंचलाधिकारी मनिहारी चंदन कुमार ने बताया कि मनिहारी प्रखंड क्षेत्र में 28880 परिवार 130000 आवादी बाढ से प्रभावित है। इनके बीच 37 सामुदायिक कीचन चलाये जा रहे हैं। बाढग्रस्त क्षेत्रों में आमजन की आवागमन की सुविधा को लेकर 11 नाव चलाये जा रहें हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी थाना क्षेत्र के देवी बरेटा के रेलवे ट्रेक के पास सोमवार सुबह करीब 9 बजे ट्रेन की चपेट में आने से करीब 60 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हो गई। महिला का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार आशंका है कि महिला ट्रेन से यात्रा कर रही थी और इसी दौरान गिरकर ट्रेन की चपेट में आ गई।सूचना मिलते ही एसआई आलोक कुमार एसआई अमित कुमार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।देर शाम तक नहीं हो सकी पहचान घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस ने महिला की पहचान कराने का प्रयास किया,लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी।

## मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की राह पर कल्याण अधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बिहार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी संघ बिसवा के तत्वावधान में संघ के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय कल्याण पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से अररिया जिले के शीर्ष अधिकारियों को सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन माननीय मंत्री तथा सचिव, पदाधिकारी अररिया एवं जिला कल्याण पदाधिकारी अररिया को संयुक्त रूप से सौंपा गया। क्षेत्रीय समस्याओं और संसाधनों के अभाव से बेबस हैं अधिकारी ज्ञापन के माध्यम से संघ ने ध्यानाकृष्ट कराया कि बिहार की लगभग 20 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं जनजाति आबादी के सर्वांगीण विकास का दायित्व उठाने वाले प्रखंड व अनुमंडल



अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार सरकार के नाम प्रेषित किया गया है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भरगामा श्री नरेश कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अररिया प्रवीण कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पलासी प्रिंस कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सिकटी मनीष भारद्वाज, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रानीगंज कैसर आलम, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी अररिया रंजीत कुमार वर्मा तथा अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी फारबिसगंज बसंत कुमार सिंह शामिल थे। यह ज्ञापन जिला पदाधिकारी अररिया, उप विकास आयुक्त अररिया, अपर समाहर्ता अररिया, अनुमंडल कल्याण अधिकारी मूलभूत संसाधनों के घोर अभाव और प्रत्यक्ष योजनाओं की कमी के कारण बेबस महसूस कर रहे हैं। विभागीय स्तर पर बार-बार अनुरोध के बावजूद अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि विभाग द्वारा इन न्यायसंगत मांगों पर जल्द ही कोई ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो कल्याण संवर्ग के सभी पदाधिकारी दिनांक 11 सितंबर 2026 (शुक्रवार) को लोकतांत्रिक तरीके से विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इसके बाद भी मांगें न माने जाने पर संघ सामूहिक अवकाश पर जाने के साथ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन का घोषणा करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### निशांत कुमार मिश्रा बने लोजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी, लोजपा नेता मजहर आलम ने दी बधाई

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निदेर्शानुसार लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र कुमार मुन्ना ने पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता, फारबिसगंज, परवाहा (अररिया) निवासी नीतीश कुमार मिश्रा उर्फ निशांत कुमार मिश्रा जी को लोक जनशक्ति पार्टी का बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।



इस संबंध में लोजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र कुमार मुन्ना की ओर से मनोनियन पत्र जारी किया गया है। मनोनियन पत्र में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र कुमार मुन्ना ने कहा है कि निशांत कुमार मिश्रा जी की कार्य कुशलता एवं पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप गई है। उनसे पार्टी के कार्य एवं दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र कुमार मुन्ना ने विश्वास जताया है कि निशांत कुमार मिश्रा जी के कुशल नेतृत्व एवं सक्रिय प्रयासों से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और सुदृढ़ होगी, तथा पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। निशांत कुमार मिश्रा जी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत होने पर लोजपा कार्यकताओं, समर्थकों व लोजपा नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है । बधाई देने वालों में मो मुकारिब, मो अजीम, मनीष सुर्य भारती, प्रतीक अमित पासवान शामिल हैं। वहीं लोजपा नेता (रामविलास) मोहम्मद मजहर आलम ने कहा है कि उनके मनोनयन से प्रदेश भर में पार्टी के संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही साथ प्रदेश भर में आपसी सहयोग वो सामंजन से प्रदेश वो जिला संगठन को मजबूत करने के लिए जिला स्तर पर लगातार विभिन्न प्रकोष्ठों और प्रखंड कमेटियों का गठन एवं विस्तार किया जा रहा है। लोजपा नेता मो मजहर आलम ने कहा कि निशांत कुमार मिश्रा जी को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल के लिए असीम शुभकामनाएं।

### पानी में डूबकर किशोर की मौत, माता-पिता बाल-बाल बचे

**डंडखोरा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के महेशपुर पंचायत अन्तर्गत टिकैली गांव में घास काटने गये एक चौदह वर्षीय बालक की डूब कर मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान महेशपुर पंचायत के वार्ड नंबर 6 निवासी निरंजन साह का पुत्र अंकित कुमार (14) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अंकित अपने माता- बाप के साथ घास काटने गया था। घास लेकर नाव से नदी पार कर रहा था इसी दौरान संतुलन बिगड़ जाने से नाव के साथ तीनों सवार डूब गये।अंकित के माता-पिता तो किसी तरह पानी से बाहर निकल गये। लेकिन अंकित के गहरे पानी में चले जाने उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों सहित गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है। अंचल पदाधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है।राजस्व कर्मचारी से प्रतिवेदन की मांग की गई है।जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद आपदा विभाग के निदेर्शानुसार मुआवजा देने की कारवाई की जाएगी। घटना पर मुखिया नीलम देवी, पूर्व प्रमुख सूरज साह, वार्ड सदस्य शंकर साह, समाजसेवी राजू मिस्त्री सहित अन्य लोगों ने दुख प्रकट करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

### जानकी एक्सप्रेस से नेपाली शराब की खेप बरामद

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजकीय रेल पुलिस जीआरपी मनिहारी को रविवार को बड़ी सफलता मिली। जयनगर से चलकर मनिहारी पहुंची 15284 जानकी एक्सप्रेस ट्रेन से तस्करी कर लाई जा रही नेपाली शराब की खेप बरामद की गई। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मनिहारी रेल थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में प्रतिदिन की तरह ट्रेनों की विशेष जांच की जा रही थी। इसी दौरान जानकी एक्सप्रेस की एक जनरल बोगी में सीट के नीचे छिपाकर रखे गए दो झोले और एक पिट्ठू बैग पर पुलिस जवानों की नजर पड़ी। संदिग्ध सामान की विधिवत तलाशी लेने पर उसमें से 71 छोटी बोतल नेपाली देशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा करीब 21 लीटर 300 मिलीलीटर बताई जा रही है।पुलिस ने शराब को जब्त कर लिया है और इसके तस्करों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।अभियान में थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार के अलावा एएसआई मिथिलेश कुमार सिंह, आरपीएफ के एसआई अनुज कुमार तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# महापौर ने जनता दरबार में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार में प्रत्येक सोमवार की तरह महापौर ऊषा देवी अग्रवाल की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर ने नगर निगम स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पहुंचे 23 फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क एवं नाला निर्माण, बिजली के पोल एवं स्ट्रीट लाइट, आवागमन के रास्ते, अतिक्रमण से जुड़े विवाद,नालों की साफ-सफाई



सहित विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। महापौर ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।महापौर ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान नगर निगम की प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे नगर निगम प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। ताकि आम लोगों के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर महापौर ने पिछले जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने नीरज कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार राज्य कर्मचारी संघ के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय परिसर में व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। नामित निर्वाचन अधिकारी मो.अंसारी हक की देखरेख मे आयोजित इस बैठक में 03 पदों के लिए सर्वसम्मति नहीं बनने के कारण मतदान कराया गया। पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्ष रुप से कराये गये चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए नीरज कुमार एवं मो. साबिर करीम के बीच मतदान हुआ।मतपत्रों की गिनती में नीरज कुमार को 160 तो



मो. साबिर करीम को 53 मत प्राप्त हुआ। इस तरह नीरज कुमार 107 मतों के अंतर से विजयी घोषित किये गये।उपाध्यक्ष पद के लिए मनीष कुमार वर्मा और अरविन्द कुमार सिंह आमने सामने रहे। लेकिन अरविन्द कुमार सिंह ने 41 वोटों से बढत हासिल कर ली। वहीं संयुक्त सचिव पद के लिए हुए चुनाव में अभिमन्यु कुमार ने प्रभाष कुमार वत्स को 103 मतों से शिकस्त दी।

# सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की नगर आयुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार के प्रशाल भवन में नगर आयुक्त संतोष कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहयोग पोर्टल पर ऑनलाइन एवं विभिन्न सहयोग शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई।नगर आयुक्त श्री कुमार ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आवेदनों के निष्पादन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्हें समयबद्ध एवं त्वरित गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर एवं ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त नागरिकों के आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता



के आधार पर किया जाए। ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में विभिन्न शाखाओं से संबंधित आवेदनों की स्थिति, निष्पादन में आ रही समस्याओं तथा लंबित मामलों के कारणों पर भी चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने सभी संबंधित कर्मियों एवं पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए आवेदनों के त्वरित निष्पादन एवं पोर्टल पर समय पर अद्यतन करने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी ससमय उपस्थित रहे।

# कुरसेला हत्याकांड का 24 घंटे में उद्भेदन, एक नामजद गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुसेर्ला (कटिहार)।** कुसेर्ला थाना क्षेत्र के मोरसंडा दीरा चांदपुर नहर के समीप हुई युवक मो. तबारक (22) की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर उद्भेदन करने का दावा किया है। मामले में नामजद आरोपी मो. सहजान (30) पिता जद्दार निवासी राजेन्द्र पार्क डुमरिया थाना कुसेर्ला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार हत्या पूर्व के पैसों के विवाद को लेकर की गयी थी। मृतक की मां वादिनी जेबुन खातून ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया कि 5 सितंबर की शाम करीब सात बजे तबारक को मो. सहजान, चंदन मंडल और अन्य अज्ञात लोग घर से बुलाकर



मोटरसाइकिल से नहर स्थित मचान पर ले गये थे। वहां पूर्व के पैसों के विवाद को लेकर उसके पुत्र से झगड़ा किया गया। विवाद बढ़ने पर धारदार हथियार से तबारक का गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गयी। घटना के बाद कुसेर्ला थाना में कांड संख्या 362/26 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टु सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम एसआईटी गठित की गयी। पुलिस के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने घटना में शामिल नामजद आरोपी मो. सहजान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# गोदाम का ताला तोड़कर 10 लाख रुपए नकद व अनाज चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** जोकीहाट थाना क्षेत्र के बलुआ चौक स्थित काफिया ट्रेडर्स के गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा नकदी समेत बड़ी मात्रा में अनाज चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर दुकान संचालक बागमारा निवासी कैसर अली ने जोकीहाट थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आवेदन के अनुसार कैसर अली करीब 10 वर्षों से बलुआ चौक पर गेहूं, चावल व अन्य सामान की खरीद-बिक्री का कारोबार करते हैं। उन्होंने बताया कि 5 सितंबर 2026 की रात गोदाम में ताला लगा हुआ था और वे घर चले गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर अंदर रखा सामान चोरी कर लिया। सुबह गोदाम पहुंचने पर ताला टूटा मिला। जांच करने पर पता चला कि वहां रखे 10 लाख रुपए नकद के अलावा गेहूं, चावल, पाट व मकई के बोरे गायब हैं। कारोबारी के अनुसार चोरी हुए सामान को किसी वाहन पर लादकर ले जाने की आशंका है। उन्होंने बताया कि काफी खोजबीन के बावजूद चोरी गए सामान का कोई पता नहीं चला। कैसर अली ने पुलिस से मामले की उचित जांच कर चोरी गए नकद व सामान की बरामदगी तथा आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन पर दर्ज विवरण के मुताबिक जोकीहाट थाने में कांड संख्या 375/26, दिनांक 06 सितंबर 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस अब घटनास्थल की जांच, आसपास के लोगों से पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। चोरी की वास्तविक रकम और अनाज की कुल कीमत का सत्यापन पुलिस जांच के बाद स्पष्ट होगा।

# नॉर्थ ईस्टर्न चैंबर ऑफ कॉमर्स के 11वीं बार अध्यक्ष बने विमल सिंह बेगानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में विमल सिंह बेगानी ने जीत हासिल की है। वे 11वीं बार चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष बने हैं। श्री बेगानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 162 मतों से पराजित किया। निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि चेंबर अध्यक्ष पद के सत्र 2026- 28 के लिए पूर्व में संपन्न चुनाव में नरोत्तम जोशी निर्विरोध चुने गए थे। लेकिन अचानक उनके निधन से यह पद खाली हो गया था। निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह अधिवक्ता एवं सहायक चुनाव पदाधिकारी भुवन अग्रवाल ने बताया कि विमल सिंह बेगानी को 324 , संजीव माहेश्वरी को 162, अमित अग्रवाल सालमारी को 162 और



अशोक कुमार साह उर्फ भोला साह को 40 मत प्राप्त हुए। 06 मत को रद्द किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल सिंह बेगानी ने कहा कि पूर्व की तरह चेंबर हित में हमेशा कार्य करता रहूंगा । उन्होंने कहा कि सदस्यों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। श्री बेगानी के जीत पर सांसद तारिक अनवर, पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद,निगम पार्षद मनीष घोष हर्षवर्धन अग्रवाल, राजकुमार मुरारका, राजेश पटवारी ,भाजपा मजदूर नेता विकास सिंह,पंकज शर्मा, अनिल यादुका,संतोष गुप्ता,पूर्व निगम पार्षद किशन बजाज,अमित गुप्ता उर्फ. बबलू गुप्ता, कांग्रेस जिला प्रवक्ता पंकज तमाखुवाला,रवि कुमार चौधरी, लक्ष्मीपद बेगानी, बबलू अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, साकेत बेगानी, पंकज अग्रवाल, विकास खंडेलिया, राजा केशरी, बिट्टू यदुवंशी, अप्पू खंडेलिया, अमित शर्मा, रमन कुमार बल, नन्ददेव गुप्ता, आलोक भोपालका, निखिल भोपालका, श्रवण मोर, मनोज गुप्ता आदि ने हार्दिक बधाई दी हैं। उम्मीद जताया है कि चेंबर का कार्य और बेहतर होगा।

# बाढ़ राहत को लेकर विधायक ने प्रशासन से की तत्काल व्यवस्था की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** गंगा एवं कोसी नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण मनिहारी एवं अमदाबाद प्रखंड के कई पंचायतों और गांवों में बाढ़ का खतरा गंभीर होता जा रहा है। मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद प्रशासन को पत्र भेजकर राहत, बचाव और आवश्यक सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था करने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में बताया कि मनिहारी प्रखंड अंतर्गत साहेबनगर एवं चितौरिया पंचायत के कई इलाके बाढ़ से प्रभावित हो रहे हैं। साहेबनगर पंचायत के वार्ड संख्या 04 एवं 05 के अंतर्गत साहेबनगर गांव सहित आसपास के पोसिया एवं अन्य प्रभावित टोले में पानी तेजी से फैल रहा है। यहां करीब दो हजार



की आबादी और लगभग 1600 परिवारों के प्रभावित होने की आशंका जताई गई है। विधायक ने बताया कि कई स्थानों पर पानी प्रवेश कर चुका है और स्थिति बिगड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ सकता है।उन्होंने पोसिया ढाला, वार्ड सदस्य के दरवाजे तथा साहेबनगर क्षेत्र में सामुदायिक भोजनालय की व्यवस्था करने, दो नाव उपलब्ध कराने तथा बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होने देने की मांग की है। वहीं चितौरिया पंचायत में कोसी बांध के पूरब और पश्चिम दोनों ओर स्थित गांव एवं टोले प्रभावित हो रहे हैं। यहां वार्ड संख्या 01, 03, 04 और 05 के क्षेत्रों में पानी तेजी से प्रवेश कर रहा है तथा करीब 3500 परिवारों के प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की गई है। विधायक ने बांध पर विभिन्न स्थानों, बीच चितौरिया प्राथमिक विद्यालय, वार्ड 04 तथा वार्ड 01 के संबंधित टोले में सामुदायिक भोजनालय संचालित करने की मांग की है। पत्र में धुरियाही पंचायत के सभी छह वार्डों के प्रभावित होने का भी उल्लेख किया गया है। राहत व्यवस्था के लिए वार्ड 01 के काली पूर्व टोला, पश्चिम टोला और शेरशाहवादी टोला, वार्ड 02 में महियारपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं तेरासी टोला, वार्ड 03 में बाबुरबन्नी प्राथमिक विद्यालय, वार्ड 04 के हवा महल क्षेत्र, वार्ड 05 के प्राथमिक विद्यालय क्षेत्र तथा वार्ड 06 में राहत एवं सामुदायिक भोजनालय की व्यवस्था की मांग की गई है। विधायक ने कहा कि अमदाबाद प्रखंड के भवानीपुर, चौकिया एवं पार दियारा पंचायत पूरी तरह प्रभावित हो चुके हैं, जबकि उत्तरी करिमुल्लापुर, दक्षिणी करिमुल्लापुर, किशनपुर और जंगला ताल पंचायतों में भी पानी तेजी से फैल रहा है। उन्होंने पॉलीथिन, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त नाव, रोशनी, महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधाएं तथा निष्पक्ष ढंग से राहत सामग्री वितरण सुनिश्चित कराने की मांग की है। विधायक ने प्रशासन से बाढ़ प्रभावित लोगों की सुरक्षा और राहत के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है।

संक्षिप्त समाचार

## बैंकिंग सिस्टम में पैसा ही पैसा, फिर भी आरबीआई की चिंता बढ़ी, 10.5 लाख करोड़ का पूरा मामला समझें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के सामने इस समय बैंकिंग सिस्टम में मौजूद भारी




मात्रा में नकदी को संभालने की चुनौती है। सोमवार को होने वाली 30 दिन की वैरिएबल रेट रिवर्स रेपो नीलामी में करीब 7 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी सिस्टम से बाहर निकालने की कोशिश करेगा। इस नीलामी का नतीजा यह तय करने में अहम होगा कि आरबीआई आगे योजना से आई रिकॉर्ड 10.5 लाख करोड़ रुपये की लिक्विडिटी को कैसे संभालता है। बाजार के जानकारों का कहना है कि अतिरिक्त नकदी को नियंत्रित करने के लिए दूसरे उपायों का भी सहारा लेना पड़ सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इनमें सेल-बाय डॉलर स्वैप और खुले बाजार में सरकारी बॉन्ड बेचने यानी ओपन मार्केट ऑपरेशंस जैसे कदम शामिल हैं। सोमवार की नीलामी में अगर बैंक बड़ी मात्रा में पैसा के पास जमा करते हैं, तो यह संकेत होगा कि केंद्रीय बैंक की लिक्विडिटी को सामान्य स्तर पर बनाए रखने की कोशिश कुछ हद तक सफल रही है। इकोनॉमिस्ट माधवी अरोड़ा के मुताबिक, आरबीआई के लिए एक आसान विकल्प यह हो सकता है कि वह करीब 36 अरब डॉलर की फॉरवर्ड डॉलर पोजीशन को अगले एक साल में मैच्योर होने दे। उनका कहना है कि मौजूदा डॉलर इनफ्लो का इस्तेमाल इन पोजीशन को खत्म करने में किया जा सकता है। इससे देश में आए डॉलर के बदले सिस्टम में पैदा हुई अतिरिक्त रुपये की नकदी को भी कम करने में मदद मिलेगी।

### उम्मीद से ज्यादा आया पैसा

इन विशेष योजनाओं से कुल इनफ्लो करीब 136 अरब डॉलर रहा, जबकि शुरुआत में इसके 80 से 90 अरब डॉलर रहने का अनुमान था। इसका मतलब है कि अनुमान से करीब 50 अरब डॉलर यानी लगभग 5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त लिक्विडिटी सिस्टम में आई है। जरिए सरकारी बॉन्ड बेचने के लिए आसान विकल्प नहीं है। अगर बाजार में बड़ी मात्रा में बॉन्ड की सप्लाई बढ़ती है, तो उनकी यील्ड बढ़ सकती है। इससे सरकार के लिए बाजार से पैसा उधार लेना महंगा हो सकता है। बैंक के हेड ट्रेजरी आलोक सिंह ने कहा कि सोमवार की नीलामी के नतीजे के आधार पर आरबीआई आगे और नीलामियां कर सकता है। उन्होंने बताया कि आरबीआई पहले 90 दिन की नीलामी भी कर चुका है। ऐसे में मौजूदा स्थिति में लंबी अवधि की वीआरआरआर नीलामी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### पैसा जल्दी निकालने का विकल्प

सोमवार की एक नई सुविधा भी दी है। इसमें बैंक और दूसरे प्रतिभागी समय से पहले अपना पैसा वापस निकाल सकेंगे। बैंकरों के मुताबिक, इसकी जरूरत इसलिए पड़ी है क्योंकि 15 सितंबर को एडवांस टैक्स भुगतान के कारण बैंकिंग सिस्टम में अचानक नकदी की कमी हो सकती है। बैंकरों का कहना है कि इस अतिरिक्त नकदी को संभालने के लिए तेजी से फैसले लेने होंगे। चुनौती इसलिए ज्यादा बड़ी है क्योंकि एक तरफ देश में लिक्विडिटी रिकॉर्ड स्तर पर है, जबकि दूसरी तरफ दुनिया में ब्याज दरें बढ़ रही हैं और घरेलू महंगाई भी बढ़ने की आशंका है। 7 लाख करोड़ रुपये की नीलामी से न सिर्फ यह पता चलेगा कि बैंक अतिरिक्त नकदी को पास रखने के लिए कितने तैयार हैं, बल्कि इससे आने वाले समय में केंद्रीय बैंक की लिक्विडिटी मैनेजमेंट रणनीति की दिशा का भी संकेत मिल सकता है।

# एयर इंडिया को मिलेगा नया बॉस, लेकिन सीट पर नहीं लिखा होगा सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेकॉर्ड घाटे से जूझ रही टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया को नया बॉस मिलने जा रहा है। इथियोपियन एयरलाइंस के प्रमुख रह चुके टेवोल्डे गेब्रेमरियम सोमवार को एयर इंडिया की कमान संभालेंगे। वह पूर्व चीफ एग्जीक्यूटिव कैंपबेल विल्सन की जगह लेंगे। यह बदलाव ऐसे समय में हो रहा है जब एयरलाइन पर सुरक्षा और ऑपरेशनल भरोसे को बेहतर बनाने तथा नुकसान को कम करने का दबाव है। एयर इंडिया का एफवाय26 में घाटा बढ़कर 22,238 करोड़ रुपये पहुंच गया।

ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि गेब्रेमरियम को अभी आधिकारिक तौर पर सीईओ और अकाउंटेबल मैनेजर का पद नहीं दिया जाएगा। इसकी वजह यह है कि उनकी सिक्योरिटी क्लीयरेंस अभी बाकी है। उम्मीद की जा रही है कि एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन सोमवार को एक टाउन हॉल में कर्मचारियों से उनका परिचय कराएंगे। इसके साथ ही उनके ऑपरेशनल कामकाज की शुरुआत होगी। गेब्रेमारियम की सिक्योरिटी क्लीयरेंस महीने के आखिर तक मिलने की उम्मीद है।




### क्या हैं चुनौतियां

एयर इंडिया ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि चंद्रशेखरन और एयर इंडिया के पूर्व चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप सिंह खरोला शुरुआती कुछ महीनों में उनके साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। खरोला पिछले महीने टाटा एयरलाइन से जुड़े थे और गेब्रेमरियम का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

गेब्रेमरियम ऐसे समय में एयर इंडिया की कमान संभाल रहे हैं जब एयरलाइन को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एयरलाइन ने अपने मालिकों, टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से 10,000 करोड़ की नई इक्विटी की मांग की है। सूत्रों ने बताया कि नए प्रमुख को एयरलाइन को सुरक्षित और टिकाऊ स्थिति में लाने के लिए जरूरी कदम उठाने की काफी आजादी दी जाएगी।

### नए बॉस से उम्मीद

गेब्रेमरियम के पास इथियोपियन एयरलाइंस में काम करने के दौरान ऑपरेशनल और इंजीनियरिंग क्षमताएं बनाने का काफी अनुभव है। उम्मीद की जा रही है कि वह एयर इंडिया के टेक्निकल ऑर्गनाइजेशन और मेंटेनेंस सिस्टम को मजबूत करेंगे। इसकी वजह यह है कि एयरलाइन अब काफी बड़े फ्लीट को ऑपरेट करने की तैयारी कर रही है। सीनियर अधिकारियों ने कहा कि गेब्रेमरियम जरूरत पड़ने पर टीमों में बदलाव करेंगे या उनके काम करने के तरीके को नए सिरे से व्यवस्थित करेंगे। एयर इंडिया के एक कर्मचारी ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि कई सीनियर एग्जीक्यूटिव कंपनी छोड़ सकते हैं क्योंकि नए नए लोगों को लाएंगे। ग्रोथ और फ्लीट के विस्तार पर ध्यान देने के साथ-साथ, गेब्रेमरियम से कहा गया है कि वह कैश, लागत और मुनाफे पर कड़ी नजर रखें, लीडरशिप पाइपलाइन को मजबूत करें और सभी विभागों में ज्यादा जवाबदेही के साथ बेहतर परफॉर्मेंस वाला कल्चर बनाएं।

## सोना 500 सस्ता हुआ, चांदी में भी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की कीमत में आज फिर तेजी आई है। इसका असर सोने और चांदी की कीमत पर देखने को मिल रहा है। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोने की कीमत में 500 रुपये की गिरावट आई है जबकि चांदी 1,300 रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई। फिजिकल मार्केट में भी सोने की कीमत में 600 रुपये से अधिक गिरावट आई है जबकि चांदी फ्लैट ट्रेड कर रही है। दो सत्र में सोने की कीमत में 3,600 रुपये की गिरावट आई है जबकि चांदी 6,000 रुपये सस्ती हो गई है। एमसीएक्स पर 5 अक्तूबर की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,52,767 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था और आज यह 1,52,279 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 500 रुपये से अधिक गिरावट के साथ 1,52,225 रुपये तक गिरा। सुबह 10.10 बजे यह 528 रुपये की गिरावट के साथ 1,52,239 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह 4 दिसंबर की डिलीवरी वाली चांदी पिछले सत्र में 2,37,658 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। आज यह 2,37,176 रुपये पर खुली और शुरुआती कारोबार में 1,300 रुपये से अधिक गिर गई। सुबह 10.25 बजे यह 795 रुपये की गिरावट के साथ 2,36,863 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। 5 मार्च की डिलीवरी वाली चांदी भी 1,203 रुपये की गिरावट के साथ 2,43,217 रुपये पर थी।

## बाबा नीम करौली, स्टीव जॉब्स और ऐपल के लोगो का है बड़ा कनेक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीम करौली बाबा के जीवन पर बनी फिल्म 'हनुमान अंश' ने इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है। करीब 2 करोड़ रुपये में बनी यह फिल्म 100 करोड़ रुपये से अधिक कमा चुकी है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर भी तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। इनमें एक दावा यह भी किया जा रहा है कि दुनिया की टॉप टेक कंपनियों में शामिल कंपनी ऐपल का डिजाइन भी नीम करौली बाबा से प्रेरित था क्योंकि सेब उनका पसंदीदा फल था। ऐपल के फाउंडर स्टीव जॉब्स साल 1974 में बाबा नीम करौली के आश्रम में आए थे और स्वदेश लौटने पर उन्होंने ऐपल की स्थापना की थी। आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल मार्केट कैप के हिसाब से आज दुनिया की दूसरी बड़ी कंपनी है। इसकी स्थापना साल 1976 में जॉब्स ने स्टीव वॉज्नियाक और रोनाल्ड वेन के साथ मिलकर की थी। वेन ने ही कंपनी का पहला लोगो आइजक न्यूटन की तस्वीर थी। इसमें वह सेब के पेड़ के नीचे बैठे थे। यह लोगो उस घटना को बयां कर रहा था जिसने न्यूटन को गुरुत्वाकर्षण की खोज के लिए प्रेरित किया था। इस डिजाइन में कंपनी का नाम एक रिबन पर लिखा है जो तस्वीर के चारों ओर लिपटा हुआ है।

### कैसे बदला लोगो

लेकिन जॉब्स को लगा कि यह लोगो बहुत पुराने जमाने का है और इसे छोटे आकार में प्रिंट करना मुश्किल है। उन्होंने कंपनी का लोगो बनाने का काम डिजाइनर रॉब जैनॉफ को दिया। जॉब्स ने जैनॉफ से केवल एक ही बात कही थी कि इसे क्यूट मत बनाना। वह ऐसा लोगो चाहते थे जो मॉडर्न कंप्यूटर डिजाइन की अहमियत को दिखाए और ऐपल ब्रांड के नाम के साथ अच्छी तरह मेल खाए।

जैनॉफ ने सेब का ऐसा डिजाइन बनाया जिसमें इंद्रधनुष के रंगों का इस्तेमाल किया गया था। इस नए डिजाइन ने कंपनी के कंप्यूटर की खासियत को उजागर किया जो दुनिया का पहला कलर्ड-डिस्प्ले वाला कंप्यूटर था। सेब के कटे हुए हिस्से वाले लोगो को जान-बूझकर इस तरह डिजाइन किया गया था ताकि इसे चेरी और दूसरे फलों से अलग पहचाना जा सके। जैनाफ ने कटे हुए हिस्से के बारे में एक इंटरव्यू में कहा था, 'सेब के आकार का कंप्यूटर से कोई लेना-देना नहीं था। इसका मकसद लोगों को यह दिखाना था कि कंप्यूटर कोई ऐसा सख्त धातु का टुकड़ा नहीं है जिसकी आपके घर में कोई जगह न हो या जिसके पास आपका बच्चा भी न जाना चाहे।' उन्होंने कहा, 'कई फलों में डंठल होता है, वे गोल होते हैं और उनसे एक पत्ता लटका होता है। इसलिए 'बाइट' का मकसद शुरू में यह दिखाना था कि यह एक है, कुछ और नहीं। साथ ही, यह इस बात का भी प्रतीक था कि यूजर्स इस कंप्यूटर से कितना सारा ज्ञान हासिल करेंगे।

# कम आय वालों को भी आसानी से मिलेगा लोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आमतौर पर देखा जाता है कि अमीर या अधिक आय वालों को लोन की जरूरत पड़ने पर उन्हें आसानी से लोन मिल जाता है।



लेकिन, यहां सवाल यह है कि जिनकी आय कम हो या जो गरीब लोग हैं, उन्हें जरूरत पड़ने पर लोन कहां से मिलेगा इस सवाल का हम यहां खास जवाब लेकर आएं हैं।

देश में कई ऐसे बैंक या वित्तीय संस्था हैं, जो लोन उपलब्ध कराती हैं, लेकिन हम यहां दो सरकारी योजनाओं के बारे में बता रहे हैं, जो कम सैलरी या गरीब लोगों को आसानी से लोन की सुविधा दे रही हैं। इनके नाम प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और पीएम स्वनिधि योजना है। आइए इनके बारे में जानते हैं।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना क्या है

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को भी कहते हैं। इसके तहत कृषि से जुड़े कार्यों जैसे डेयरी, मुर्गी पालन; सर्विस (सेवा क्षेत्र- ट्रांसपोर्ट, सैलून, टेलरिंग आदि), मैन्युफैक्चरिंग (छोटी उत्पादन इकाइयां, हस्तशिल्प कारीगर), व्यापार (दुकानदारों, खुदरा व्यापारियों, फल-सब्जी विक्रेताओं आदि) समेत अन्य क्षेत्रों के लिए लोन दिया जाता है। शुरुआत में इस योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के लोन दिए जाते थे, लेकिन बाद में (2024) इसमें 'तरुण प्लस' नाम से एक कैटेगरी जोड़ी गई, जिसके तहत लोन की राशि बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी गई। सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

### पीएम स्वनिधि योजना क्या है

पीएम स्वनिधि योजना के तहत पात्र व्यापारियों को पहले चरण में पांच हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक का लोन मिलता है। इसको एक साल में चुकाना होता है। अगर कोई इस लोन को समय पर चुका देता है तो वह दूसरे चरण के लोन को पाने के लिए पात्र हो जाता है। दूसरा लोन कम से कम 15 हजार रुपये से लेकर के अधिकतम 25 हजार रुपये तक का होता है। इसे कुल 18 ईएमआई (अधिकतम 18 महीना)में चुकाने होते हैं। दूसरा लोन चुकाने वाला व्यक्ति इस योजना के तीसरे चरण के लोन के लिए पात्र हो जाता है। तीसरा लोन कम से कम 30 हजार रुपये से लेकर अधिकतम 50 हजार रुपये तक का होता है।

## ग्रे मार्केट में 300 तक प्रीमियम, सरकारी बीमा कंपनियों की बल्ले-बल्ले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोस्ट अवेटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज आईपीओ का इंतजार खत्म हो गया है। बीते सप्ताह में ही इस आईपीओ को सेबी से मंजूरी मिली है। आईपीओ के इश्यू प्राइस और लिस्टिंग डेट का ऐलान तो नहीं हुआ है लेकिन ग्रे मार्केट में इसे तगड़ा रेस्पॉन्स मिल रहा है। स्टॉक एक्सचेंज का ग्रे मार्केट प्रीमियम 150-180 प्रति शेयर से बढ़कर 280-300 प्रति शेयर तक पहुंच चुका है। वहीं, अनलिस्टेड मार्केट में ह्रस्थ के शेयर अब 2000 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर हैं। बता दें कि अनलिस्टेड प्राइस वह कीमत है जिस पर लिस्टिंग से पहले कंपनी के मौजूदा शेयरों का लेन-देन होता है जबकि वह प्रीमियम है जो निवेशक लिस्टिंग से पहले शेयरों के लिए प्राइस या अनुमानित इश्यू प्राइस से ज्यादा देने को तैयार होते हैं। हालांकि, एक्सपर्ट एनएसई का प्राइस बैंड 1800 प्रति शेयर रहने का अनुमान लगा रहे हैं। प्रस्तावित में 40 मिलियन शेयर बेचकर पांच सरकारी बीमा कंपनियों को लगभग 7200 करोड़ का बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। इस लिस्ट में जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया सबसे आगे है। इसके अलावा, न्यू इंडिया एश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया और ओरिएंटल इंश्योरेंस का नंबर आता है। इन कंपनियों ने एनएसई के शेयर 6.8 करोड़ में खरीदे थे और अब से उन्हें दूसरी तिमाही में भारी मुनाफा होने की उम्मीद है।

## ओपीईसी+ ने नहीं बढ़ाया तेल उत्पादन, कच्चा तेल उछलकर 100 डॉलर के करीब पहुंचा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपीईसी+ ने अक्टूबर 2026 के लिए अपने तेल उत्पादन लक्ष्य में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। संडे 6 सितंबर को हुई वर्चुअल बैठक में ग्रुप के सात प्रमुख देशों ने सितंबर के उत्पादन स्तर को ही अक्टूबर के लिए जारी रखने पर सहमति जताई। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल निर्यात में रुकावट ने वैश्विक तेल बाजार की चिंता बढ़ा दी है। इस फैसले के बाद इंटरनेशनल मार्केट में सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं। बैठक में सऊदी अरब, रूस, इराक, कुवैत, कजाकिस्तान, अल्जीरिया और ओमान ने हिस्सा लिया। इन सातों देशों ने अक्टूबर के लिए सितंबर 2026 के निर्धारित उत्पादन स्तर को बनाए रखने का फैसला किया है। कहा है कि सातों देश हर महीने बैठक कर वैश्विक तेल बाजार की स्थिति और भविष्य के अनुमान की समीक्षा करते रहेंगे। अगली बैठक 4 अक्टूबर को होगी।

### किस देश का कितना तेल उत्पादन

अक्टूबर के उत्पादन कार्यक्रम के तहत रूस का उत्पादन लक्ष्य 99.49 लाख बैरल प्रतिदिन रहेगा। वहीं, सऊदी अरब के लिए यह लक्ष्य 104.78 लाख बैरल प्रतिदिन तय किया गया है। अन्य देशों के उत्पादन लक्ष्य इस प्रकार हैं: मुआवजा उत्पादन को छोड़कर इन सात देशों का संयुक्त अक्टूबर उत्पादन लक्ष्य करीब 3.101 करोड़ बैरल प्रतिदिन रहेगा। ओपेक प्लस ने साथ ही व्यापक उत्पादन समझौते का पालन करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई है। ओपेक+ का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब ईरान युद्ध के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते तेल की आवाजाही प्रभावित हो रही है। यह समुद्री मार्ग दुनिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण तेल शिपिंग रूट है।

### सितंबर में बढ़ाया था उत्पादन

इससे पहले अगस्त में सितंबर के लिए तेल उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया था। इसके साथ समूह ने 2023 में लागू किए गए 16.5 लाख बैरल प्रतिदिन के अतिरिक्त उत्पादन कटौती को चरणबद्ध तरीके से वापस लेने की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। हालांकि, ओपीईसी+ के 21 सदस्य देशों में से ज्यादातर के लिए 2026 के अंत तक एक और उत्पादन कटौती लागू है। इन कटौतियों को वापस लेने से पहले समूह को सदस्य देशों की वास्तविक उत्पादन क्षमता का आकलन करना होगा। इसके बाद 2027 के लिए नए उत्पादन बेसलाइन तय किए जाएंगे। इन्हीं बेसलाइन के आधार पर अगले साल अलग-अलग देशों के उत्पादन कोटा तय होंगे।

# भारत में एक्टिव क्रेडिट कार्ड यूजर्स की संख्या 120 मिलियन से अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में वित्तीय संस्थाएं और बैंक अपने ग्राहकों को ऑनलाइन खरीदारी समेत अन्य जरूरी कार्यों के लिए क्रेडिट कार्ड जारी करते हैं। इन कार्ड्स के कई प्रकार होते हैं, जिनमें प्रीमियम और सुपर प्रीमियम कार्ड, कैशबैक कार्ड, रेगुलर कार्ड, ट्रैवल कार्ड, को-ब्रांडेड कार्ड, सिक्योर्ड कार्ड शामिल होते हैं।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, देश में एक्टिव क्रेडिट कार्ड यूजर्स की संख्या 120 मिलियन से अधिक हो गई है। वहीं, इनका मासिक कार्ड खर्च बढ़कर 2.02 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया है। इस बीच हम क्रेडिट कार्ड के दो खास प्रकार यानी कि प्रीमियम क्रेडिट कार्ड और सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड की बात कर रहे हैं। हम जानेंगे कि इन दोनों में से कौन कितना दमदार है और इसके साथ ही हम यह भी जानेंगे कि ये अपने यूजर्स को कौन-कौन सी सुविधाएं देते हैं।

अलग-अलग बैंकों के द्वारा इसका सालाना चार्ज भिन्न-भिन्न हो सकता है। कुछ बैंक 10 हजार रुपये भी चार्ज करते हैं, इनमें यूजर्स के लिए काफी सारी सुविधाएं होती हैं। वैसे तो क्रेडिट कार्ड के लिए अच्छे सिबिल स्कोर, एक निश्चित इनकम समेत अन्य चीजों की जरूरत होती है, लेकिन यह सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड उन लोगों के लिए खास है, जो होममेकर हैं, छोटे बिजनेस वाले हैं।




### प्रीमियम क्रेडिट कार्ड क्या होता है

प्रीमियम क्रेडिट कार्ड की बात करें तो यह एक हाई श्रेणी का कार्ड होता है। इसका इस्तेमाल खासकर के वे लोग करते हैं, जो केवल ज्यादा कमाते ही नहीं हैं बल्कि महंगे शौक के साथ-साथ अधिक खर्च भी करते हैं। यह कार्ड रेगुलर क्रेडिट कार्ड की तुलना में अधिक सुविधा देने वाला होता है। हालांकि, इसकी वार्षिक फीस भी अधिक होती है।

### सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड क्या होता है

अब बात सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड की करते हैं। इसे हिंदी में सुरक्षित क्रेडिट कार्ड कहते हैं। यह कार्ड उन्हीं ग्राहकों को मिल सकता है, जिनका बैंक में एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) होती है। मतलब कि एफडी पर ही सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड जारी किया जाता है।

## फिर लौट रहा है 1997 जैसा वित्तीय संकट, भारत पर भी खतरा, दिग्गज की चेतावनी- इस बार बैंक नहीं, एआई होगी वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई अर्थव्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ने लगी है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में तेजी, जापानी येन में भारी गिरावट और टेक्नोलॉजी शेयरों में बढ़ता उत्साह 1997 के एशियाई वित्तीय संकट से पहले की परिस्थितियों की याद दिला रहा है। चीफ इकोनॉमिस्ट फ्रेडरिक न्यूमन का मानना है कि आज एशिया की कमजोरी 1990 के दशक जैसी नहीं है। इस बार सबसे बड़ा खतरा बैंकिंग सिस्टम नहीं, बल्कि अमेरिका में ढ्ढ इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले भारी खर्च की मांग है। 31 अगस्त के एक नोट में न्यूमन ने मौजूदा आर्थिक हालात और 1997 के संकट से पहले की परिस्थितियों के बीच कई समानताएं बताईं। उनके मुताबिक, 1990 के दशक में अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड अक्टूबर 1993 में करीब 5 प्रतिशत से बढ़कर नवंबर 1994 में लगभग 8 प्रतिशत पहुंच गई थी। अप्रैल 1997 तक यह करीब 7 प्रतिशत के आसपास बनी हुई थी। मौजूदा दौर में भी फरवरी से अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड करीब 80 बेसिस पॉइंट बढ़कर लगभग 4.79 प्रतिशत हो गई है। अगस्त 2020 में यह करीब 0.5 प्रतिशत के ऐतिहासिक निचले स्तर पर थी। मुद्रा बाजार में भी 1997 से कुछ समानताएं दिखाई दे रही हैं। अप्रैल 1995 से अप्रैल 1997 के बीच जापानी येन डॉलर के मुकाबले करीब 55 प्रतिशत कमजोर हुआ था। यह 80 येन प्रति डॉलर से गिरकर 130 के स्तर तक पहुंच गया था। मौजूदा दौर में भी येन में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। जनवरी 2021 में करीब 103 येन प्रति डॉलर के स्तर से गिरकर जुलाई में यह 163 के करीब पहुंच गया। इसके बाद अमेरिका और जापान को मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप कर येन को स्थिर करने की कोशिश करनी पड़ी। दोनों दौर में टेक्नोलॉजी को लेकर निवेशकों का जबरदस्त उत्साह भी एक समान नजर आता है।

# प्रभारी मंत्री ने लिया बाढ़ राहत कार्यों का जायजा

## सामुदायिक रसोई में पीड़ितों को परोसा भोजन, मेडिकल कैंप का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड में बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 07/09/26: बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के मंत्री एवं भोजपुर जिला प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, रविवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण करने बड़हरा के बबुरा पहुंचे। बबुरा हाई स्कूल में रसोई और मेडिकल कैंप का निरीक्षण प्रभारी मंत्री ने बबुरा हाई स्कूल में संचालित सामुदायिक रसोई एवं राहत शिविर का जायजा लिया। उनके साथ बिहार सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर एवं बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे। प्रभारी मंत्री ने सामुदायिक रसोई के भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया और विधायक के साथ मिलकर बाढ़ पीड़ितों को अपने हाथों से भोजन



परोसा। इसके बाद हाई स्कूल में संचालित मेडिकल कैंप का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दवाइयां रखने का निर्देश दिया। मौके पर मौजूद जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सदर अनुमंडलाधिकारी, आपदा प्रभारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की गई।

**क्या बोले प्रभारी मंत्री**

प्रभारी मंत्री ने कहा कि बड़हरा में बाढ़ की स्थिति भयावह है। यहां के अधिकतर पंचायत बाढ़ के चंगुल में हैं। सभी जगह राहत कार्य चल रहा है। सामुदायिक किचन, मेडिकल टीम, नावों की व्यवस्था की गई है। प्लास्टिक शीट का भी वितरण किया जा रहा है। मांग बढ़ने पर और प्लास्टिक शीट की व्यवस्था की जा रही है। पशु चारा की कमी को देखते हुए बहुत जल्द चारा की भी व्यवस्था हो जाएगी। बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

**विधायक ने कहा 40 जगह चल रहा है किचन**

वहीं बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बड़हरा में बाढ़ पीड़ितों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। लगभग 40 स्थानों पर सामुदायिक किचन संचालित है। ट्रक्टक्की टीम मुस्तैदी से तैनात है, नावों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि वे प्रतिदिन राहत कार्यों की समीक्षा करते हैं और उनका मोबाइल नंबर 24 घंटे जनता के लिए खुला है।

# 9 को वाराणसी से अन्नपूर्णा देवी 'राष्ट्रीय पोषण माह' का करेंगी शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी 9 सितंबर को वाराणसी में महिलाओं, बच्चों और किशोरों के पोषण और स्वास्थ्य में सुधार के मकसद से महीने भर चलने वाले नौवें 'राष्ट्रीय पोषण माह 2026' की शुरुआत करेंगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, लॉन्च इवेंट वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कोऑपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर में होगा। इसमें केंद्रीय मंत्री के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और राज्य के मंत्री व अधिकारी शामिल होंगे। बयान में कहा गया है कि 2018 में शुरू होने के बाद से हर साल सितंबर में मनाया जाने वाला 'राष्ट्रीय पोषण माह' एक 'जन आंदोलन' बन गया है। यह महिलाओं, बच्चों और किशोरों के बीच पोषण, स्वास्थ्य और देखभाल से जुड़ी आदतों को बेहतर बनाने के लिए समुदायों को एकजुट करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सुपोषित भारत' के विजन से प्रेरित होकर, जो 2047 तक 'विकसित भारत' की नींव रखेगा, 'राष्ट्रीय पोषण माह 2026' के तहत 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। यह योजना एक दशक से माताओं के पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी आदतों को बेहतर बनाने में मदद कर रही है। बयान के अनुसार, 100 प्रतिशत कवरेज अभियान के तहत सभी पात्र गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को योजना से जोड़ा जाएगा, 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' में तेजी लाई जाएगी और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) द्वारा इसे स्थानीय स्तर पर लागू करने के लिए एक पीएमएमवीवाई टूलकिट लॉन्च की जाएगी। लॉन्च कार्यक्रम की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 'पोषण मेला' के निरीक्षण और दीप प्रज्वलन के साथ होगी। इस दौरान गर्म पका हुआ भोजन, घर ले जाने के लिए राशन (टेक-होम राशन), घर-घर जाकर दी जाने वाली सेवाओं और बचपन की देखभाल व शिक्षा पर लाभार्थियों के अनुभव वाले वीडियो दिखाए जाएंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच सीधी बातचीत होगी। पीएमएमवीवाई के 10 साल पूरे होने और 'पोषण माह 2026' के लॉन्च पर बनी फिल्में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अभियान को औपचारिक रूप से शुरू करने के लिए माहौल तैयार करेंगी। 'राष्ट्रीय पोषण माह 2026' सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पंचायतों और घरों में सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाएगा। यह इस बात को दोहराएगा कि एक अच्छी तरह से पोषित बच्चा हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है और 'विकसित भारत' की सबसे मजबूत नींव है।

# कार्रवाई : चार करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पूर्णियां।** 6 सितम्बर की देर साम पूर्णिया पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बंगाल से कुर्सेला-टीकापट्टी के रास्ते रूपौली में नशीले पदार्थ की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, धमदाहा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम के द्वारा तीनटंगा मोड़ के पास वाहन जाँच के दौरान एक उजले रंग की किया कार को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से 2130.90 ग्राम स्मैक/ब्राउन शुगर, नगद-40,260/-रुपया एवं 06 मोबाईल फोन जब्त किए गए। मौके से दो पुरुष और चार महिला तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के मोबाईल में भारी लेन-देन का विवरण पाया गया है, जो सीमांचल इलाके में संगठित नशीले पदार्थों के व्यापार का संकेत देता है। इनसे विशेष टीम के द्वारा पूछ-ताछ की जा रही है साथ हीं गिरोह के अन्य सदस्यों और इनके अन्तर्राज्यीय संबंधों को खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार लोगों में विष्णु कुमार, शेखर कुमार, सहित चार महिला अभियुक्त शामिल हैं।

## आधे घंटे की बारिश ने जलनिकासी व्यवस्था पर उठाए सवाल

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोतिहारी शहर में सोमवार को हुई महज आधे घंटे की बारिश ने एक बार फिर जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। बारिश के बाद नगर निगम क्षेत्र के धर्म समाज रोड और जमला रोड स्थित एलआईसी कार्यालय के पास सड़क पर भारी जलजमाव हो गया। देखते ही देखते प्रमुख सड़कें पानी में डूब गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। धर्म समाज रोड शहर की प्रमुख सड़कों में शामिल है और यहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। सड़क पर पानी भरने के कारण पैदल चलने वालों के साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**बारिश होते ही फिर जमा हो जाता है पानी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि धर्म समाज रोड और आसपास के इलाकों में जलजमाव की समस्या नई नहीं है। बारिश होते ही सड़क पर पानी जमा हो जाता है और इसके निकलने में काफी समय लगता है। इससे रोजाना आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है।

## सारण में बाढ़ के पानी में डूबे व्यक्ति का शव बरामद

**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र में बाढ़ के पानी में डूबे व्यक्ति का शव आज सोमवार को बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुर्बला गांव निवासी अरुण राय(42)माही नदी में आये बाढ़ के पानी में डूब गया था। जिसके शव की तलाश की जा रही थी। आज सोमवार को उसका शव पानी में तैरता दिखा। जिसके बाद स्थानीय थाना पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव को पानी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# भोजपुर में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राहत, बचाव एवं सुरक्षा कार्य जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर में जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव एवं सुरक्षा कार्य लगातार जारी हैं।

**78 सामुदायिक रसोई संचालित**


प्रभावित लोगों के लिए 78 सामुदायिक रसोई संचालित हैं, जिनके माध्यम से अब तक 93,490 मील्स/थाली भोजन कराया जा चुका है।

**निःशुल्क नावों का परिचालन**

प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित आवागमन एवं राहत कार्यों के लिए 243 निजी नाव, 6 मोटर बोट एवं 4 बोट एंबुलेंस कार्यरत हैं।

**25 मेडिकल कैंपों में 2,043 लोगों का उपचार**

आज 25 स्वास्थ्य शिविरों में 2,043 लोगों का उपचार किया गया। अब तक 10,000 से अधिक लोगों का उपचार हो चुका



है। 5,933 हैलोजन टैबलेट्स वितरित किए गए तथा 22 स्थानों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया।

**6 पशु चिकित्सा कैंपों का संचालन**

पशुधन की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जिले में 6 पशु स्वास्थ्य शिविर संचालित किए जा रहे हैं। पशुओं के लिए अब तक 350 क्विंटल पशुचारा वितरित किया जा चुका है। आवश्यकता वाले क्षेत्रों में चिन्हांकन के आधार पर पशुचारा उपलब्ध कराया जा रहा है।

**13,321 पॉलिथीन शीट्स का वितरण**

प्रभावित परिवारों के बीच अब तक 13,321 पॉलिथीन शीट्स का वितरण किया जा चुका है। बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। त्वरित कार्रवाई हेतु पदाधिकारियों एवं कर्मियों की तीन शिफ्टों में 247 प्रतिनियुक्ति की गई है। आवश्यकतानुसार त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन भी संचालित किए जा रहे हैं। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र चौबिस घंटे सक्रिय है। किसी भी आपात स्थिति में 94723 98730 एवं 06182-221233 पर संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# आपदा प्रबंधन मंत्री का भागलपुर आगमन पर जदयू कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा के सोमवार को भागलपुर आगमन पर जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। स्थानीय जिला परिसदन पहुंचने पर मंत्री श्री सदा ने कहा कि भागलपुर में बाढ़ की स्थिति को लेकर मंगलवार को समीक्षा बैठक की जाएगी। इसके साथ ही वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण एवं भ्रमण कर जमीनी स्थिति का जायजा ली जायेगी। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों,



प्रशासन की तैयारियों, राहत एवं बचाव कार्यों तथा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने बताया कि संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं एनडीए नेताओं के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय भ्रमण किया जाएगा तथा प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। इस अवसर पर सांसद अजय मंडल ने कहा कि आपदा प्रबंधन मंत्री का भागलपुर आकर बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करना राज्य सरकार की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जदयू के जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए प्रशासन एवं सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर हरसंभव सहयोग कर रहे हैं। जदयू नेत्री शबाना दाऊद ने कहा कि सरकार और प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। वहीं जदयू नेता शेखर पांडेय ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेना और उसी के अनुरूप राहत एवं बचाव कार्य को मजबूत करना सरकार की तत्परता को दर्शाता है। इस मौके पर प्रदेश महासचिव शंभू शरण चौधरी, प्रदीप कुशवाहा, शैलेन्द्र तोमर, सोनी कुमारी, सीपु मंडल, अर्जुन साह, उमा मोदी, प्रीति कुमारी, जीत राणा, शाबान खान, महेश दास संजीत राय, रिंटू चंद्रवंशी, ब्रजेश कुमार, रितुराज, मेराजुद्दीन, गोलू मंडल, एहसान उल राजा, वसीम अकरम, रोजी रानी, अशोक सिंन्हा, उज्जवल कुमार, सुलतानुजमा, निसार अहमद, दुर्गेश कुमार, विकास कुमार, संयुक्ता कुमारी, सोनू द्वारकाधीश के साथ-साथ काफी तादाद में जदयू के पदाधिकारीगण कार्यकतागण उपस्थित थे।

# प्रभारी सचिव ने बाढ़ राहत शिविर का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** राज्य सरकार के खेल विभाग के सचिव सह जिला प्रभारी सचिव दीपक आनंद ने सोमवार को जिले के बाढ़ पीड़ितों के लिए संचालित बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शिविर में रह रहे लोगों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की। इस दरम्यान श्री आनंद ने भोजन, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं स्वच्छता की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रभारी सचिव ने तैयार भोजन के गुणवत्ता की स्वयं



जांच की और बाढ़ प्रभावित परिवारों के पशुओं के लिए की गई पशु चारा की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। बाद में उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न बाढ़ राहत शिविरों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। ताकि प्रभावित लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके। श्री आनंद ने भागलपुर शहर के टीएनबी कॉलेजिएट स्कूल परिसर स्थित राहत शिविर की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए कहा कि इन व्यवस्थाओं से बाढ़ प्रभावित लोगों को काफी राहत मिल रही है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) विकास कुमार सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# फर्जी पासपोर्ट व अवैध विदेशी वीजा गिरोह का पर्दाफाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** मधुबनी पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट एवं अवैध विदेशी वीजा गिरोह का पर्दाफाश किया है। उक्त कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया के दौरान की गयी। वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसएसपी योगेन्द्र कुमार ने दी।

उन्होने बताया कि 06/07 सितंबर की मध्य रात्रि समय में घोघरडीहा थाना की पुलिस टीम हनुमान चौक के पास रात्रि गश्ती एवं विशेष वाहन चेकिंग अभियान पर थी, तो इसी क्रममें शत्रुपट्टी की ओर से आ रहे एक बाईक सवार दो व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर अचानक बाइक घुमाकर फरार होने लगे। पुलिस बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए दोनों को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की पहचान मो. इरशाद एवं रफी अहमद के रूप में हुई। उनके पास मौजूद काले रंग के बैग एवं बाईक की विधिवत तलाशी लेने पर बैग से भारत के विभिन्न राज्यों एवं जिलों से निर्गत कुल 62 मूल पासपोर्ट, पांच खाली रजिस्ट्री लिफाफ़े और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में मो. इरशाद ने बताया कि उसके पिता मो. आरजू द्वारा गांव के ग्रामीण डाक सेवक मो. अदनान हुसैन के पते पर देश के अलग-अलग हिस्सों से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर पासपोर्ट मंगवाए जाते हैं। इसके बाद वे दोनों इन पासपोर्ट्स को पटना एवं कानपुर के एजेंटों (मयंक एवं श्रवण) तक पहुंचाने का काम करते हैं। एसएसपी ने योगेन्द्र कुमार बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्ति से प्राप्त स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल सघन छापामारी करते हुए मुख्य सरगना मो. आरजू एवं डाककर्मी मो. अदनान हुसैन को भी उनके घरों से विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया तथा उनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। पूछताछ में मो. आरजू ने बताया कि रूस में रहने के दौरान वह अंतरराष्ट्रीय एजेंटों के संपर्क में आया था। वर्ष 2024 से वह डाककर्मी की मिली भगत से नौकरी का प्रलोभन देकर पासपोर्ट मंगाता था तथा प्रति पासपोर्ट दो-दो लाख रूपया लेकर टूरिस्ट वीजा पर अवैध रूप से विदेश भेजता था। साथ ही अन्य लोगों के नाम पर फर्जी पासपोर्ट व दस्तावेज तैयार कर तस्करी का सिंडिकेट चला रहा था। इस संदर्भ में घोघरडीहा थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार चारों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस द्वारा गिरोह से जुड़े पटना व कानपुर के एजेंटों की गिरफ्तारी हेतु विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में घोघरडीहा थाना क्षेत्र के किसनीपट्टी गांव निवासी मो. इरशाद पिता मो. आरजू, शत्रुपट्टी गांव निवासी रफी अहमद पिता सफी अहमद, किसनीपट्टी गांव निवासी मो. आरजू पिता मो. खलील, शत्रुपट्टी गांव निवासी मो. अदनान हुसैन पिता कमरे आलम शामिल है। वहीं व्यक्तियों के पास से 62 पासपोर्ट, पांच डाक लिफाफ़े, एक बाईक एवं चार मोबाईल बरामद किए गए है।

# पंचायत उत्सव भवन से ग्रामीणों को मिलेंगी सस्ती एवं सुलभ मांगलिक आयोजन की सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह, मुंडन एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए ग्रामीण आबादी को सुलभ एवं सस्ती दरों पर स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्रामीण विधान सभा में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाएगा। यह योजना ग्राम पंचायतों के माध्यम से क्रियानवित एवं संचालित की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत उत्सव भवनों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। प्रथम चरण में प्रदेश की 71 ग्रामीण विधान सभाओं में एक-एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण के लिए धनराशि अवमुक्त की गई है। प्रत्येक भवन की अनुमानित लागत 1.41 करोड़ रुपये आकलित की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम चरण के अंतर्गत प्रदेश की 71 ग्रामीण विधान सभाओं में पंचायत उत्सव भवनों का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। पंचायत उत्सव भवन के निर्माण के लिए तीन हजार वर्गमीटर भूमि की आवश्यकता होगी, जिसमें 520 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कराया जाएगा। प्रस्तावित भवन में 100 लोगों की क्षमता वाला हॉल, स्टेज/मंडप, तीन कमरे, भूतल पर शौचालय सहित एक दिव्यांगजन हितैषी कमरा, पुरुष एवं महिला शौचालय, दिव्यांगजन शौचालय तथा रसोईघर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। द्वितीय चरण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 71 पंचायत उत्सव भवन निर्माण हेतु नियमित बजट से 100 करोड़ रुपये दिये जाने का प्राविधान है तथा अनुपूरक बजट से 78 पंचायत उत्सव भवन निर्माण के लिए 109 करोड़ रुपये की धनराशि का बजट प्राविधान किया गया है। इस योजना से ग्रामीण परिवारों को वैवाहिक एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सस्ती दरों पर सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। साथ ही, ग्राम पंचायतों के माध्यम से संचालित होने वाले इन भवनों से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सुविधाओं का विस्तार और स्थानीय स्तर पर जनसुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। पंचायत उत्सव भवन का संचालन ग्राम पंचायत दवारा निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चयनित निविदादाता से अनुबंध किया जाएगा। पंचायत उत्सव भवन का संचालन रखरखाव एवं आवंटन का कार्य अनुबंधित निविदादाता द्वारा ही किया जाएगा। उपरोक्त कार्य के लिए अनुबंध अधिकतम 05 वर्ष के लिए मान्य होगा। भवन का रखरखाव, मरम्मत, जल शुल्क, विद्युत का व्यय भार वहन करने तथा संचालन इत्यादि अनुबंध अवधि में संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जाएगा, जो अनुबंध की शर्तों में सम्मिलित किया जाएगा। निविदा के लिए शेष शर्तें, संचालन की मानक प्रक्रिया एवं पंचायत उत्सव भवन के आवंटन की दरों आदि पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा निर्णय लिया जायेगा। उपरोक्तानुसार चयनित निविदादाता द्वारा अनुबन्ध से पूर्व ही प्रथम वर्ष की धनरशि एकमुश्त ग्राम पंचायत से ओएसआर खाते में जमा की जायेगी।

# प्रशासन ने बंटवाया त्रिपाल

**आरा/उदवंतनगर (भोजपुर) (नबिटा संवाददाता)।** नई आशा की पहल पर आरा प्रखंड के भदेया एवं उदवंतनगर प्रखंड के बडकागांव मुसहर टोला में त्रिपाल का वितरण कराया गया। बसंतपुर पंचायत के मुखिया सुजीत सिंह उर्फ अंगद ने भदेया मुसहर टोली के कल शाम त्रिपाल बंटवाने के साथ सामुदायिक रसोई में भोजन करवाया।



# वाहन से 358 लीटर शराब बरामद, एक को किया गया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सुपौल।** सुपौल जिले के भपटियाही थाने क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े वाहन से 358 लीटर शराब बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शरथ आर एस ने आज बताया कि गुप्त रूप में यह सूचना मिली कि एक बड़े वाहन द्वारा शराब कि तस्करी की जाने वाली है। इसी के मद्देनजर सुपौल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में एक संदिग्ध वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने उक्त वाहन से 358.200 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है तथा चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा वाहन चालक की पहचान सुब्रोतों मंडल के रूप में कर ली गई जो साकिन देवगाविलपरा थाना चकुली जिला उत्तरी दिनाजपुर पंश्चिम बंगाल का रहने वाला है।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात की मौत

**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा-सिवान रेलखंड के एकमा स्टेशन के समीप आज सोमवार को ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति लगभग(65) की मौत हो गई।

एकमा राजकीय रेल थाना सूत्रों ने बताया कि स्टेशन के पूरबी गुमटी के समीप एक शव देखकर इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची राजकीय रेल पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया। पहचान नहीं होने पर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने के साथ ही अगले 72 घंटा तक सुरक्षित रखने और सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान कराने का प्रयास करने की जानकारी सूत्रों ने दी है।

# टी20 में अफगानिस्तान के खिलाफ कैसा है टीम इंडिया का रिकॉर्ड?

● **2024 में दो सुपर ओवर से निकला था नतीजा**

**नई दिल्ली** । भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का आगाज 13 सितंबर से होने जा रहा है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में इस सीरीज में टीम इंडिया का पलड़ा भारी माना जा रहा है, लेकिन अफगानिस्तान का रिकॉर्ड भी पिछले कुछ समय में इस फॉर्मेट में कमाल का रहा है। हालांकि, टी20 इंटरनेशनल में भारत का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के खिलाफ अब तक कमाल का रहा है। दोनों देशों के बीच अब तक कुल 9 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 8 मैचों में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है। वहीं, एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। यानी अफगानिस्तान को क्रिकेट के सबसे



छोटे फॉर्मेट में भारत के खिलाफ अब तक जीत नसीब नहीं हो सकी है। साल 2024 में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला गया टी20 इंटरनेशनल मुकाबला टाई जरूर रहा था। इस मैच का नतीजा दो सुपर ओवर खेले जाने के बाद निकला था, जहां टीम इंडिया आखिर में बाजी मारने में सफल रही थी। टी20 में भारत और अफगानिस्तान की आखिरी भिड़ंत विश्व कप 2024 में हुई थी, जहां भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 47 रनों से जीत दर्ज की थी। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है।

## अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में इन भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेंगी निगाहें

**नई दिल्ली** । भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का आगाज 13 सितंबर से होने जा रहा है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टीम इस सीरीज में दमदार प्रदर्शन करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। आइए आपको उन भारतीय खिलाड़ियों के नाम बताते हैं, जिनके प्रदर्शन पर इस सीरीज में खासतौर पर निगाहें होंगी।

**वैभव सूर्यवंशी:** इंग्लैंड और फिर जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा रहे वैभव को अफगानिस्तान के खिलाफ भी मौका दिया गया है। 15 वर्षीय बल्लेबाज के प्रदर्शन पर इस सीरीज में खासतौर पर निगाहें होंगी। वैभव अफगानिस्तान के स्पिनर्स के खिलाफ किस अप्रोच से खेलते हैं यह देखना दिलचस्प होगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ आखिरी टी20 में वैभव ने 81 रनों की दमदार पारी खेली थी। वह दलीप ट्रॉफी में भी अच्छी फॉर्म में नजर आए हैं।



**जसप्रीत बुमराह:** अफगानिस्तान के खिलाफ ब्रेक के बाद टीम में वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन पर हर किसी की नजरें रहेंगी। बुमराह ने अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मुकाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। बुमराह अगर अपनी लय में नजर आए, तो वो अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के लिए बड़ा सिरदर्द साबित हो सकते हैं।

**संजू सैमसन:** इंग्लैंड के खिलाफ फ्लॉप शो के बाद संजू सैमसन को जिम्बाब्वे के खिलाफ हुई टी20 सीरीज में टीम में जगह नहीं दी गई है। ऐसे में संजू के ऊपर इस सीरीज में खुद को फिर से साबित करने का दबाव होगा। आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में सैमसन सिर्फ 5 रन ही बना सके थे। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ वह दो मुकाबलों में 28 रन ही बना सके थे।

**रवि बिश्नोई:** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज में रवि बिश्नोई का प्रदर्शन दमदार रहा था। विकेट चटकाने के साथ-साथ बिश्नोई काफी किफायती भी रहे थे। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर बिश्नोई के प्रदर्शन पर हर किसी की निगाहें होंगी। बिश्नोई इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन करके भारत की टी20 टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे।

**नीतीश कुमार रेड्डी:** अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में नीतीश कुमार रेड्डी के पास खुद को बतौर ऑलराउंडर साबित करने का बढ़िया मौका होगा। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि नीतीश इंजरी से लौटने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं।




**यूएस ओपनः एम्मा नवारो ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह**

# कलिनस्काया को सीधे सेटों में दी मात

**न्यूयॉर्क** । अमेरिका की एम्मा नवारो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन 2026 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए चौथे दौर के मुकाबले में एना कलिनस्काया को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराया। नवारो ने मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और कलिनस्काया को वापसी का ज्यादा मौका नहीं दिया। पहले सेट को 6-4 से जीतने के बाद उन्होंने दूसरे सेट में और आक्रामक खेल दिखाया और 6-2 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। 25वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यह उनके करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है। अब वह फ्लशिंग मीडोज में 2024 वाले अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेंगी, जब वह पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं। नवारो ने पहला सेट जीतने के बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ खेल दिखाया। दूसरे सेट में उन्होंने 5-1 की बड़ी बढ़त बनाई। एना कलिनस्काया ने एक बार सर्विस ब्रेक लेकर वापसी की कोशिश की, लेकिन वह मैच का रुख नहीं बदल सकीं। इसके बाद नवारो ने आठवें गेम में फिर से कलिनस्काया की सर्विस तोड़ी और सिर्फ 1 घंटा 21 मिनट में 6-4, 6-2 से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। खास बात यह रही कि कलिनस्काया इससे पहले नवारो के खिलाफ दोनों मुकाबले जीत चुकी थीं, लेकिन इस बार अमेरिकी खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हिसाब बराबर कर दिया। यह नवारो के करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है। इससे पहले वह विंबलडन 2024, यूएस ओपन 2024 और ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुकी हैं।

इस जीत के बाद एम्मा नवारो का अगला मुकाबला उनकी हमवतन खिलाड़ी और तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला का रिकॉर्ड नवारो के खिलाफ काफी मजबूत रहा है। दोनों के बीच अब तक चार मैच हुए हैं और पेगुला ने सभी में जीत हासिल की है। दोनों की सबसे हालिया भिड़ंत पिछले महीने सिनसिनाटी टूर्नामेंट में हुई थी, जहां पेगुला ने नवारो को 7-5, 6-2 से हराया था। ऐसे में



## सितसिपास को हराकर शेल्टन ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

**न्यूयॉर्क** । अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन शानदार फॉर्म में हैं और उनका यूएस ओपन अभियान सही समय पर रफ्तार पकड़ चुका है। आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन ने चौथे दौर के मुकाबले में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। शेल्टन ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाया और सितसिपास को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और तीनों सेट आसानी से जीते। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शेल्टन का सामना मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज से होगा। बेन शेल्टन के लिए यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल तक का सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा। टूर्नामेंट के शुरुआती तीन मैचों में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। टैलन ग्रीकस्पूर, ह्यूबर्ट हरकाज और डेनिस शापोवालोव के खिलाफ उन्हें जीत के लिए चार-चार सेट खेलने पड़े। हालांकि, चौथे दौर में शेल्टन ने अपना सबसे बेहतरीन खेल दिखाया। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने स्टेफानोस सिटसिपास को कोई मौका नहीं दिया और पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। शेल्टन ने सिर्फ 1 घंटा 51 मिनट में जीत हासिल की। बेन शेल्टन ने यूएस ओपन में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह अपने करियर में छठी बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। वहीं, यूएस ओपन में यह दूसरी बार है जब उन्होंने अंतिम आठ में जगह बनाई है। शेल्टन ने 2023 में भी यूएस ओपन में शानदार प्रदर्शन किया था। उस समय वह टूर्नामेंट में सिर्फ दूसरी बार खेल रहे थे, लेकिन सेमीफाइनल तक पहुंचने में सफल रहे थे।

हाल के महीनों में भी शेल्टन का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। विंबलडन के बाद शुरू हुए नॉर्थ अमेरिकन हार्ड-कोर्ट सीजन में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 12-2 का रहा है, जो उनकी शानदार फॉर्म को दिखाता है। इसी दौरान उन्होंने मॉन्ट्रियल में अपना दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब भी जीता। इसके अलावा, शेल्टन लगातार मजबूत खिलाड़ियों को हराते हुए आगे बढ़ रहे हैं। स्टेफानोस सितसिपास को हराने से पहले भी उन्होंने ऐसे खिलाड़ियों को मात दी, जो कभी एटीपी रैंकिंग के टॉप-10 में रह चुके हैं। स्टेफानोस सिटसिपास भी इस मुकाबले में अच्छे आत्मविश्वास के साथ उतरे थे। उन्होंने यूएस ओपन में मजबूत खिलाड़ियों को हराकर चौथे दौर तक का सफर तय किया था।

**दलीप ट्रॉफी**

## ईशान किशन ने रचा इतिहास

**250 रनों की यादगार पारी खेलकर लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी**

**चेन्नई** । दलीप ट्रॉफी 2026 का फाइनल मुकाबला ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। खिताबी मुकाबले के दूसरे दिन ईस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 250 रनों की यादगार पारी खेलकर इतिहास रच दिया है। ईशान ने अपना दोहरा शतक 270 गेंदों में पूरा किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने रिटायर्ड हर्ट होकर ड्रेसिंग रूम लौटने से पहले 301 गेंदों



का सामना करते हुए 250 रनों की लाजवाब पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान ईस्ट जोन के कप्तान ने 27 चौके लगाए, जबकि 7 छक्के उनके बल्ले से निकले। ईशान अरुण लाल और सबा करीम के बाद ईस्ट जोन की तरफ से दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने। हालांकि, ईशान दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में शतक लगाने वाले ईस्ट जोन के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। ईशान से पहले खिताबी मुकाबले में ईस्ट जोन के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड ऋद्धिमान साहा के नाम दर्ज था, जिन्होंने 2012 के फाइनल में 170 रन बनाए थे। ईशान ओवरऑल दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में 200 या उससे ज्यादा रनों की पारी खेलने वाले सातवें बल्लेबाज बन हैं।

इसके साथ ही बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज वह दलीप ट्रॉफी के फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बने हैं।

# मोहम्मद शमी के लिए टीम के दरवाजे बंद मत करो

● **पूर्व भारतीय बॉलिंग कोच ने सेलेक्टर्स और हेड कोच से लगाई गुहार**

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व बॉलिंग कोच भरत अरुण ने चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और हेड कोच गौतम गंभीर से मोहम्मद शमी के लिए भारतीय टीम के दरवाजे खुले रखने की अपील की है। अरुण का कहना है कि घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद सेलेक्टर्स ने इस अनुभवी तेज गेंदबाज को बहुत जल्दी नजरअंदाज कर दिया। शमी ने में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल के बाद से टीम इंडिया के लिए कोई मैच नहीं खेला है। जहां प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और गुरनूर बरार जैसे युवा तेज गेंदबाज सभी प्रारूप में जगह बनाने के लिए होड़ में हैं वहीं शमी घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में लगातार प्रभावित कर रहे हैं और अभी अपना 100वां फर्स्ट-क्लास मैच खेल रहे हैं।



### शमी के लिए टीम के दरवाजे बंद नहीं करनी चाहिए

भरत अरुण ने नेशनल टीम में मोहम्मद शमी की वापसी का समर्थन किया है। 'द इंडियन एक्सप्रेस' से बात करते हुए अरुण ने कहा कि जब तक शमी अच्छा प्रदर्शन करते रहते हैं तब तक उम्र उनके सिलेक्शन में रुकावट नहीं बननी चाहिए। अरुण ने कहा कि उन्हें शमी के लिए दरवाजे बंद नहीं करने चाहिए थे।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता चीन मास्टर्स खिताब

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने चीन के हे जी टिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी को हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 का खिताब अपने नाम कर लिया।

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार (6 सितंबर) को शानदार वापसी करते हुए तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में चीन के हे जी टिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी को हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 का खिताब अपने नाम कर लिया। वर्ष 2023 और 2025 के चरणों में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग की जोड़ी यहां अपना तीसरा फाइनल खेल रही थी। इस भारतीय जोड़ी ने एक घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में हे और रेन की दुनिया की पूर्व चौथे नंबर की जोड़ी को 11-21, 21-13, 21-17 से शिकस्त दी। सात्विक ने क्या कहा करियर की 10वीं बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर जीत दर्ज करने के बाद सात्विक ने कहा, 'यहां खेलना हमेशा अच्छा रहा है।



### आज हमारी रणनीति काम कर गई

सात्विक ने कहा, 'इस बार भी हम चोट से वापसी के बाद यहां आए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट हमारे लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा है। मुझे लगता है कि इस पूरे सप्ताह की कहानी भी कुछ ऐसी ही रही। पहले दौर को छोड़ दें तो हमने लगभग हर मुकाबला तीन गेम में खेला है। हम यहां आने से पहले ही अपनी रणनीति तैयार करके आए थे। हम उसे लागू करना चाहते थे। अगर वह काम करता तो बहुत अच्छा और अगर नहीं करता तो हम वापस जाकर फिर से उस पर काम करते। मुझे लगता है कि आज हमारी रणनीति काम कर गई। हमने आखिरकार उस सिलसिले को तोड़ दिया और 2026 में अपना दूसरा खिताब जीता। इस जीत से बहुत खुश हूं।'

# *रिंकू की टीम ने भुवी की लखनऊ को 94 रनों से हराया*




**नई दिल्ली।** रिंकू सिंह की अगुआई वाली मेरठ मेवरिक्स ने रविवार (6 सितंबर) को भुवनेश्वर कुमार की अगुआई वाली लखनऊ फॉल्कंस को 94 रनों से हराकर यूपी टी20 लीग 2026 का खिताब जीता। मेरठ ने दूसरी बार खिताब जीता। इससे पहले 2024 में माधव कौशिक की कप्तानी में मेरठ ने पहले सत्र का खिताब जीता था। 2025 में भी टीम फाइनल खेली थी।

मेरठ मेवरिक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिव्यांश जोशी की शतक की मदद से 20 ओवर में 7 विकेट पर 203 रन बनाए। इसके जवाब में लखनऊ फॉल्कंस की टीम 16 ओवर में 109 रन पर आउट हो गई। मेरठ के लिए विशाल चौधरी ने 4 विकेट झटके। इस तरह मेरठ ने लखनऊ की टीम से क्वालिफायर-1 में हार का बदला भी ले लिया।

**अभिनंदन सिंह ने 40 रन देकर तीन विकेट लिए-** स्वास्तिक चिकारा ने 14 गेंदों पर 18 रन बनाए, जबकि ऋतुराज शर्मा ने 17 गेंदों पर 24 रन बनाए। अक्षय दुबे ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाए, जिसमें दो छक्के शामिल थे। यश गर्ग 21 गेंदों पर 16 रन बनाकर नॉट आउट रहे। लखनऊ फाल्कंस के लिए अभिनंदन सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने चार ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार, विप्रज निगम और अजीत वर्मा ने एक-एक विकेट लिया।

### दिव्यांश जोशी ने 40 गेंद पर ठोके 105 रन

मेरठ मेवरिक्स के लिए दिव्यांश जोशी ने सिर्फ 40 गेंदों पर 12 चौकों और 7 छक्कों की मदद से जबरदस्त 105 रनों की पारी खेली। उनकी जबरदस्त पारी 262.5 के शानदार स्ट्राइक रेट से आई, जिसने मेवरिक्स को 200 के स्कोर के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। मेरठ ने पूरी पारी में 10.2 रन प्रति ओवर के रनरेट से रन बनाए रखा। इससे लखनऊ फाल्कंस के सामने मुश्किल लक्ष्य रखा।

## भारत को 2021 में हराने के बाद शुरू हुई बर्बादी

● **पाकिस्तानी टीम की बदहाली पर बोले मोहम्मद यूसुफ**

**नई दिल्ली।** मोहम्मद यूसुफ ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की बदहाली का कारण 2021 टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मिली जीत को बताया। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि पांच साल पहले भारत के खिलाफ मिली 10 विकेट की जीत का पाकिस्तान टीम पर बुरा असर पड़ा। खिलाड़ियों को लगने लगा कि उन्होंने उन्होंने कुछ बड़ा हासिल कर लिया है। हर कोई पाकिस्तान का कप्तान बनने के बारे में सोचने लगा। मोहम्मद यूसुफ ने समा टीवी पर कहा, '2021 में भारत के खिलाफ जो मैच हमने जीता, उससे हमें बहुत नुकसान हुआ। क्योंकि उस जीत के बाद खिलाड़ियों को लगने लगा कि उन्होंने कुछ बड़ा हासिल कर लिया है। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि उन्हें आगे क्या करना है। जब आप अच्छा परफॉर्म कर रहे हों, तो आपको विनम्र रहना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्भवती युवती की हत्या जंगल में मिला शव; प्रेमी गिरफ्तार

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुरहू थाना क्षेत्र के पंगुरा गांव के जंगल से रविवार को 19 वर्षीय आठ माह की गर्भवती युवती का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। पोस्टमार्टम के दौरान उसके गर्भ से मृत शिशु भी मिला। पुलिस ने मामले में दोहरे हत्याकांड की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर प्रेमी सागर ओड़ेया (20) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मृतका अड़की थाना क्षेत्र की रहने वाली थी और करीब दो वर्षों से सागर के साथ प्रेम संबंध में थी। गर्भवती होने के बाद वह सागर पर उसे और होने वाले बच्चे को साथ रखने का दबाव बना रही थी। इसी बीच सागर ने करीब दो माह पहले ढुकू प्रथा के तहत दूसरी युवती को घर में रख लिया, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। 2 सितंबर को अजन्मे बच्चे के हक की मांग को लेकर युवती सागर के घर पहुंची थी। इसके बाद 4 सितंबर से वह लापता थी। तलाश के दौरान उसका शव पंगुरा के जंगल में मिला। डीएसपी मंगल सिंह जामुदा और थाना प्रभारी गॉडविन केरकेट्टा ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में सागर ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि विवाद से बचने के लिए वह युवती को बहला-फुसलाकर जंगल ले गया और वहां उसकी हत्या कर दी। मामले की जांच जारी है।

### गैस सिलेंडर फटने से जीजा-साला की मौत गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**नौडीहा बाजार, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव के टोला हबरुआ निवासी राजेंद्र राम और उनके साले(बिहार के निवासी) की दिल्ली में गैस सिलेंडर फटने से मौत हो गई। दोनों दिल्ली एयरपोर्ट पर मजदूरी का काम करते थे। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात दोनों घर में खाना बना रहे थे। इसी दौरान गैस सिलेंडर फटने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन दिल्ली पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद सोमवार सुबह करीब 11 बजे दोनों के शव गांव लाए। शव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। दोनों कई वर्षों से दिल्ली में काम कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### बिजली के तार ने ली जंगली हाथी की जान झुंड के गांव में घुसने से मचा हड़कंप



**लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोमर गांव में रविवार देर रात बिजली के तार की चपेट में आने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, हाथियों का झुंड गांव में घुस आया था। इसी दौरान एक हाथी बिजली के तार की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। झुंड के कुछ अन्य हाथियों के घायल होने की भी आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# झारखंड परियोजना में लोकल सेल चालू करने की मांग

## जेएलकेएम ने उठाया स्थानीय रोजगार और जनसुविधाओं का मुद्दा



**रामगढ, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की ओर से झारखंड कोलियरी क्षेत्र से जुड़े स्थानीय लोगों की समस्याओं, रोजगार एवं जनसुविधाओं को लेकर झारखंड उत्खनन परियोजना के परियोजना पदाधिकारी को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में कई महीनों से बंद पड़े लोकल सेल को अविलंब चालू करने, आउटसोर्सिंग कंपनियों में 75 प्रतिशत विस्थापित एवं प्रभावित लोगों को रोजगार देने तथा कार्यरत मजदूरों को एचपीसी दर पर मानदेय देने की मांग की गई।

जेएलकेएम ने एक करोड़ रुपये तक के संवेदक कार्य स्थानीय बेरोजगारों को सीधे देने, लोकल सेल में लेबर लोडिंग की दर 2,500 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये करने तथा सीएसआर मद से रामगढ़ एवं हजारीबाग के महाविद्यालयों के लिए बस की व्यवस्था करने की मांग रखी। इसके अतिरिक्त सीएसआर मद से स्वास्थ्य सुविधा एवं एंबुलेंस उपलब्ध कराने, स्थानीय लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने तथा युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू करने की मांग की गई। किसी रैयत अथवा विस्थापित की मृत्यु होने पर दाह-संस्कार एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए कोयला उपलब्ध कराने तथा रोड सेल के कोयले में 75 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को बेसिक दर पर देने की मांग भी की गई। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने कहा कि स्थानीय लोगों के रोजगार, अधिकार एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़े इन मांगों पर प्रबंधन गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र समाधान करे। यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। मांग पत्र की प्रतिलिपि सीएमडी रांची, महाप्रबंधक हजारीबाग क्षेत्र, उपायुक्त रामगढ़ एवं संबंधित थाना प्रभारी को भी दी गई। मौके पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह रैयत रवि कुमार महतो, अनूप महतो, मिथलेश महतो, कुमार विवेक, जलेश्वर महतो, कृष्णा महतो, अर्जुन महतो, अभिनाश महतो, राजकुमार महतो, शशि महतो,पिंटू महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। अशोक महतो, योगेश महतो, कुलदीप महतो, तुलेश्वर महतो, पवन महतो, प्रशांत कुमार, दिनेश महतो, राकेश महतो आदि थे।

# 8 सितंबर को पूरी तरह बंद रहेगा गिद्दी पुल, जरूरी काम आज ही निपटा लें

## गिद्दी पुल पर मरम्मत कार्य जारी, कुछ दिनों बाद चलेगा वाहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** दो जिलों को आपस में जोड़ने वाला गिद्दी पुल क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस पुल से 24 घंटे में हजारों भारी वाहनों का आवागमन होता है। इसके अलावा सैकड़ों हल्के वाहन भी प्रतिदिन इस पुल से गुजरते हैं।

सीसीएल के औद्योगिक इकाई क्षेत्र के लिए भी यह पुल अहम भूमिका निभाता है। रामगढ़ जिले के कुजू मार्ग से होते हुए यह पुल गिद्दी, डाड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय, गिद्दी सी परियोजना, गिद्दी ए परियोजना, अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय, अरगड्डा परियोजना से लेकर नईसराय तक को जोड़ता है। वहीं गिद्दी से भुरकुंडा को भी सीधे तौर पर जोड़ता है।

गिद्दी पुल पर निर्माण एवं मरम्मत कार्य को लेकर 8 सितंबर को पुल पूरी तरह बंद रहेगा। ऐसे में भुरकुंडा से गिद्दी या गिद्दी से भुरकुंडा आने-जाने वाले लोगों से अपील की गई है कि यदि कोई जरूरी काम है तो उसे आज ही निपटा लें। बताया जा रहा है कि गिद्दी पुल का आवश्यक मरम्मत कार्य पूरा किया जाना है। संवेदक के अनुसार, कार्य के दौरान कुछ दिनों तक पुल को बंद रखा जा सकता है, ताकि पुल की मरम्मत का काम पूरी मजबूती के साथ पूरा किया जा सके। गिद्दी पुल को भुरकुंडा, कुजू और रामगढ़ जिले को हजारीबाग जिले के गिद्दी एवं डाड़ी क्षेत्र से जोड़ने वाली जीवनरेखा माना जाता है।

पुल पर मरम्मत कार्य के कारण लोगों को परेशानी जरूर होगी, लेकिन पुल को लंबे समय तक सुरक्षित और मजबूत बनाए रखने के लिए कुछ दिनों की परेशानी सहन करना जरूरी है।जैसे घर की छत की ढलाई जैसे कार्य में भी मजबूती के लिए कुछ दिनों तक इंतजार किया जाता है, उसी तरह पुल की मरम्मत में भी लोगों का सहयोग आवश्यक है।

लोगों से अपील की गई है कि पुल बंद रहने के दौरान वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें तथा दोनों जिलों के प्रशासन एवं निर्माण कार्य से जुड़े निर्देशों का पालन करें।

# लायंस क्लब ऑफ रांची अंबर का द्वितीय इंस्टॉलेशन, सेवा कार्यों को मिलेगा नया आयाम



**रांची, नवबिहार टाइम्स, ब्यूरो।** समाजसेवा, जरूरतमंदों की सहायता एवं जनकल्याण के उद्देश्य से लायंस क्लब ऑफ रांची अम्बर वर्ष 2026-27 का विधिवत नए टीम का संस्थापन किया गया। मुख्य अतिथि एक्सआईएसएस निर्देशक जोसफ मरियाणूस कुजूर, वाईबीएन यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर, रामजी यादव, एक्सआईएसएस प्रोफेसर डा. निरंजन साहू, सीयूजे प्रोफेसर प्रो. संचिता सुचारिता, सीयूजे प्रोफेसर प्रो. बीबी मिश्रा, झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता बालेश्वर यादव सहित मौजूद रहे। इस मौके पर क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पिछले वर्ष के सेवा कार्यो का प्रस्तुतीकरण करते हुए इस वर्ष समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का संकल्प लिया। इस वर्ष क्लब जिम्मेदारी अध्यक्ष लायन नीरज कुमार, सचिव लायन रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष लायन पंकज साहू को सौंपा गया।

कार्यक्रम के दौरान हाल ही में नेपाल में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए लायंस क्लब ऑफ रांची अंबर के सदस्यों द्वारा 11 हजार की आर्थिक सहायता लायन डिस्ट्रिक्ट 322 ए टीम को प्रदान की गई। इस सहायता का उद्देश्य नेपाल बाढ़ त्रासदी से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाना है।

डिस्ट्रिक्ट टीम द्वारा विभिन्न लायंस क्लबों के सहयोग से एकत्रित सहायता राशि एवं संसाधनों के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं सहायता कार्य किए जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रक्तदान, नेत्र जांच एवं अन्य जनसेवा से जुड़े कार्यो को बढ़ावा देना है।

# एक दिवसीय जागरूकता सह प्रशिक्षण शिविर संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मांडू (रामगढ़)।** जिले के मांडू क्षेत्र स्थित मांडूडीह पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय एक दिवसीय जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के निदेशक सह जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मो. अतहर अली ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मांडूडीह पंचायत के मुखिया बैजनाथ राम उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शाहीद सिद्दीकी, लीड्स के जिला समन्वयक उमेश कुमार, जयराम साहू एवं कुलदीप मेहता शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान मो. अतहर अली ने झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुमित कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। संस्था की ओर से पंचायत के मुखिया बैजनाथ राम को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मो. अतहर अली ने कहा कि शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों तथा भारत सरकार एवं झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी पात्र दिव्यांगजन सरकारी सुविधाओं एवं अपने अधिकारों से वंचित न रहे। कार्यक्रम में दिव्यांग रविंद्र कुमार ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रमुख प्रावधानों एवं दिव्यांगजनों के अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने पंचायत स्तर से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि पात्र लाभार्थी विभिन्न स्वरोजगार एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए पंचायत स्तर से आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कोऑर्डिनेटर गुड़िया कुमारी गुप्ता ने विशेष रूप से 06 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग छात्र-छात्राओं की शिक्षा एवं उनके अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को लेकर सरकार द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है। जो दिव्यांग छात्र-छात्राएं किसी कारणवश नियमित रूप से विद्यालय नहीं जा पाते हैं, उनके नाम को केवल अनुपस्थिति के आधार पर विद्यालय से नहीं काटा जाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को शिक्षा से जुड़ी सरकारी सुविधाओं एवं सहयोग की पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्था हमेशा दिव्यांगजनों के साथ खड़ी है और उनके हित में अहम सहयोग करती रहेगी। कार्यक्रम में 125 दिव्यांगजन, उनके अभिभावक एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। दिव्यांगजनों ने सरकारी योजनाओं, शिक्षा, यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक सुरक्षा एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को भी रखा। मौके पर गुड़िया कुमारी गुप्ता, अंजली कुमारी सहित लीड्स संस्था के सोशल वॉलिंटियर शिव शंकर गंझू, रूबी देवी, सीमा कुमारी, विभा कुमारी, सीमा कुमारी, संजना देवी, दिलीप टुडू एवं अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सोन नदी किनारे नाव बांधने को लेकर खूनी विवाद 26 साल बाद चार दोषियों की सजा बरकरार

## हाईकोर्ट ने खारिज की आपराधिक अपील, भवनाथपुर थाना कांड संख्या 50/2000 से जुड़ा है मामला

**गढ़वा/रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गढ़वा जिले के भवनाथपुर थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव में वर्ष 2000 में सोन नदी के किनारे नाव बांधने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की मौत के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने मामले में दोषी ठहराए गए रामबृक्ष चौधरी, लखन चौधरी, रमेश चौधरी और रामाशीष चौधरी की ओर से दायर आपराधिक अपील को खारिज कर दिया।मूल रूप से यह अपील पांच अपीलकर्ताओं द्वारा दायर की गई थी, उनमें से एक अपीलकर्ता, अर्थात दीपन चौधरी की इस अपील के लंबित रहने के दौरान मृत्यु हो गई और दिनांक 03.07.2026 के आदेश के द्वारा उसकी अपील उपशमित कर दी गई थी।

मामला भवनाथपुर थाना कांड संख्या 50/2000 का है। न्यायालय में प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार, 17 सितंबर 2000 की शाम करीब चार बजे सोन नदी के किनारे नाव बांधने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप था कि दीपन चौधरी और उसके बेटे रामाशीष, रामबृक्ष, लखन एवं रमेश चौधरी लाठी, भाला और तलवार जैसे हथियारों से लैस होकर पहुंचे और दिलीप चौधरी के साथ मारपीट शुरू कर दी।बताया गया कि बेटे को बचाने के लिए उसके पिता कैलाश चौधरी मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस दौरान अन्य लोगों के साथ भी मारपीट किए जाने की बात सामने आई। गंभीर रूप से घायल कैलाश चौधरी की बाद में मौत हो गई।

मामले की सुनवाई के बाद निचली अदालत ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। निचली अदालत के इस फैसले को चुनौती देते हुए आरोपियों ने हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दायर की थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अपील खारिज करते हुए निचली अदालत के फैसले और चारों दोषियों की सजा को बरकरार रखा। करीब ढाई दशक पुराने इस मामले में हाईकोर्ट के फैसले से निचली अदालत के निर्णय पर मुहर लग गई है। सोन नदी किनारे नाव बांधने को लेकर शुरू हुआ विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया था, जिसमें कैलाश चौधरी की जान चली गई थी।

# करमा महोत्सव को ले बैठक, विधायक जयराम महतो होंगे मुख्य अतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामगढ़।** जिले के गोला अंचल क्षेत्र के सरलाखुर्द गांव स्थित बड़काटांड़ मोहल्ले में करमा महोत्सव को सफल बनाने को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में महोत्सव की तैयारियों, व्यवस्था एवं कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 18 सितंबर को आयोजित होने वाले करमा महोत्सव में डुमरी विधायक सह झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

आयोजकों ने क्षेत्र के सभी सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक प्रेमियों सहित आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि करमा पर्व झारखंड की समृद्ध लोक-संस्कृति, परंपरा और प्रकृति प्रेम का प्रतीक है। इस अवसर पर सभी लोगों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। सरलाखुर्द के बड़काटांड़ में आयोजित तैयारी बैठक में मुख्य रूप से संतोष चौधरी, अशोक चक्रपानी, मुख्तार अंसारी, शिवचरण महतो, चौहान मुंडा, दिलु महतो, अजय महतो, अलेख महतो, आनंद महतो, केदार महतो, बिनोद कुमार, घनश्याम महतो, भीम महतो, गोपेश्वर महतो, राजू महतो, किटन महतो, भूदेव महतो, सुदर्शन कुमार, निरंजन कुमार, तेजलाल महतो, जयकिशुन महतो, सुबोध महतो, छोलेश्वर महतो, बढ़ान महतो, मलिन कु, भिखारी महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# भारत गैस एजेंसी में बड़ी चोरी, 2.59 लाख नकद और जेवर ले उड़े चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हैदरनगर (पलामू)।** भाई बिगहा स्थित भारत गैस एजेंसी के कार्यालय में रविवार रात चोरों ने सेंधमारी कर 2 लाख 59 हजार 478 रुपये नकद समेत सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। चोर पीछे के रास्ते से प्रथम तल स्थित कार्यालय में घुसे और वारदात से पहले बिजली मीटर व सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया।

इसके बाद दराज का ताला तोड़कर तीन दिनों की बिक्री की नकदी, सोने का लॉकेट, अंगूठी और चांदी की पायल लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी तंजीलुल मन्नान ने बताया कि आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# हाइवा की चपेट में आने से स्थानीय व्यक्ति की मौत, आठ घंटे सड़क जाम

## लोगों ने हाइवा चालक को पकड़ा, मुआवजे की मांग को लेकर आवागमन ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** गिद्दी से रामगढ़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर बुंडू गांव के समीप सोमवार अहले सुबह तेज रफ्तार हाईवा (ट्रिप ट्रेलर) की चपेट में आने से एक स्थानीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई।

दुर्घटना के बाद हाईवा भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने गिद्दी-रामगढ़ मुख्य मार्ग को करीब आठ घंटे तक जाम कर दिया, जिससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप रहा। लोगों ने हाईवा चालक को पकड़ लिया और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गिद्दी थाना क्षेत्र के बुंडू गांव निवासी जीतन मांझी (58 वर्ष) सोमवार अहले सुबह करीब तीन बजे शौच के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान गिद्दी की ओर से रामगढ़ की तरफ जा रहे 18 चक्का हाईवा ट्रक जेएच 02 बीटी 3352 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

टक्कर के बाद हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में जीतन मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। लोगों ने गिद्दी-रामगढ़ मार्ग को जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना था कि ट्रांसपोर्टिंग में लगे बड़े मालवाहक वाहन इस मार्ग पर काफी तेज रफ्तार से चलते हैं। इसके कारण क्षेत्र में लगातार कई वर्षों से सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी पहल नहीं की गई है।

ग्रामीणों में रोहन लाल बेदिया, सुखदेव बेदिया, मुकेश कुमार बेदिया, राजू बेदिया, निरंजन कुमार बेदिया, महेंद्र बेदिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं।

घटना की सूचना मिलते ही गिद्दी थाना प्रभारी मो. इकबाल हुसैन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने दुर्घटना की पूरी जानकारी ली और आक्रोशित लोगों को समझाकर सड़क जाम हटाने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रामगढ़ सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

### महिलाओं पर गिरा वज्रपात, मौके पर मौत

**सरायकेला-खरसावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुकड़ू प्रखंड के पांडरा गांव में सोमवार दोपहर बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोना मनी महतो (46) और मुक्ता महतो (27) के रूप में हुई है। दोनों खेत में काम कर रही थीं, तभी अचानक ठनका गिरने से दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं, समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर डटे हुए थे।

# डंडिला में जन्माष्टमी-शिक्षक दिवस पर सजा दुगोला का मंच

## अमरनाथ यादव और आलोक कुमार निराला के बीच हुआ शानदार मुकाबला, भक्ति गीतों और लोक संगीत से गूंजा देवी मंदिर परिसर

### देर रात तक झूमे श्रोता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत डंडिला गांव स्थित देवी मंदिर परिसर शनिवार की शाम भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर भक्ति और लोक संस्कृति के रंग में रंग गया। यहां भव्य दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक श्रोता लोकगीतों और भक्ति संगीत की स्वर लहरियों पर झूमते रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी से पूरा परिसर उत्सवी माहौल में तब्दील हो गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा बैठा ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी परंपरा एवं संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डंडिला पंचायत के पूर्व मुखिया अखिलेश पासवान, समाजसेवी राजेश्वर यादव एवं उदेश राजवंशी मौजूद रहे। आयोजकों एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत किया।

दुगोला कार्यक्रम का संचालन डंडिला के युवा व्यास अनिल यादव ने किया। मंच पर व्यास अमरनाथ यादव और आलोक कुमार निराला के बीच शानदार मुकाबला हुआ। दोनों व्यासों ने अपनी गायकी, प्रस्तुति और लोक संगीत की अदायगी से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। एक-दूसरे के जवाब में प्रस्तुत गीतों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई।धार्मिक गीतों और लोक संगीत की मधुर स्वर लहरियों से पूरा देवी मंदिर परिसर गूंजता रहा। जन्माष्टमी की भक्ति और शिक्षक दिवस के सामाजिक संदेश ने आयोजन को और खास बना दिया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा कमेटी के डॉ. निरंजन विश्वकर्मा, आलोक पासवान, सूरज विश्वकर्मा, सुदामा बैठा, मंटू विश्वकर्मा, सत्यनारायण पासवान एवं सूरज कुमार सहित स्थानीय ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर लीला जानकी पब्लिक स्कूल में शोकसभा

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार लीला जानकी पब्लिक स्कूल, रघुनाथपुरम, पेटरवार में सोमवार को झारखंड सरकार के नगर विकास एवं




आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री स्वर्गीय सुदीप कुमार सोनू के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई।विद्यालय के निदेशक नीरज कुमार सिन्हा, प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दिवंगत मंत्री के सम्मान में विद्यालय में अवकाश भी रखा गया। शोकसभा के दौरान विद्यालय परिवार ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सुनील दास, गुरु विकास कुमार, अमन कुमार, अभिषेक खन्ना, अनंत सिन्हा, समीर महादानी, दिवाकर सिंह, शर्मिला चौधरी, पूजा रॉय, रश्मि वर्धन, विद्या ओझा, अंजली कुमारी, खुशबू तिवारी, आर्जु प्रवीण सहित विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने श्रद्धांजलि दी।

### कोटपा कानून उल्लंघन पर पिंडराजोरा थाना क्षेत्र में कार्रवाई, पांच दुकानदारों पर जुर्माना



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर तंबाकू नियंत्रण कानून कोटपा-2003 के प्रभावी अनुपालन को लेकर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र में विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच चालान किए गए और कुल 1200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियान का नेतृत्व पिंड्राजोरा थाना के कोटपा नोडल पदाधिकारी एसआई सुनील कुमार सिंह ने किया। उनके साथ कांस्टेबल दीपक कुमार महतो एवं कांस्टेबल दिलीप विश्वकर्मा भी अभियान में शामिल रहे। जांच के दौरान विभिन्न दुकानों में कोटपा-2003 के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। इस पर चालान संख्या 204151, 204152, 204153 एवं 204154 के तहत प्रत्येक पर 200-200 रुपये का जुमार्ना लगाया गया, जबकि चालान संख्या 204155 के तहत 400 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इस प्रकार कुल पांच चालान के माध्यम से 1200 रुपये की राशि जुमार्ने के रूप में लगाई गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दुकानदारों को तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रचार-प्रसार से बचने की हिदायत दी। साथ ही दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर तंबाकू उत्पादों से संबंधित विज्ञापन, पोस्टर अथवा प्रचार सामग्री नहीं लगाने तथा तंबाकू नियंत्रण कानून के सभी प्रावधानों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोटपा-2003 के उल्लंघन के विरुद्ध आगे भी नियमित रूप से जांच और छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### हॉस्टल में चोरी की नीयत से घुसे तीन युवक, संचालक व स्टाफ पर चाकू से हमला; एक गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चीराचास थाना क्षेत्र में रविवार की रात चोरी की नीयत से एक बॉयज हॉस्टल में घुसे तीन युवकों ने हॉस्टल संचालक और कर्मचारियों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में हॉस्टल संचालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं स्थानीय लोगों और स्टाफ की मदद से एक आरोपी को




पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। घटना पाण्डेपुल के समीप स्थित क्रिएटिव बॉयज हॉस्टल की है। हॉस्टल मैनेजर कुलदीप कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की देर शाम उत्सव वाटिका में हॉस्टल का वार्षिक बैठक एवं काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें हॉस्टल के छात्र, स्टाफ और संचालक रजत कुमार शामिल हुए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी छात्र और स्टाफ हॉस्टल लौटे तो परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे का तार कटा हुआ मिला। गेट खोलते ही हॉस्टल के अंदर से तीन अज्ञात युवक बाहर निकलने का प्रयास करने लगे। संदेह होने पर संचालक और कर्मचारियों ने शोर मचाते हुए उन्हें रोकने की कोशिश की। इसी दौरान तीनों युवकों ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। हमले में संचालक रजत कुमार के कान के समीप, बांह और जांघ में चाकू लगा। गंभीर रूप से घायल रजत कुमार को तत्काल मेडिकेंट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने माइनर सर्जरी की सलाह दी है। घटना में हॉस्टल के दो अन्य स्टाफ भी घायल हुए हैं। इधर, एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही चीराचास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा फरार दोनों आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### डीसीए से सदस्यता रद्द होने पर एस. ए. रहमान ने खटखटाया लोकपाल का दरवाजा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एस. ए. रहमान की सदस्यता रद्द होने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। रहमान ने डीसीए के फैसले के खिलाफ लोकपाल के समक्ष याचिका दायर कर न्याय की मांग की है। उन्होंने अपने निष्कासन को द्वेषपूर्ण और बदले की भावना से प्रेरित बताया है। बताते चलें कि डीसीए ने करीब एक साल पहले अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए पूर्व महासचिव एस. ए. रहमान और एस. बी. सिंह की सदस्यता समाप्त कर दी थी। बीते शनिवार को जेएससीए की वार्षिक आम बैठक में इस फैसले पर मुहर लगा दी गई। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में हुई बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने की, जिसमें प्रदेश भर से करीब 400 सदस्य मौजूद रहे। इसी बैठक में झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस वीरेंद्र सिंह को सर्वसम्मति से संघ का लोकपाल और एथिक्स ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसको लेकर सोमवार को एस. ए. रहमान ने प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखा। रहमान ने कहा कि 16 अगस्त 2024 को सचिव पद से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद से ही उनके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई की जा रही है। उन पर मीडिया में गलत बयानबाजी और एजीएम की तस्वीरें लीक करने का आरोप लगाया गया, जो निराधार है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान केवल 3-4 सामान्य तस्वीरें ली गई थीं, जिसे गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। वित्तीय अनियमितता के आरोपों पर सफाई देते हुए रहमान ने कहा कि 2006 से 2014 तक डीसीए के महासचिव रहते हुए अथवा उसके बाद आज तक उनसे हिसाब-किताब को लेकर कोई पत्र या आधिकारिक नोटिस नहीं दिया गया। उन्होंने डीसीए प्रबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि एसोसिएशन उनके निष्कासन को लेकर जितनी ऊर्जा खर्च कर रही है, अगर उतनी मेहनत चार युवा क्रिकेटरों को तैयार करने में लगाई जाती तो धनबाद से कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल सकते थे। रहमान ने कहा कि उन्हें लोकपाल पर पूरा भरोसा है और उन्हें न्याय मिलेगा। साथ ही सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएंगे।

# मुकेश अग्रवाल बने डीआरयूसीसी सदस्य

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से मुकेश अग्रवाल को जिला रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) का सदस्य नामित किया गया है। उन्हें सत्र 2026-28 के लिए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उनका कार्यकाल दो वर्षों का होगा। मुकेश अग्रवाल के डीआरयूसीसी सदस्य मनोनीत होने पर बोकारो के व्यापारिक और औद्योगिक जगत में खुशी का माहौल है। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक संजय बैद एवं अध्यक्ष मनोज चौधरी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे बोकारो की रेल सेवाओं और यात्री सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उचित मंच पर उठाएंगे। चेंबर के पदाधिकारियों ने कहा कि बोकारो जैसे प्रमुख

## बोकारो की रेल सुविधाओं को लेकर उठाएंगे आवाज



औद्योगिक शहर में रेल सुविधाओं के विस्तार की काफी संभावनाएं हैं। नई ट्रेनों के परिचालन, महत्वपूर्ण ट्रेनों के बोकारो में ठहराव तथा यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि जैसे मुद्दों को लेकर मुकेश अग्रवाल की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। डीआरयूसीसी सदस्य बनाए जाने पर मुकेश अग्रवाल ने बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बोकारो एक प्रमुख औद्योगिक एवं व्यावसायिक शहर है और यहां के उद्योग, व्यापार तथा आम लोगों की जरूरतों को देखते हुए रेल सेवा के व्यापक विस्तार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। वे बोकारो की आवश्यकताओं और रेल यात्रियों की समस्याओं को लगातार उचित मंच पर उठाते रहेंगे। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि बोकारो चेंबर क्षेत्र की जनसमस्याओं और आवश्यकताओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का कार्य पूरी सक्रियता से करता रहेगा।

# डीवीसी चंद्रपुरा में प्रशासनिक शब्दावली एवं टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता संपन्न

**चंद्रपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित हिंदी पखवाड़ा के तहत सोमवार को प्रशासनिक शब्दावली एवं टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजभाषा कार्यान्वयन उपसमिति के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक, प्रभावी एवं व्यावहारिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना तथा प्रशासनिक शब्दावली और टिप्पण-आलेखन संबंधी दक्षता का विकास करना था। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने भाषा ज्ञान, लेखन कौशल एवं प्रशासनिक समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।




प्रतियोगिता के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए रंजीत कुमार निराला, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एवं पूनम कुमारी की निर्णायक मंडली गठित की गई थी। निर्णायकों ने विषय-वस्तु की गुणवत्ता, भाषा की शुद्धता, प्रशासनिक शब्दावली के उचित प्रयोग एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक सत्येंद्र कुमार एवं पवन कुमार, प्रबंधक चंदन कुमार, संजीव कुमार, तापस कुमार मंडल, पार्थ गुइं तथा निर्मल चंद्र कंसबनिक सहित डीवीसी के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन पर प्रतिभागियों एवं आयोजकों की सराहना की गई। इस अवसर पर कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी एवं व्यापक प्रयोग को और अधिक बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

# भारतीय जीवन बीमा निगम ने देश सेवा के शानदार 70 साल किये पूरे : हेमंत मिश्रा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जीवन बीमा निगम की 70वीं वर्ष गांठ के अवसर पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन निगम के गेस्ट हाऊस में किया गया। इस प्रेस वार्ता को बीमा कर्मचारी संघ , हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने संबोधित किए। उन्होंने कहा कि, 1 सितंबर 2026 को, भारतीय जीवन बीमा निगम ने देश की सेवा के 70 शानदार साल पूरा किया है। जैसे ही भारतीय जीवन बीमा निगम अपने 71वें साल में कदम रख रहा है, हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि इसकी सात दशकों की यात्रा एक बेमिसाल सफलता की कहानी है। 1956 में लगाए गए एक छोटे से पौधे से, छक्क भारत के वित्तीय क्षेत्र में बरगद के एक विशाल पेड़ के रूप में विकसित हुआ है । आज, भारतीय जीवन बीमा निगम की कुल संपत्ति 59 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। देश के विकास के लिए किए गए 55 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के कुल निवेश में से, लगभग 40 लाख करोड़ रुपये केंद्र और राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों (सिक्योरिटीज), हाउसिंग, सिंचाई, सड़कों और दूसरे बुनियादी ढांचों में लगाए गए हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम न सिर्फ.मार्केट




लीडर के तौर पर, बल्कि भारतीय इंश्योरेंस सेक्टर में 'मार्केट मेकर' के तौर पर भी तेजी से आगे बढ़ रही है। पॉलिसीधारकों के लिए ₹59,726 करोड़ का रिकॉर्ड बोनस घोषित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5.2% अधिक है। एलआईसी लगभग 99% दावों का निपटारा करती है और दावा निपटान में हमेशा 'विश्व नंबर 1' रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में एलआईसी ने 253.91 लाख दावा का भुगतान किया। भारतीय जीवन बीमा निगम का सॉल्वेंसी रेश्यो 2.35 गुना है। इस 71वें स्थापना दिवस पर, अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ भारतीय जीवन बीमा निगम की सुरक्षा के लिए अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता को फिर से दोहराता है जिसने सात दशकों से लाखों भारतीयों को सुरक्षा दी है। प्रेसवार्ता में संघ के हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा, संगठन सचिव अमित कुमार, सहायक सचिव सुबीर कुमार राम,राकेश कुमार , राहुल प्रसाद,संजय पाठक, रबींद्र दुबे , आशीष रंजन, अभिषेक कुमार , बासु बहादुर, जोगेश्वर राम, चंदन मैत्रा, राजीव साधु अर्णब सिंह, रोहित बर्मन उपस्थित थे।

# मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से झामुमो परिवार में शोक की लहर



**कतरास/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से झारखंड के राजनीतिक एवं सामाजिक जगत में गहरा शोक व्याप्त है। इस दुखद अवसर पर सोमवार को कतरासगढ़ स्थित झामुमो कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। झामुमो के वरीय नेता सह यूनियन नेता रतिलाल टुडू ने नम आंखों से स्वर्गीय सुदीब्य कुमार सोनू के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वातावरण बेहद भावुक और गमगीन रहा। रतिलाल टुडू ने कहा कि सुदीब्य कुमार सोनू का असमय निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में शिक्षा, युवा, खेल, संस्कृति और शहरी विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्रांतिकारी योगदान दिया। उनका सरल व्यवहार, जनसरोकारों के प्रति संवेदनशीलता और लोगों से आत्मीय जुड़ाव सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा, आज झारखंड ने अपना एक समर्पित जनसेवक खो दिया है। विश्वास करना कठिन है कि सुदीब्य कुमार सोनू जी अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी स्मृतियां और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगी। श्री टुडू ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों, समर्थकों और शुभचिंतकों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

## 128 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकों ने दिए आवश्यक परामर्श



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक ऑफ इंडिया के 121वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को सरायढेला शाखा, धनबाद में पाटलीपुत्र हॉस्पिटल, जोड़ाफाटक रोड के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया सरायढेला शाखा के ग्राहकों एवं उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में अस्पताल की ओर से निःशुल्क फिजिशियन परामर्श के साथ बीपी, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, पल्स, ऑक्सीजन लेवल एवं नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में कुल 128 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान कुछ मरीजों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाए जाने पर उन्हें पाटलीपुत्र हॉस्पिटल में आवश्यक जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया सरायढेला शाखा के प्रबंधक श्री गौरव कुमार एवं निवा बूपा से श्री प्रतीक कुमार उपस्थित रहे। पाटलीपुत्र हॉस्पिटल की ओर से फिजिशियन डॉ. मुक्ति किशोर, नेत्र रोग विभाग से प्रशांतो मंडल, मल्लिका एवं पल्लवी तथा नर्सिंग टीम से आमिर, नितेश, गौरी, अलका एवं देवीलाल सहित रवि चौरसिया ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर को ग्राहकों एवं स्थानीय लोगों ने सराहा।

# सुदिव्य सोनू के निधन पर भावुक हुए इरफान अंसारी, बोले- अधूरा सपना मिलकर करेंगे पूरा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के असर्फी अस्पताल में इलाजरत अपने रिश्तेदार से मिलने पहुंचे झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि सुदिव्य सोनू के जाने से जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। वहीं एसएनएमएमसीएच के सर्जिकल आईसीयू में बिजली नहीं रहने से महिला की मौत के मामले पर मंत्री ने मीडिया में चल रही खबरों को दुष्प्रचार बताया। इसके साथ ही छात्रों के आंदोलन को लेकर भाजपा के राज्यव्यापी आंदोलन पर भी उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सुदिव्य कुमार सोनू के निधन को झारखंड के लिए बड़ा सदमा बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने भाई और एक ऐसे साथी को खो दिया है, जो हमेशा सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे। उन्होंने कहा कि सुदिव्य सोनू का अधूरा सपना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सभी लोग मिलकर पूरा करेंगे। साथ ही उन्होंने डॉक्टरों और आम लोगों से अपील की कि किसी भी बीमारी को छिपाना नहीं

## एसएनएमएमसीएच की व्यवस्था पर मंत्री ने कहा- लापरवाही हुई तो किसी को नहीं छोड़ेंगे



चाहिए, क्योंकि बीमारी के गंभीर होने पर स्थिति संभालना मुश्किल हो जाता है। वहीं एसएनएमएमसीएच के सर्जिकल आईसीयू में बिजली नहीं रहने से महिला की मौत के सवाल पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है और मीडिया में इसका दुष्प्रचार किया जा रहा है। हालांकि उन्होंने साफ कहा कि अगर अस्पताल में किसी भी तरह की लापरवाही सामने आती है तो दोषी किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री ने कहा कि धनबाद की स्वास्थ्य व्यवस्था पिछले 20 वर्षों से खराब रही है और उनके पास कोई जादू की छड़ी नहीं है कि पांच साल में पूरी व्यवस्था को चमत्कारिक तरीके से बदल दें। वहीं आंदोलन कर रहे छात्रों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के राज्यव्यापी आंदोलन के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन की भीड़ में कुछ भाजपा के लोग शामिल थे और कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भीड़ में शामिल कुछ लोग युवा नहीं बल्कि गुंडे और दंगाई हैं और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा दो दिवसीय निवारक सतर्कता कार्यक्रम का शुभारंभ




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के सतर्कता विभाग द्वारा आगामी 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026' तथा वर्तमान में संचालित 'तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान' के अंतर्गत 07 सितंबर 2026 से मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में अधिकारियों के लिए दो दिवसीय 'निवारक सतर्कता कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीएसएल के विभिन्न विभागों के कुल 19 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठनात्मक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना तथा निवारक सतर्कता के माध्यम से संभावित जोखिमों की पहचान एवं शमन के साथ-साथ कार्यप्रणालियों के प्रणालीगत सुदृढ़ीकरण को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान सीडीए रूल्स, इंटीग्रिटी पैक्ट, निवारक सतर्कता उपकरण, ऑडिट तंत्र तथा पीसीपी सहित निवारक सतर्कता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की जा रही है। केस स्टडी एवं कार्य-पद्धतियों पर आधारित संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को निवारक सतर्कता, जोखिम प्रबंधन तथा संगठनात्मक कार्यप्रणालियों को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रुप डिस्कशन एवं इंटरैक्टिव सत्रों को भी शामिल किया गया है। इन सत्रों का उद्देश्य सहयोगात्मक अधिगम एवं तार्किक चिंतन को बढ़ावा देने के साथ-साथ संगठनात्मक प्रक्रियाओं में प्रभावी एवं व्यावहारिक निवारक उपायों की पहचान करना है। कार्यक्रम का संचालन बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में सतर्कता विभाग एवं मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस पहल के माध्यम से बीएसएल में सतर्कता के प्रति जागरूकता को और सुदृढ़ करने, निवारक उपायों को अधिक प्रभावी बनाने तथा संगठन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक कार्य-संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK